* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 333

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

अभिनेत्री परिणीति और सांसद राघव उदयपुर पहुंचे, 24 को विवाह के बंधन में बधेंगे, आज शादी की रस्में।






### लैंड फॉर जॉब्स मामले में 4 अक्टूबर को पेशी

# लालू, राबड़ी और तेजस्वी समेत 17 के खिलाफ समन

- तेजस्वी ने कहा, यह कोई पहला और आखिरी मामला नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। सभी को 4 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा है।

लैंड फॉर जॉब्स केस में तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। उनके खिलाफ भी केस चलेगा। सीबीआइ ने पहली बार बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है। उधर, सुशील मोदी ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब्स केस में कोई बच नहीं पायेगा। ललन सिंह ने पुख्ता सबूत दिये हैं।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की तारीख आज

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी की ओर से उन्हें भेजा गया यह चौथा समन है। पिछले तीन समन पर मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका को रद्द करते हुए पहले हाइकोर्ट जाने के लिए कहा था। संभावना है कि मुख्यमंत्री शनिवार को इडी के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं।

# हेमंत ने हाइकोर्ट के दिवंगत न्यायाधीश को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट परिसर पहुंच कर झारखंड उच्च न्यायालय के दिवंगत न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायाधीश कैलाश प्रसाद देव के असामयिक निधन से मन व्यथित है। उनका निधन न्यायिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।



### मारपीट का आरोपी धराया डॉक्टरों की हड़ताल वापस

**रांची।** झारखंड में डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गयी। एमजीएम में आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद हड़ताल वापस ले ली गयी। सुबह 6 बजे से ही मेडिकल सेवाएं बंद थीं, केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चल रही थी। आइएमए सचिव प्रदीप सिंह ने हड़ताल वापस लेने की जानकारी देते हुए कहा कि हमारी मुख्य मांग थी कि डॉक्टर के साथ मारपीट करनेवाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। उनके गिरफ्तार होने की सूचना के बाद हमने हड़ताल वापस ले ली है।

# तीन भारतीय खिलाड़ियों का चीन ने प्रवेश रोका

- एशियन गेम्स में वुशू खेलने जाना था
- भारतीय खेल मंत्री ने चीन दौरा रद्द किया

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ियों के 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं चीन के इस फैसले की निंदा करता हूं। अरुणाचल प्रदेश विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। चीन के इस कदम से राज्य की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आयेगा। चीन के इस कदम पर इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को रोक लगानी चाहिए।

गौरतलब है कि एशियन गेम्स में वुशू इवेंट 24 सितंबर से शुरू हो रहा है। अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ शहर में 19वें एशियन गेम्स में 24 सितंबर को होनेवाले वुशू गेम में हिस्सा लेना था। तीनों खिलाड़ियों के नाम न्येमान वांग्सु, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु हैं। एशियन गेम्स 2023 की इवेंट कमेटी ने खेल में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी थी। दो एथलीट अपने एक्रेडेशन कार्ड डाउनलोड नहीं कर पाये, जो चीन में प्रवेश के लिए वीजा के रूप में काम करता। तीसरे एथलीट को एक्रेडेशन कार्ड मिल गया था। बाद में चीन की ओर से बताया गया कि उसे हांगकांग से आगे यात्रा करने की अनुमति नहीं है।

## न्यूज रील्स

### आतंकियों का मददगार डीएसपी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों की मदद करने के आरोप में गुरुवार को सस्पेंडेड डीएसपी आदिल मुश्ताक को गिरफ्तार किया है। आदिल पर आतंकवादी गतिविधि में शामिल एक आरोपी मुजामिल जहूर से पांच लाख रिश्वत लेने और एक अन्य पुलिस अधिकारी को फंसाने का आरोप है।

### एनडीए में शामिल हुआ कर्नाटक का जेडीएस

**नयी दिल्ली।** जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गया है। जेडीएस के वरिष्ठ नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद घोषणा की। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे।

### ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करनेवाला ढेर

**अयोध्या।** अयोध्या में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करनेवाले आरोपी अनीश को एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गये हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर इलाके में हुआ।

### यूपी विधानसभा में भर्ती घोटाला, जांच का आदेश

**लखनऊ।** एक दशक पहले मध्य प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं को लेकर व्यापम (व्यवसायिक परीक्षा मंडल) घोटाले के खुलासे ने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं। तो अब उत्तर प्रदेश के विधानमंडल के दोनों सदनों में हुई भर्तियों को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए साल 2020-2021 में विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हुई भर्तियों की सीबीआइ जांच के आदेश दिये हैं।

# लड़की का वीडियो वायरल करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

- पीड़ित की मां ने एसपी को दिया था आवेदन

अजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के पुसो थाना अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की के अपहरण, गैंगरेप और वीडियो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि परिजन स्थानीय पुलिस पर मुख्य आरोपी को संरक्षण देने और बचाने का आरोप लगाया है।


केस वापस नहीं लेने पर रांची से बेटी का किया अपहरण
स्थानीय पुलिस ने नहीं की मदद
एसपी से मदद की गुहार

गौरतलब है कि पुसो थाना अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की ने एक स्थानीय व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। उस व्यक्ति पर केस चल रहा है। आरोपी ने लड़की को केस वापस लेने की धमकी दी। जब वह नहीं मानी, तो रांची से उसका अपहरण किया और फिर सामूहिक दुष्कर्म कर वीडियो बनाया। इस वीडियो को गांव में वायरल कर दिया। लड़की की मां ने गुरुवार को गुमला एसपी को इस संबंध में ज्ञापन देते हुए न्याय की गुहार लगायी थी। **'आजाद सिपाही'** अखबार ने शुक्रवार के अंक में मामले को उठाया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लड़की के परिजन शुक्रवार शाम फिर एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी से मुलाकात कर पुसो थाना के थानेदार द्वारा मामले की सही ढंग से जांच नहीं करने और मुख्य आरोपी को छोड़ देने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वीडियो वायरल करने के आरोपी को जेल भेज दिया, लेकिन पूरे मामले का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। परिजनों ने पुसो थाना की पुलिस पर आरोपी को संरक्षण देने और बचाने का आरोप लगाया है।

# फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो मजदूरों की मौत, चार घायल

- एक किलोमीटर दूर तक सुनायी दी ब्लास्ट की आवाज, आसपास के लोग हैं दहशत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी (वार्ड नंबर 33) की एल्यूमीनियम फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर एक बजे भीषण धमाका हो गया। इसमें दो मजदूरों की मौत हो गयी तथा चार से अधिक मजदूर घायल हो गये। घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में भर्ती किया गया है। धमाका इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री के परखच्चे उड़ गये और फैक्ट्री में लगे एस्बेस्टस सेट दूर तक उड़ गये। इस भीषण ब्लास्ट की आवाज एक किमी दूर तक लोगों ने सुनी, जिससे लोग दहशत में आ गये। धमाका से आसपास पूरा धुआं फैल गया तथा इससे आसपास के घरों को भी नुकसान हुआ। लोगों के घरों के खिड़की, दरवाजे आदि के शीशे टूट गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी राजीव कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार प्रजापति दल बल के साथ पहुंचे और जांच में जुट गये। बता दें कि फैक्ट्री में लगभग 50 से 60 मजदूर काम करते हैं। धमाके के समय भी लोग वहां अपने-अपने काम में लगे हुए थे। इस हादसे में जिन दो मजदूरों की मौत हुई, समें रंजीत ठाकुर उम्र 45 वर्ष तथा सूरज देव उम्र 41 वर्ष जिला गया बिहार के निवासी थे। बताते चलें कि पिछले दस सालों से फैक्ट्री में अल्यूमीनियम को गला कर बर्तन बनाया जाता है। यह फैक्ट्री अवध कुमार गुप्ता की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी छोटी-मोटी घटनाएं होती रहीं, पर इतनी बड़ी घटना हो जायेगी इसका अंदाजा नहीं था। आसपास के लोगों का कहना है कि फैक्ट्री को जल्द से जल्द यहां से हटा दिया जाये, ताकि फिर आगे कोई बड़ी घटना ना हो। घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी राजीव कुमार ने कहा कि पुलिस की जांच जारी है।






# महिला आरक्षण बिल हमारा कमिटमेंट थाः मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा, जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिये जाते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद शुक्रवार को भाजपा ने दिल्ली मुख्यालय में जश्न मनाया। महिला कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने महिला कार्यकर्ताओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज देश की हर माता-बहन और बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये अवसर हमें मिला है। आनेवाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और इस निर्णय की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए भाजपा तीन दशक से कोशिश कर रही थी। ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा कर-के दिखाया है। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिये जाते हैं।



### महिला आरक्षण बिल जल्द लागू करे सरकारः राहुल गांधी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लागू किये जाने को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाये हैं। राहुल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल अभी से क्यों नहीं लागू करती। इसमें जनगणना और परिसीमन जैसे नियम क्यों जोड़े गये। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अच्छा कदम है, लेकिन इसमें दो शर्तें लगायी गयी हैं। इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन कराना होगा। इन्हें करने में बहुत साल लगेंगे। महिला आरक्षण को आज से ही लागू किया जा सकता है। भाजपा को इन दोनों शर्तों को हटा कर आरक्षण को तुरंत लागू करना चाहिए।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,100 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में फिर सुलग उठी है कुड़मी आंदोलन की आग

## ■ एसटी का दर्जा देने की मांग के पीछे सामाजिक-राजनीतिक कारण हैं

## ■ राज्य की 22 फीसदी आबादी वाले समुदाय की उपेक्षा नहीं है आसान

**झारखंड में एक बार फिर कुड़मी आंदोलन की आग धधक उठी है। दो दिन पहले राज्य के एक सबसे ताकतवर समुदाय के लोगों ने खुद को आदिवासियों की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल रोको आंदोलन किया। हालांकि सरकार द्वारा इस मुद्दे पर बातचीत का अनुकूल आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल यह आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, लेकिन अभी यह आग पूरी तरह बुझी नहीं है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से ही कुड़मी समुदाय खुद को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग करता आ रहा है। राज्य में इस समुदाय के राजनीतिक महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि अभी झारखंड में कुड़मी विधायकों की संख्या 10 के आसपास है और दो सांसद भी इस समुदाय के हैं। इस समुदाय की आबादी करीब 22 फीसदी है, इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए इनकी उपेक्षा करना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कुड़मियों ने यह मांग क्यों उठायी है। दरअसल वर्ष 1931 तक कुड़मी आदिवासियों की सूची में शामिल थे, लेकिन बाद में इसमें संशोधन किया गया और कुड़मियों का एसटी का दर्जा छिन गया। फिलहाल कुड़मियों को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया है और उन्हें 14 फीसदी आरक्षण हासिल है। क्या है कुड़मी समाज के आंदोलन की पृष्ठभूमि और क्या हो सकता है इसका राजनीतिक असर, बता रहे हैं। आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में कुड़मी समाज के लोग खुद को अनुसूचित जनजाति वर्ग (एसटी) में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कुड़मी समुदाय के लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलकाता हाइकोर्ट ने कुड़मी समाज द्वारा 20 सितंबर को प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को असंवैधानिक बताते हुए प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी, लेकिन झारखंड-ओड़िशा में इस आंदोलन का व्यापक असर पड़ा और डेढ़ सौ से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। ओड़िशा और झारखंड में 'रेल टेका, डहर छेका (रेल रोको-रास्ता रोको)' आंदोलन का असर खूब दिखा। अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद आंदोलन को दो घंटे में खत्म कर दिया गया। बातचीत के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि इसको लेकर झारखंड सरकार के मुख्य सचिव 25 सितंबर को उच्च स्तरीय बैठक करेंगे, जिसमें आगे का रास्ता निकाला जायेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि 25 सितंबर को होनेवाली बैठक में अगर कोई रास्ता नहीं निकला, तो कुड़मी समुदाय पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेगा।

अब सवाल यह उठता है कि आखिर कुड़मी समुदाय यह आंदोलन कर क्यों रहा है। किस आधार पर वह खुद को एसटी समुदाय में शामिल करने की मांग कर रहा है। अब तक सरकारों का इस मांग पर क्या रुख रहा है।

### आखिर क्यों आंदोलनरत हैं कुड़मी समुदाय के लोग

झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में कुड़मी समाज की अच्छी खासी आबादी है। कुड़मी समाज का कहना है कि वह झारखंड के मूल निवासी हैं और यहां इनकी आबादी करीब 22 प्रतिशत है। झारखंड में करीब 32 विधानसभा और छह लोकसभा सीटों पर इनकी आबादी निर्णायक भूमिका में है। मौजूदा समय में दो लोकसभा सांसद और कम से कम 10 विधायक कुड़मी समुदाय से हैं। कुड़मी समुदाय की मांग है कि उनकी अपनी भाषा कुरमाली को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। उनका कहना है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में जो गलतियां की गयीं, उन्हें जल्द से जल्द सुधारा जाये।

### पंडित नेहरू के समय में क्या गलतियां हुईं

देश को आजादी मिलने के बाद स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना साल 1951 में हुई थी। उस जनगणना में कुड़मी को अनुसूचित जनजाति के दायरे से बाहर रखा गया था। वहीं झारखंड की 13 में से 12 जातियों को इस वर्ग में शामिल किया गया था। कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू से जब इस बात की शिकायत की गयी, तो उन्होंने कहा था कि यह महज एक गलती है और इसे आगे सुधार लिया जायेगा। हालांकि ऐसा नहीं हो सका। तब से ही कुड़मी समाज के लोग इस भूल को सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।



### अभी ओबीसी में शामिल, बिहार के कुर्मी-कुनबी से अलग

झारखंड का कुड़मी समाज खुद को अनुसूचित जनजाति वर्ग का मानता है। उसकी परंपरा-बोली सब कुछ बिहार के कुर्मी और कोयरी (कुनबी) समाज से अलग है। खुद को द्रविड़ियन बताने वाले कुड़मी कहते हैं कि अंग्रेजों के समय में अंग्रेजी की स्पेलिंग एक 'केयूआरएमआइ' होने की वजह से यह गलफहमी शुरू हुई थी। झारखंड का यह पंच परगना इलाका छोटानागपुर के पठारों पर बसा है और अंग्रेजों के समय में यह कोलकाता प्रेसीडेंसी का हिस्सा, यानि बंगाल का हिस्सा था, जिसे बाद में बिहार से जोड़ दिया गया। झारखंड का हिस्सा दक्षिणी बिहार हो गया। वहां अनुसूचित जनजाति की संस्कृति से जुड़े समुदाय बहुलता में हैं, तो उत्तरी बिहार में आर्यन जातियां बहुमत में रहीं। बिहार का हिस्सा होने की वजह से झारखंड के मूल निवासियों की आवाज दबी ही रही। हालांकि, अंग्रेजों के बिहार में कुर्मी-कुनबी गंगा के मैदानी इलाकों में रहनेवाली खेतिहर जातियां थीं, तो कुड़मी (महतो, महंता, मोहंत उपनाम वाले) खुद को अनुसूचित जनजाति बताते हैं।

### अंग्रेजों के समय कभी आदिवासी, कभी गैर आदिवासी

कुड़मी समाज के लोग टोटेमवाद का पालन करते हैं। ऐसे में वे खुद को द्रविड़ कहते हैं। उनका कहना है कि हर्बर्ट होप रिस्ले द्वारा लिखित पुस्तक 'द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ बंगाल' (1891) में भी इस बात का जिक्र है। वहीं साल 1913 में अंग्रेज सरकार ने कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति माना था। हालांकि अंग्रेजों ने इसमें एक वर्गीकरण भी कर दिया था कि कुड़मी समाज पहले से इस लिस्ट में शामिल नहीं था। साल 1931 तक उनकी पहचान अनुसूचित जनजाति से हटा दी गयी थी। इसके बाद 1951 की जनगणना में भी यह समुदाय एसटी सूची से बाहर ही रहा।

### अन्य आदिवासियों के साथ समानता

जनजातीय समुदाय की सबसे बड़ी पहचान है उनका प्रकृति पूजक होना। इसे टोटेमिक व्यवस्था कहते हैं। दुनिया की हरेक जनजाति समुदाय की पहचान उनके टोटेम से होती है। कुड़मी जनजाति में काड़ुआर, हिंदइआर, बंसरिआर, काछुआर, केटिआर, डुमरिआर, केसरिआर, बानुआर, पुनअरिआर, डुंगरिआर जैसी 81 मूल टोटेम हैं। इसके अलावा सब-टोटेम को मिला कर कुल 120 टोटेम होते हैं। हरेक टोटेम की अलग पहचान और प्रतीक चिह्न होता है। यही नहीं, इनकी सामाजिक व्यवस्था भी अन्य जनजातीय लोगों की तरह ही होती है, जिसमें गांव के मुखिया को महतो और परगना के मुखिया को परगनैत जैसी पहचान दी जाती है। यही लोग आपसी विवादों का निपटारा भी करते हैं। इसी तरह संथाल, मुंडा, उरांव की तरह उनकी खुद की स्वायत्त भाषा है, जिसे कुड़माली कहा जाता है। इस समुदाय की शादी विवाह की व्यवस्था भी बिहार के कुर्मियों-कुनबियों जैसी नहीं, बल्कि जनजातियों जैसी है।

### कुड़मियों की मांग पर राजनीतिक दलों का रुख क्या है

झारखंड में करीब 22 फीसदी की आबादी वाले कुड़मियों को नजरअंदाज करने की हिम्मत किसी भी राजनीतिक दल में नहीं है। हालांकि भाजपा की सरकारों में इस बारे में गंभीर प्रयास किये गये। अर्जुन मुंडा अभी आदिवासी मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए केंद्र सरकार को साल 2004 में प्रस्ताव भेजा था, जिसे उस समय केंद्र की यूपीए सरकार ने ठुकरा दिया था। इसके अलावा भी कई बार सांसदों, विधायकों ने अपनी मांग प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से की है। झारखंड में रघुवर दास की अगुवाई वाली भाजपा सरकार में भी कुड़मियों को उनका हक दिलाने के लिए कुछ कदम उठाये गये थे। इसका विपक्ष के विधायकों ने भी साथ दिया था। इसके अलावा इस मामले में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची दौरे के समय उन्हें ज्ञापन भी सौंपा गया था। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी एक सुर में कुड़मियों के साथ खड़े होने की बात करते हैं, लेकिन गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं।25 सितंबर को बात नहीं बनी, तो होगा बड़ा आंदोलन

कुड़मी समाज के लोगों का कहना है कि अर्जुन मुंडा अब केंद्रीय मंत्री हैं, तो भी यह मांग पूरी नहीं की जा रही है, क्योंकि जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआइ) की रिपोर्ट उनके खिलाफ आ जाती है। साल 2015 में मोदी सरकार ने इसी रिपोर्ट के आधार पर झारखंड सरकार की मांग को खारिज कर दिया था। हालांकि पिछले दिनों जब भोगता और पुरान जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के लिए सदन में संविधान संशोधन बिल पेश किया गया, तो कुड़मी समुदाय में भी उम्मीद की किरण जगी थी। उन्हें लगा था कि उनकी बातें भी सुनी जायेंगी, लेकिन उनकी मांगों को सही जगह रखा ही नहीं गया। अब कुड़मी आंदोलन के नेताओं ने कहा कि 25 सितंबर को रांची में अगर उनकी मांगों पर सही फैसला नहीं हुआ, तो कुड़मी समुदाय के लोग अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि उन्हें और उनके आंदोलन को कमजोर न समझा जाये। उनका जो हक है, वह दिया जाये।

इस तरह कुड़मी आंदोलन झारखंड का बड़ा सियासी मुद्दा बनने लगा है और इसकी आग किसे जलायेगी, यह कहना फिलहाल मुश्किल है।

---

# मंगेतर ने दोस्तों के संग किया सामूहिक दुष्कर्म, घुमाने के बहाने लाया था गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की बादुडी पंचायत अंतर्गत कातीगुटू गांव में सामूहिक दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। गुरुवार शाम को एक युवती को उसकी जान-पहचान का एक युवक अपने गांव लेकर आया।

**नशे में धुत युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म :** इसके बाद कुछ दोस्त यार जुट कर शराब पीना शुरू कर दिया। वहीं नशे में धुत युवकों ने युवती के साथ जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय ग्रामीण मुंडा ने मुफस्सिल थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी।

तत्काल ही पुलिस हरकत में आयी और गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं रात में ही पुलिस ने छापेमारी कर सामूहिक दुष्कर्म में शामिल पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दोस्तों के साथ शराब पीकर घटना को दिया अंजाम

इसकी जानकारी होते ही स्थानीय ग्रामीण मुंडा समेत अन्य थाना पहुंच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं ग्रामीण ने बताया कि जिस युवती के साथ युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। उसमें से एक युवक के साथ युवती का इंगेजमेंट हुआ था। युवती और युवक गांव घूमने के लिए आये थे। शाम में युवक अपने दोस्तों के साथ शराब का सेवन किया, जिसमें कुछ स्थानीय गांव के और कुछ बाहर के युवक शामिल थे। उसके बाद युवकों की नियत खराब हुई और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# नेतरहाट घूमने जा रहे मॉल ऑफ रांची के कर्मियों की कार पलटी, एक की मौत, तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू (लोहरदगा)।** रांची से नेतरहाट घूमने जा रहे लोगों की एक कार शुक्रवार अहले सुबह कुडू थाना क्षेत्र के चीरी पतरा के समीप पलट गयी। कार पलटने से एक कर्मी की मौत हो गयी। तीन लोग घायल हो गये। इनमें गंभीर रूप से घायल कार चालक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया।



**कैसे हुआ हादसा :** बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल के टीएन बनर्जी, जो पानीहाटी (दक्षिण 24 परगना) के रहनेवाले थे. पलटुन दास (24 परगना जिले के शिवालया लेक गार्डेन, लक्ष्मणपुर, राजपुर, सोनारपुर) के निवासी, सदन सरकार ओड़िशा के खुर्दा निवासी, सत्यजीत पात्रा बंगाल के चौधरीपाड़ा रोड निवासी और राहुल चक्रवर्ती कार से गुरुवार देर रात लगभग तीन बजे रांची से नेतरहाट जाने के लिए निकले थे।

### पुलिस कर रही है जांच

घटना की सूचना कुडू पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से चारों को कार से निकाला और लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के बाद पलटुन दास को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल कार चालक सदन सरकार को प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया। दो घायलों सत्यजीत पात्रा और राहुल चक्रवर्ती का इलाज लोहरदगा में चल रहा है। बताया जाता है कि चारों लोग रांची के एक मॉल में काम करते हैं। एक कर्मी का तबादला दूसरी जगह हो गया था। तबादला हुए कर्मी ने ही नेतरहाट घूमने का प्लान बनाया था और अपने तीन साथियों को चलने के लिए तैयार किया था।

# आवासीय प्लॉट के व्यावसायिक इस्तेमाल पर होगा आवंटन रद्द

**वर्षों से बोर्ड की संपत्ति पर अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को भाड़ा सह क्रय के आधार पर किया जायेगा आवंटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने हजारीबाग सहित सभी प्रमंडल में स्थित अपनी संपत्तियों की खोजबीन शुरू कर दी है, ताकि खाली जमीन और अतिक्रमित जमीन और मकान की स्थिति का आकलन किया जा सके। इसी सिलसिले में हजारीबाग के दौरे पर झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान हजारीबाग सहित सभी प्रमंडल में जाकर संपत्तियों का जायजा लेना प्रारंभ कर दिया है।



इसकी शुरुआत शुक्रवार को हजारीबाग स्थित दीपुगड़ा हाउसिंग कॉलोनी से प्रारंभ की। उन्होंने पदाधिकारी से संपत्ति की सूची मांगी। इससे साफ है कि इन कॉलोनी में बोर्ड द्वारा पूर्व में आवंटित आवासीय प्लॉट का व्यावसायिक इस्तेमाल करनेवाले पर विशेष नजर होगी, क्योंकि अध्यक्ष ने पहले ही साफ कर दिया कि आवासीय प्लॉट लेकर व्यवसाय करने वाले पर कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड पर लॉटरी से भूखंड और फ्लैट के आवंटन में गड़बड़ी करने का आरोप लगते रहे हैं। राज्य गठन के बाद बोर्ड ने जितनी बार लॉटरी की, सभी में विवाद हो गया। उसे समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग अवैध रूप से 10 वर्षों से अधिक समय से मकान में रह रहे हैं, उनके हित में बोर्ड कुछ बड़ा फैसला ले सकता है। भ्रमण के दौरान झारखंड राज्य आवास बोर्ड के सचिव, आवास बोर्ड के कार्यपालक अभियंता, नगर निगम के अभियंता, मुख्यालय के कर्मचारी, हजारीबाग के लोकल कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, वरिष्ठ कांग्रेसी रवि शर्मा, नवीन जॉर्ज, डॉ मिथिलेश कुमार, एडवोकेट प्रीतम गुप्ता, समाजसेवी अनुपम सिन्हा, रवि सिंह आदि मौजूद थे।

# झारखंड के 28 जजों का जिला न्यायाधीश के पद पर प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 28 जजों को वरीय न्यायिक सेवा से जिला न्यायाधीश के पद पर प्रमोशन देते हुए पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है।

**इन जजों को मिला प्रमोशन :** सीजीएम सह सिविल जज सीनियर डिवीजन सह-एसजीएम खूंटी सत्यपाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुमका धर्मेंद्र कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां कुमार क्रांति प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवघर संजीव कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पाकुड़ प्रफुल्ल कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रामगढ़ कुसुम कुमारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डालटेनगंज निरूपम कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी साहिबगंज शैलेंद्र कुमार, एसीजीएम दुमका सूरज प्रकाश ठाकुर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चाइबासा शंकर कुमार महाराज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आर्थिक अपराध रांची मिथिलेश कुमार सिंह। इनके अलावा एसीजेएम गिरिडीह आलोक कुमार, एसीजेएम साहिबगंज शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धनबाद संजय कुमार सिंह, उप निबंधक प्रोटोकाल झारखंड हाइकोर्ट मो. फहीम किरमानी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिमडेगा आनंद मणि त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गुमला मनोज कुमार शर्मा, एसीजेएम साहिबगंज सूर्य मणि त्रिपाठी, सिविल जज रांची नीरज कुमार को प्रमोशन दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.38 बजे |



# सरकारी स्कूलों में गूंजेगा हैप्पी बर्थ डे

## जेसीइआरटी की है प्रोजेक्ट इंपैक्ट योजना, बच्चों का जन्मदिन मनाया जायेगा

छात्रों में आपसी संबंध को बढ़वा दिया जायेगा, बच्चों की जन्म तिथि नामांकन पंजी से लेना है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अब झारखंड के सरकारी स्कूलों में भी हैप्पी बर्थ डे की आवाज गूंजेगी। क्योंकि झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी) सितंबर माह में एक योजना शुरू करने जा रही है, जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चों का जन्मदिन मनाकर उन्हें स्पेशल फील करवाया जायेगा। इस योजना में सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले छात्रों में आपसी संबंध को बढ़ावा दिया जायेगा। इस योजना का नाम प्रोजेक्ट इंपैक्ट रखा गया है। झारखंड में सभी सरकारी स्कूलों को 35 बिंदुओं पर काम करना है, जिसमें से एक बिंदु बच्चों का जन्मदिन मनाना है। बच्चों का स्कूल में जन्मदिन इसलिए मनाना है, ताकि बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हो सके। इसे लेकर जेसीइआरटी ने निर्देश जारी किया है।

इस बारे में रांची जिला के पदाधिकारियों का कहना है कि इस योजना से छात्र-छात्राओं में गुण विकसित होगा, जो उनके भविष्य को संवारने में मददगार होगा। छात्रों में किताबी ज्ञान के साथ अन्य ज्ञान का विकास होना भी जरूरी है।




### इस प्रकार मनाया जायेगा जन्मदिन

प्रार्थना सभा से कक्षा में जाते समय बच्चों का जन्मदिन मनाना है। बच्चों की जन्मतिथि नामांकन पंजी से लेना है। जिस दिन बच्चे का जन्मदिन है, उसे बर्थडे कैप पहना कर और गुलदस्ता देकर मनाना है। फिर उस बच्चे को प्रार्थना में उपस्थित बच्चे विश करेंगे। बच्चों के विश करने से छात्रों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। साथ ही बच्चों को इससे खुशी मिलेगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले रांची रेल मंडल के डीआरएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा और सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने मुलाकात की।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने आगामी 24 सितंबर 2023 से रांची-हावड़ा के बीच चलनीवाले वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।



# झारखंड में सचिव 2.50 करोड़ और मंत्री 15 करोड़ तक की नयी योजनाओं की देंगे मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड कार्यपालिका नियमावली 2000 में फिर से संशोधन किया है और सचिवों के अधिकार में कटौती की है। अब राज्य में नयी योजनाओं की स्वीकृति के लिए राज्य के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव सिर्फ 2.50 करोड़ तक की लागत वाली योजनाओं की ही स्वीकृति दे सकेंगे, जबकि राज्य के मंत्री 2.50 करोड़ से ऊपर और 15 करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति दे पायेंगे।

इस संबंध में कैबिनेट की मंजूरी के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को संकल्प जारी कर दिया है और सभी विभागों को दिशा-निर्देश भी दिया है। 15 करोड़ से अधिक और 25 करोड़ तक की योजनाओं की स्वीकृति विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद राज्य योजना प्राधिकृत समिति करेगी, जबकि 25 करोड़ से ऊपर की योजनाओं की मंजूरी राज्य मंत्रिपरिषद से हो सकेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में सफलता, आकस्मिक धन लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

**वृष** कर्मश्रेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, आनन्द से भरा दिन रहेगा।

**मिथुन** प्रेम संबंधे में सुधार, भौतिक सुख-सम्पन्नता की वृद्धि, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कर्क** व्यापारिक यात्रा करनी पड़ सकती है, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**सिंह** जॉब में बदलाव होगा, नये दायित्व मिल सकता है। नये वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति, मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** जमीन-जायदाद संबंधी विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी।

**तुला** प्रेम प्रसंग में उलझनें दूर होंगी, बकाये रकम की प्राप्ति, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** नौकरी-व्यापार में उन्नति, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, स्वजन- मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** कर्मक्षेत्र में प्रंशसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, पैसे का लाभ होगा।

**मकर** दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**कुंभ** जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, सेहत को लेकर चिन्ता होगी, जीवन साथी से अनबन होगा।

**मीन** विवाहेत्तर प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा।

## ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर को

# रांची सहित पूरे राज्य में जुलूसे मोहम्मदी निकालने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के तत्वावधान में कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डॉ ताजुद्दीन रिजवी की अध्यक्षता में 28 सितंबर को रांची सहित पूरे राज्य में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूसे मोहम्मदी पूरे हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द्र के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान और प्रवक्ता मो इस्लाम ने संयुक्त रूप से बताया कि जुलूसे मोहम्मदी सुबह 9 से 10 बजे निकल कर 11 बजे कर्बला चौक, 1:00 बजे दोपहर मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद चौक और जोहर की नमाज के बाद यानी 2 से 3 बजे दोपहर तक डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा दरगाह में आयोजित आमसभा में उलेमाओं और विभिन्न धार्मिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधियों के सामूहिक दुआ के बाद समापन कर दिया जायेगा। बहुत जल्द डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। बैठक में मुख्य रूप से मौलाना डॉ ताजुद्दीन रिजवी, अकीलुर्रहमान, मो इस्लाम, कारी अयूब, मौलाना मो आबिद, शहर काजी मौलाना मसूद फरीदी, मौलाना शादाब मंजर, मो इमरोज आलम, मो जुबैर, मो इश्तेयाक, मो मोजाहिद, मो रिजवान, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, मौलाना गुलाम फारूक, मौलाना मंजूर हसन बरकाती, मौलाना अब्दुल सलाम, मौलाना नसरुल्लाह फैजी, कारी मो जावेद, मौलाना शम्स तबरेज, मौलाना मो कलीम उपस्थित थे।

# हेमंत का चार वर्षों में कभी नहीं आया नियुक्ति वर्ष: बाबूलाल

कहा-जनता देश के लिए मोदी जी के साथ खड़ी है

नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति का सम्मान बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को खूंटी में संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार को फिर एक बार कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार काम करने के लिए बनी ही नहीं। यह ठगबंधन सरकार केवल परिवार के साथ मिल कर राज्य में लूट और भ्रष्टाचार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख नियुक्ति नहीं, तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात करके सत्ता में आयी हेमंत सरकार का आज तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया, जबकि इस सरकार के चार वर्ष पूरे होनेवाले हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में जनता भयभीत और अपराधी, लुटेरे, दलाल, बिचौलिये बेखौफ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार की घटनाएं रोज हो रहीं। राज्य से बालू की तस्करी बिहार, बंगाल, दिल्ली, मुंबई को हो रहा राज्य की पुलिस नदी से घरेलू काम के लिए बालू उठाने वाले को पकड़ कर जेल भेज रही है। उन्होंने कहा कि थाना, ब्लॉक, डीसी ऑफिस, सचिवालय सब जगह भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। बिचौलिये दलाल हावी हैं। गरीब को मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए भी हजारों रुपये घूस देने पड़ रहे।



उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन की लूट मची है। हेमंत सोरेन परिवार महाजन प्रथा से लड़ते-लड़ते राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन गया। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए इडी समन भेज रही है, तो वह नहीं जा रहे। उन्होंने कहा कि आज राज्य के विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं। राज्य सरकार भाजपा सरकार की बनायी सड़कों की मरम्मत तक नही करवा पा रही। गरीबों के अनाज भी दलाल बिचौलिये लूट ले रहे। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। कहा कि कांग्रेस ने तो झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को पैसा भी दिया और जेल भी भिजवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नदी नालों पर पुल पुलियों के निर्माण हुए। आज मोदी जी के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने भले ही बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया हो, लेकिन जनधन खाता के माध्यम से गरीबों को बैंक से जोड़ने का काम मोदी सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि आज पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से गांव के पारंपरिक रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये की योजना शुरू की गयी है, जिससे गांव के लोहार, सुनाई, चर्मकार, बढ़ई, नाई, धोबी जैसे व्यवसाय से जुड़े लोगों को बिना गारंटी के तीन लाख रुपये तक के लोन मिलेंगे। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भारत के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय है।

उन्होंने कहा कि आज सभी भ्रष्टाचारी मोदी जी के खिलाफ एकजुट हो रहे। उन्हें अपने परिवार और पैसे की चिंता सता रही, लेकिन जनता को देश के लिए एकजुट होना है। उन्होंने आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।

## कोर्ट-नोटिस

न्यायालय,
सिविल जज सिनियर डिवीजन- I,
गुमला
ओरिजिनल सुट नं. 11/2021
मो. सैफुल्लाह वगैरह................ वादी।
बनाम
संजीदा खातुन वगैरह................ प्रतिवादी।

नोटिस बनाम-प्रतिवादी सं.- I (सी) व I (एफ)

I (सी) मो. फिरदोस हसन पिता स्व. अब्दुल रशीद, निवासी-उस्ताद मुहल्ला, गुमला थाना वो जिला-गुमला।

I (एफ) मोसर्रत परवीन, पति- मो. वकील अखतर, ग्राम-पाचफेरी, पोस्ट-ओखरगडा, थाना- मेराल, जिला-गढ़वा।

चूं बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में टाईटल वाद दायर किया गया है जिसमे आप लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से समन निर्गत किया गया है परंतु आप लोग आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।

अतः आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा अगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 9.10.23 को समय 11 बजे सुबह या उसके पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जाएगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

यह नोटिस आज दिनांक 06.09.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

ह./-
सविल जज सिनियर डिवीजन-I
गुमला

# संकट मोचन मंदिर में नहीं खोलने देंगे धार्मिक न्यास बोर्ड का कार्यालय: महंथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के संकट मोचन मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड की नयी कमेटी के पदभार ग्रहण पर महंत समाज ने एतराज जताया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर मंदिर के महंथ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी ने यहां धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा कार्यालय खोले जाने पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा, मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड का कार्यालय खोलने के लिए जगह नहीं दी जायेगी।



### धर्म से जुड़े हुए लोगों को ही यहां बैठना चाहिए: सीपी सिंह

इस मौके पर मौजूद विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बोर्ड धर्म प्रेमियों के लिए होता है। यह सनातन धर्म पर विश्वास करनेवालों के लिए है। जो धर्म प्रेमी होते हैं, जो देवी- देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं और उसमें सहयोग करते हैं, वैसे लोगों को ही धार्मिक न्यास में जगह देनी चाहिए। उसका सदस्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर लगभग 50 सालों से निर्मोही अखाड़ा के साधु-संत समाज द्वारा चलाया जा रहा है। मंदिर का प्राचीन इतिहास है। उस समय स्वरूप छोटा था। अभी यह बड़ा स्वरूप ले चुका है। मंदिरों में पूजा- पाठ साधु -संत द्वारा होता है और धार्मिक कार्य होता है। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम के नारे से कान फट जाता है, जैसा बयान देनेवाले मुख्यमंत्री द्वारा धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन करना सनातन धर्म पर एक तरह से हमला।

## रांची, हटिया, मूरी, सिल्ली एवं झालिदा रेलवे स्टेशनों की प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन प्रत्येक के लिए एक स्टॉल/किऑस्क का आवंटन

प्रत्येक 15 दिनों की रोलिंग अवधि के लिए हस्तशिल्प/कलाकृतियां, कपड़ा और हथकरघा, पारंपरिक वस्त्र और स्थानीय कृषि उत्पाद/प्रसंस्कृत/ अर्ध प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के संवर्धन/बिक्री के लिए रांची, हटिया, मूरी, सिल्ली एवं झालिदा रेलवे स्टेशनों की प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन 05 अदद स्टॉल का आवंटन।

**सूचना संख्या: सी/आरएनसी/सीएटीजी.यूनिट/ओएसओपी/23** **दिनांक : 21.09.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची (क) विकास आयुक्त-हस्तशिल्प, विकास आयुक्त- हथकरघा अथवा अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया कारीगर/बुनकर आईडी कार्ड धारक। (ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/ खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। (ग) पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। (घ) हाशिए पर या समाज के कमजोर वर्ग। (च) एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम तथा एनजीओ के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/ शिल्पकार आदि। (छ) सामाजिक संगठन, राज्य सरकार के निकाय आदि के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि से पात्रता दस्तावेजों एवं संपर्क नंबर के साथ आवेदन आमंत्रित करते हैं। हालांकि, 15 दिनों की रोलिंग स्पेल के लिए स्पेट लोगो की अनुमति नहीं होगी। "एक स्टेशन एक उत्पाद" के नियम और शर्तों, स्टॉल का स्थान, पंजीकरण शुल्क आदि से सम्बंधित और अधिक जानकारी तथा सूचनाओं के लिए सम्बंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है अथवा कृपया वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** देखें। आगे की कार्रवाई के लिए वर्तमान नियम के अनुसार उसी दिन सीसीआई और वरिष्ठ एसओ (ए/सी) की उपस्थिति में स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में आवेदनों की जांच की जाएगी। आवेदनों की जांच के बाद, ओएसओपी नीति के अधीन, स्थाई समिति अनुमोदन के लिए सभी अपेक्षित लाभार्थियों के नामों की सिफारिश वरिष्ठ डीसीएम से करेगी तथा सभी अनुमोदित आवेदकों की मौजूदगी में सम्बंधित स्टेशनों के एसएमआर/सीसीआई द्वारा खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ के जरिये सभी अनुमोदित आवेदकों का प्राथमिकता रोस्टर बनाया जायेगा और एक पारी में 15 दिनों की अधिकतम अवधि के लिए प्राथमिकता रोस्टर के आधार पर आवंटन किया जायेगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक प्राथमिकता रोस्टर से सभी आवेदक निकल नहीं आते हैं। **आवेदन डालने का स्थान:** रांची, हटिया, मूरी, सिल्ली और झालिदा रेलवे स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के बाहर रखे गए निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में। विवरण निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | रेलवे स्टेशन | लोकेशन | पंजीकरण शुल्क प्रति स्टॉल | संपर्क किये जाने वाले कार्यपालक प्राधिकारी एवं व्यक्ति और फोन नंबर | आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख | आवेदन खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रांची | प्लेटफॉर्म नंबर 01 | ₹ 1,000 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/रांची मोबाइल नंबर 9771484773 | 06.10.2023 को सुबह 10.30 बजे | 06.10.2023 को सुबह 11.00 बजे |
| 2 | हटिया | | | स्टेशन प्रबंधक/हटिया मोबाइल नंबर 9771484778 | 09.10.2023 को सुबह 10.30 बजे | 09.10.2023 को सुबह 11.00 बजे |
| 3 | मूरी | | | स्टेशन प्रबंधक/मूरी मोबाइल नंबर 9771484750 | 05.10.2023 को सुबह 10.30 बजे | 05.10.2023 को सुबह 11.00 बजे |
| 4 | सिल्ली | | ₹ 500 (जीएसटी सहित) | स्टेशन प्रबंधक/सिल्ली मोबाइल नंबर 9771456218 | 04.10.2023 को सुबह 10.30 बजे | 04.10.2023 को सुबह 11.00 बजे |
| 5 | झालिदा | | | स्टेशन प्रबंधक/जेएए मोबाइल नंबर 9771448912 | 03.10.2023 को सुबह 10.30 बजे | 03.10.2023 को सुबह 11.00 बजे |

**टिप्पणियां :** अगर कोई आवेदक राँची मंडल के किसी भी अन्य स्टेशनों/प्लेटफॉर्मों पर स्टॉल/किऑस्क/पोर्टेबल ट्रॉली की स्थापना करना चाहता है तो सम्बंधित स्टेशनों के नज़दीकी स्टेशन प्रबंधक से परामर्श भी कर सकता है तथा किसी भी सहायता के लिए वरिष्ठ डीसीएम/राँची के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-632)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# युवा अपने भविष्य के साथ राज्य के भविष्य को भी सुधार सकते हैं : सुदेश कुमार महतो

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित, सैकड़ों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की युवाओं को लेकर गलत नीतियों से प्रदेश के युवा परेशान हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा नौकरी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। सरकार ना रिक्तपदों को भर पा रही है और ना रोजगार के अन्य विकल्प पर सोच रही है। सरकार के इसी रवैया से परेशान होकर राज्य के युवा राजनीतिक विकल्प ढूंढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में आज भी विभिन्न जिलों से आये युवा पार्टी में शामिल हुए। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान खूंटी, बोकारो, रांची, हजारीबाग, गोड्डा जिले से आये सैकड़ों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन।



### पार्टी का उद्देश्य आम लोगों के बीच से नेतृत्वकर्ता तैयार करना है

उन्होंने पार्टी में शामिल हुए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व और नवीन सोच से राज्य के नवनिर्माण के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। राज्य के सभी युवाओं में नेतृत्व की क्षमता है जिसे तरासने और निखारने का प्लेटफार्म आजसू देगी। पार्टी का उद्देश्य आम लोगों के बीच से नेतृत्वकर्ता तैयार करना है। युवा अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य के भविष्य के लिए भागीदार बन सकते हैं।

### महाधिवेशन से जुड़ने के लिए 99905 99905 पर मिस कॉल करें

महाधिवेशन को लेकर श्री महतो ने कहा कि 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को होने वाले पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन का लक्ष्य राज्य के लोगों को एक मंच देना और संवाद से समाधान ढूढ़ना है। इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में शामिल होने के लिए कोई भी यक्ति किसी भी जगह से 9990599905 पर मिस कॉल दे कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### विनोद बाबू की 100वीं वर्षगांठ आज

पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत ने कहा कि शनिवार को विनोद बाबू की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी विधानसभा और जिला में 100 सभाओं का आयोजन किया जायेगा जिस में विनोद बाबू के विचार पढ़ो और लड़ो के साथ-साथ अलग राज्य की सोच को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जायेगा। 29 सितंबर से होने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन राज्यव्यापी सोच को एक आधार देने का मंच होगा। महाधिवेशन के पहले और दूसरे दिन बंगाल, ओड़िशा और झारखंड के केंद्रीय, जिला और प्रखंड के 8 हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### इन्होंने ली सदस्यता

जब्बार खान और सिद्धार्थ सिंह की अगुवाई में रांची से अंकित पंद्रेवाल, संदीप कुमार, कुशेंद्र कुमार महतो, सर्वेश्वर महतो, संजय कुमार, हेमलता उपाध्याय, मधुशिमता गुड्डू, शोभा कुमारी, प्रभा कुमारी, सरिता कुमारी, संजू कुमारी, सीता कुमारी, सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी, हजारीबाग से राहुल शर्मा, कृष्णा राणा, सुभाष शर्मा, खूंटी से बागो लकड़ा, बोकारो से चंदन हाजरा, गोड्डा से मदरा कुमार महतो एवं अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सीओ ने की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमारी की उपस्थिति में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित बैठक की गयी। अंचलाधिकारी ने बताया कि वैसे किसान जिन्हें इस योजना का लाभ मिल रहा था परंतु वर्तमान समय में यह रुक गया है। वैसे किसान को इ केवाइसी, आधार सीडिंग, भूमि व्यौरा शत प्रतिशत यथाशीघ्र करना है। इस कार्य हेतु सभी राजस्व उप निरीक्षक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एटीएम, बीटीएम, जनसेवक, पंचायत सचिव, कृषक मित्र अपने अपने स्तर से करेंगे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने बताया कि इस योजना का लाभ सभी किसानों तक मिलना चाहिए। इसलिए इसे जितना जल्द हो सके इस कार्य को पूरा करें। बैठक मे अंचल निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार यादव, अंचल ऑपरेटर कौशल किशोर सिंह सहित सभी राजस्व कर्मचारी, जनसेवक, पंचायत सचिव कृषक मित्र मौजूद थे।

## बिना चालान के खनिज परिवहन करते वाहनों पर की गयी कार्रवाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गत दिनों जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बिना खनिज परिवहन चालान, गलत चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाइसेंस और ओवरलोड वाहनों की चलाने की बात सामने आयी थी। इसी को देखते हुए 21 सितंबर की देर रात्रि में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान झुमरीतिलैया अंतर्गत रांची पटना मुख्य मार्ग पर चलाया गया। इस अभियान में जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय और पुलिस बल के जवान शामिल थे। बिना परिवहन चालान के खनिज लदे वाहनों के विरुद्ध चलायें गये छापेमारी अभियान में 2 खनिज लदे को जब्त किया गया। इसे लेकर जिला खनन पदाधिकारी की ओर से संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पकड़े गये दोनों वाहनों में स्टोन, चिप्स लदा हुआ था। जब्त किये गये एक वाहन के बिना चालान और एक दूसरे वाहन का गलत चालान निर्गत पाया गया। जिस पर जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा कार्रवाई की गयी। अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना ने कहा कि छापेमारी के दौरान क्रशर संचालकों द्वारा गलत तरीके से चालान निर्गत करने का मामला सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से चालान निर्गत करने वाले खनन संचालकों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील कि जब भी वाहन चलायें, सारे कागजातों को साथ में रखें। इस मौके पर जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत अभियान का सदर अस्पताल में अनुपालन नहीं: प्रकाश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने सदर अस्पताल कोडरमा का भ्रमण कर रोगियों का हाल-चाल जानने का प्रयास किया। रोगियों ने बताया कि हम लोग बीमार व्यक्ति है सदर अस्पताल मे ठीक होने के लिए आये हैं लेकिन हम लोगों को यह उम्मीद नहीं है कि हम लोग ठीक हो पायेंगे। क्योंकि जिस जगह पर हम लोगों को एडमिट रखा गया है ठीक उसी बगल में शौचालय की व्यवस्था बहुत ही खराब है। शौचालय में पैर उठाकर मुंह नाक बंद कर जाने पर मजबूर है। दिन-रात इस गंदगी बदबू में जीना पड़ रहा है। यह सदर अस्पताल का शौचालय का हाल है। रजक ने बताया कि इस सदर अस्पताल में कोडरमा उपायुक्त के साथ-साथ झारखंड के राज्यपाल, वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का भी भ्रमण हुआ। इसके बावजूद भी सदर अस्पताल का स्थिति में सुधार नहीं हो सका। कोडरमा जिले के सफेदपोश नेता और पदाधिकारी ने वाह वाही लेने में पीछे नहीं रहते हैं। इन तमाम सवालों को लेकर भाजपा जिला परिषद कोडरमा 25 सितंबर को विशाल धरना प्रदर्शन कर झारखंड सरकार तक भेजने का काम करेगी। धरना में माकपा के नेता रमेश प्रजापति भी रहेंगे।

## चोरी के मोबाइल के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मध्य पंचायत अंतर्गत शाहगंज से एक व्यक्ति सदाम शाह को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार मोबाइल चोर मरकच्चो शाहगंज मोहल्ले का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि इसे गुरुवार की शाम शाहगंज से गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मोबाइल चोरी को लेकर 21 सितंबर को मरकच्चो कर्बला नगर निवासी मो ताज अंसारी के द्वारा मरकच्चो थाना में आवेदन दिया गया था। आवेदन में बताया गया था कि वह प्रति दिन की भांति 19 सितंबर को रात में खाना खाकर सो गया। सुबह 3 बजे उठा तो बगल में रखा मोबाइल नही पाया। काफी खोज बिन के बाद भी नही मिला। तब थाना में आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक मे त्वरित कारवाई करते हुए मरकचो पुलिस ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी टीम में एएसआइ एमएम शर्मा के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## मानव तस्करी की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरूक



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में जन विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा शुक्रवार को पंचायत की मुखिया ममता देवी की अध्यक्षता में मानव तस्करी के रोकथाम को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को मानव तस्करी रोकथाम हेतु जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। साथ ही लोगों को बताया गया कि गांवों में मानव तस्कर रोजगार, नौकरी का प्रलोभन देकर लोगों को बाहर ले जाकर मानसिक, आर्थिक व शारीरिक शोषण करते हैं। इसलिए मनुष्य को जागरूक होना होगा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि शंकर दास, जन विकास केंद्र हजारीबाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार, कार्यकर्ता रामानंदन सिंह, एडवोकेट विक्रम कुमार, फ्रांसिस मुर्मू, अनामिका कुमारी, जबकि ग्रामीणों में सरिता देवी, संगीता देवी, निशु देवी, सुलेखा देवी, विमला देवी, तिलेश्वरी देवी, हेमंती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री महेश एकेडमी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** श्री महेश एकेडमी, डोमचांच में हिंदी की महत्ता और प्रचार- प्रसार विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा चतुर्थ से लेकर दशम तक के दर्जनो छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखते हुए इसे जनजन की भाषा बताया। हिंदी भारत की पहचान है, हिंदी भारत की शान है, हिंदी भारत की प्राण है। प्रतियोगिता में प्रथम नवम की छात्रा रुखसार परवीन, द्वितीय कुसुम गोस्वामी और तृतीय कोमल गोस्वामी शाहिन परवीन घोषित की गयी। निदेशक सुनील कुमार सिन्हा और वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय ने भी हिंदी की उपलब्धि, उपयोगिता और उत्थान हेतु अपने विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी का महत्व पर विशेष जोर दिया गया है। अब हिंदी भाषा के माध्यम से मेडिकल व इंजीनियरिंग की भी पढ़ाई की जा सकेगी। सरकार हर विभाग में हिंदी के अनुपालन पर विशेष ध्यान दे रही है। इस अवसर पर एकेडमी की प्राचार्या रीना दाराद, मुकुल कुमार, संजय कुमार, नकुल पांडेय, प्रणव प्रखर, रौशन कुमार, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, देवराज रौशन, सौरभ कुमार, किरण कुमारी, यशस्वी मेहता, सुमित कुमार, नैंसी राणा, खुशी सिंह, जसमिन कुमारी, जागृति कुमारी, अंकित कुमार, सत्यम कुमार पांडेय, रिया कुमारी, रौशनी कुमारी, सोनाली कुमारी, आलिया मेहता, प्रिंस कुमार, देव कुमार, मोहम्मद अकबर, अंकित कुमार, आराध्या कुमारी, कोमल कुमारी, संस्कृति कुमारी, साक्षी कुमारी, कुमकुम कुमारी, अंशिका कुमारी, प्रिंस राज मंडल सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# महिला आरक्षण बिल में महिलाओं को विशेष आरक्षण हो: संजीव बेदिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने महिला आरक्षण बिल पर अपने प्रतिक्रिया दी है। उन्होने कहा है कि अगर महिलाओं को समान हिस्सेदारी प्राप्त होती है तो यह काफी गर्व की अनुभूति होगी। महिला आरक्षण के अंदर एससी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को पूर्व से एससी- एसटी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में हिस्सा दिया गया है। जबकि सभी सीटों में उनको हिस्सेदारी दी जानी चाहिए थी। वहीं ओबीसी वर्ग की महिलाओं को बिलकुल आरक्षण नहीं दिया गया है जो निराशाजनक है। भारत के प्रधानमंत्री खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन ओबीसी वर्ग के साथ इस बिल में विश्वासघात किया गया है। बेदिया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने की पहल की थी। पहली बार स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ही लाए थे, जो आज उसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों के जरिये 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। विधायक ने कहा कि अगर महिला आरक्षण बिल में हर वर्ग की महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित होगा, तभी संवैधानिक रूप से हर वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त होगा। महिला आरक्षण को उसके अंदर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ समय सीमा निर्धारित कर अगले चुनावों के पहले ही लागू किया जाना चाहिए।

### हजारीबाग में जदयू जिला कार्यसमिति की हुई बैठक

# संगठन को मजबूत करने पर दिया बल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड जिला कार्य समिति की बैठक जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महा सचिव और हजारीबाग जिले के संगठन प्रभारी अभय कुमार महतो उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कूमेश्वर महतो, प्रदेश सचिव अर्जुन मेहता, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, जिला सचिव नजरुल्ला अंसारी, जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा, युवा से प्रदीप रजक, शंकर महतो, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद, सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा, विष्णुगढ़ राहुल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार, डाडी प्रखंड अध्यक्ष दनेश्वर महतो, छोटन पासवान, नगर अध्यक्ष आसीन अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, पिंकी राणा, सुजाता सिंह, रीना देवी, अकबर अली, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल, साबिर खान, आदि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी अभय कुमार महतो ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड की भूमिका होगी। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने जिला कार्य समिति को संबोधित करते हुए कहा की सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष बना लिए गये हैं और प्रखंड कमेटी का गठन हो रहा है। बैठक में संगठन को विस्तार करते हुए अभय कुमार महतो के दिशा निर्देशन पर प्रभु दयाल कुशवाहा ने अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष साबिर खान, महासचिव बसंत मेहता, सचिव मनीरूद्दीन अंसारी और उपाध्यक्ष भीम मेहता को बनाया गया।

# हजारीबाग के आठ हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले हजारीबाग जिले के आठ स्वास्थ्य केंद्रों को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। विदित है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत अगस्त से सितंबर माह के बीच इन आठ अस्पतालों का सर्वेक्षण कर मरीजों के लिये उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था।

**इन स्वास्थ्य केंद्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हजारीबाग जिले के चंपाडीह, कदमा, दरिया, बासाडीह, गारूकुरहा, पगार, पलांडू और बेडोकला ने संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र से नवाजा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने उक्त केंद्रों में मूल्यांकन के सभी सात मानकों पर सर्वेक्षण का कार्य किया था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इंफेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

उपायुक्त नैंसी सहाय और उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्वास्थ्य सेवाओं में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे सभी कर्मियों को शुभकामनाएं दी।

# गणेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये छात्र-छात्राओं ने मन मोहा

आजाद सिपाही संवाददाता





**झुमरीतिलैया।** सार्वजनिक गणेश पूजा समिति पूर्णिमा टॉकिज गली में कृष्ण वेलफेयर सोसइटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखण्ड और झुमरीतिलैया शहर के 26 विद्यालयों के बच्चों ने एक बढकर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। इस अवसर पर 5 घंटे तक चले इस कार्यक्रम के बाद तीन ग्रुपों में स्कुलों में प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे राजस्थानी भोजपुरी मराठी आदिवासी क्लासिक्ल आधारित गानों पर बच्चों ने एक बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इस दौरान करमा जैसे पर्व भी नृत्य की प्रस्तुति लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दीप प्रवजल्लि्त कर किया। उन्होने कहा कि कृष्ण वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा बच्चों को जो मंच प्रदान किया जाता है वह अद्वितीय है जहॉ बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों के प्रतिभा में निखार आता है। इस दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा के समीप बच्चों ने भव्य आरती प्रस्तृत की। इसमें मराठी में बालिकाओं और भोजपुरी में धोती कुर्ता पहने बालक वर्ग ने पंडाल में उपस्थित लोगों को मंत्रमुक्त कर दिया। कार्यक्रम का लीडर बिल्लु दा ने ड्रम बजाकर कार्यक्रम को अनूठा लगा दिया। आरती कार्यक्रम में प्रिया सिंह, सोनम सिंह, एंजेल सिंह, सोनम मगधिया,पीहू सिंह, शालु सिंह, आयसा सिंह के अलावा जानु सिंह, आलोक सिंह, प्रिंस सिंह, गोलू सिंह, आर्यन यादव, चिक्कु सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। इस दौरान शंकर भगवान डमरू एवं झाल के साथ हाथों में कपूर रख नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौरी भगत गोपाल सिन्हा, अमित सिंह, रंजय सिंह, राजा सिंह, गोपाल सिंह, मंटु साव विकास सिंह, रौशन सिंह, सुभम सिंह, राज सिंह, नंदु सिंह, विक्रंत पहाडी के अलावा संजु लाम्बा, नरेन्द्र सिंह चंदल, आनंद कुमार, मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन गोपाल सिन्हा ने किया। निर्णायक की भूमिका राजेश भदानी ने निभायी। नृत्य में प्रथम स्थल शेमरॉक गुरूकुल स्कुल रहा। द्वितीय स्थान एक्सपायर इंटरसिटी स्कूल और तृतीय शारदम्बा विद्या मंदिर घोषित किया गया। इसके अलावा ड्रांस आइडिल प्रोगेशिव डंडाडीह, डांस आर्ची कुमारी, किडजी स्कुल के आरती ज्योति कुमारी, फर्स्ट स्पोर्ट्स लाइट में सेकंड डेंजरस डांस एकेडमी ग्रेसी कशीश यादव, रौनक पांड, डेंजरस डांस एकेडमीसहित 26 विद्यालय को अलग -अलग पुरस्कार दिया गया।

## प्रशिक्षु आइएएस ने मनरेगा योजनाओं की जांच की



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में चल रहे मनरेगा की जांच के लिए लिए झरपो पंचायत के लोधी गांव में जिला से प्रशिक्षु आइएस पदाधिकारी सुलोचना मैडम ने झरपो पहुंची उन्होंने योजनाओं में मनरेगा के तहत अमृत सरोवर वाटिका, रेखा देवी के आम बागवानी, कारी झरना चट्टान धाम झरपो मे खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजना कार्य को देखकर संतुष्ट होते हुए अधूरे कार्य को पूर्ण करने कि बात कही मौके पर टाटीझरिया बीडीओ साइना तिग्गा, झरपो मुखिया शिबूप्रसाद सोनी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन, बिपिओ अफरोज अंसारी, जेई सशांक, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, रोजगार सेवक संतोष राम, आम बागवानी लाभुक रेखा देवी उपस्थित थे।

## आबादी के आधार पर आरक्षण लागू हो: डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने इचाक प्रखंड के देवकली पंचायत का दौरा किया। इस दौरान कहा की बिहार के तर्ज पर संपूर्ण देश में जातीय जनगणना हो और जिसकी जितनी आबादी उसकी इतनी भागीदारी के तहत आरक्षण नीति सरकार लागू हो। साथ ही कहा की महिलाओं का आरक्षण 50 प्रतिशत हो। इस दौरान दर्जनों लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी और सुख दुख में बराबर का साथी बनने का भी भरोसा दिया। मौके पर प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, जलेश्वर यादव, प्रोफेसर दीपक कुशवाहा, अध्यक्ष लालमोहन रविदास, अजय वर्मा, पंचायत सचिव मनोज मेहता, एआइपिसी कोऑर्डिनेटर संदीप धवन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बारिश से गिरा मिट्टी का घर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कइ गांवों में मिट्टी से बने घरों में पानी घुसने से कुछ गिर गये और कुछ गिरने के कगार पर हैं। इस बारिश में ग्राम मानपुर निवासी बबीता देवी का मकान गिर गया है। उसे बारिश में भीग कर रात बितानी पड़ रही है। इसके पति की मौत हो चुकी है। इसके कंधे पर बुढ़े ससूर व छोटे छोटे बच्चों की जिम्मेदारी आ गई है। लेकिन इस बारिश ने उसका रहने का आशियाना छिन लिया है। उसने विभागीय अधिकारियों से पीएम आवास देने की गुहार लगाई है।

## महाधिवेशन को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं की बैठक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किरिगडा गांव मे आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में रांची में होने वाले महाधिवेशन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही एक महिला ग्राम प्रभारी तथा एक पुरुष ग्राम प्रभारी का चयन किया गया। महिला ग्राम प्रभारी के रूप में नमिता देवी पति कौशलेश महतो तथा पुरुष ग्राम प्रभारी के रूप गणेश महतो पिता स्व. धनु महतो का चयन किया गया। चयन ग्राम प्रभारी मोराहबादी मे आजसू पार्टी के होने वाले केंद्रीय महाधिवेशन में भाग लेंगे। इस मौके पर केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार, महिला प्रकोष्ठ के केरेडारी प्रखंड सचिव आशा देवी, काशीनाथ महतो, राजकुमार महतो, विनोद महतो, गणेश महतो, मनिता देवी, यशोदा देवी, नुनिता देवी, गीता देवी, भारती देवी, मालती देवी, गंगाधर महतो, डालचंद महतो, कमलेश कुमार, विनोद कुमार, छोटू कुमार, राकेश कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक्सपोजर विजिट के लिए हजारीबाग और चुरचू प्रखंड प्रमुख का चयन



**चरही (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग ने विशेष आवश्यकता के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न प्रखंड के जनप्रतिनिधियों को राजस्थान के एक्सपोजर विजिट के लिए चुना है। राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, और दारू प्रमुख कुमारी सवेता, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी, सदर बीना देवी चयनित किया गया है। सूची में 26 से 30 सितंबर 2023 तक चयनित प्रखंड प्रमुख के राजस्थान का एक्सपोजर विजिट निर्धारित किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार राजस्थान में प्रखंड स्तर पर हुए विशेष कार्यों से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जायेगा। इसके बाद झारखंड पंचायती राज्य विभाग राज्य स्तर पर इसका लाभ लेगा। हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, और दारू प्रमुख कुमारी सवेता, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी, सदर बीना देवी चयनित किया प्रमुख को क्षेत्र वासियों नेबधाई दी है।

## जय गणेश-जय गणेश से गूंज रहा पंडाल



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सिद्धि विनायक गणेश पूजा महोत्सव में सारे भक्त रंगे हुए हैं। अहले सुबह से लेकर रात तक पंडाल में आस्था की भीड़ देखते ही बन रही है। पूजा के तीसरे दिन गुरुवार को व चौथे दिन शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। मरकच्चो के नव युवक क्लब जामु बाल गणेश पूजा समिति नदी पर जामु, युवक क्लब गणेश पूजा समिति विंडा, गणेश पूजा समिति सिमरिया, गणेश पूजा समिति चोपनाडीह, गणेश पूजा समिति दरदाही में भव्य पंडाल बनाकर भगवान श्री सिद्धि विनायक की प्रतिमा मंगलवार को स्थापित की गयी। इन सभी स्थानों पर गणेश पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से चल रहा है। प्रत्येक दिन विविध संस्कृति कार्यक्रमों में भी लोग की भीड़ जुट रही है। प्रत्येक दिन प्रात काल की पूजा अर्चना और पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया है। वहीं संध्या में होने वाले महा आरती में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था की बयार बह रही है। शुक्रवार को गणपति पूजा समितियों के द्वारा बालभोग का आयोजन किया गया। साथ ही साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। वही शाम में मटका फोड़ आयोजन के बाद रात्रि में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ धूमधाम से विसर्जित किया जायेगा।

## सांप के डसने से एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के खलकथंबी में शुक्रवार की सुबह एक विषैला सांप के डसने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान रौशन कुमार पिता अनिल राजवंशी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाजरत रौशन ने बताया कि वह घर में सो रहे थे। इसी दौरान छप्पर से विषैला सांप रसल वाइपर उसके हाथ पर गिरा और हाथ में काट लिया। जिसके बाद उसके परिजन सांप को पकड़ कर बाल्टी में बंद कर दिया और घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। इस दौरान बाल्टी में बंद सांप को भी परिजन चिकित्सक की पहचान के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल में डॉक्टर नीरज शाहा की देखरेख में घायल रोशन कुमार का इलाज चल रहा है। डॉ नीरज शाहा ने बताया कि रसल वाइपर अति विषैला सांप है। सांप काटने के बाद मरीज का हाथ सूज गया है। फिलहाल आवश्यक दवाई देकर सर्प दंश के शिकार व्यक्ति का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## भाजपाइयों ने किया सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत



कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को वित्त संबंधी स्थाई समिति के पांचवीं बार अध्यक्ष बनाये जाने पर रामगढ़ नप अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाई में भाजपाइयों ने धनहारा चौक सांडी में स्वागत किया। सिन्हा रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रुके थे। वही, सांसद जयन्त सिन्हा को मिली उपलब्धि के मौके पर भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त की। साथ ही, बधाई दिया। मनोज गिरी समेत कई कार्यकर्ताओं ने फूल माल पहनाकर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालो मे सुनील प्रसाद साहू, विजय गिरी, संतोष शर्मा, मुकेश ठाकुर, सुभद्रा अग्रवाल, रंजीत प्रसाद साहू, गौतम राम, नंदकिशोर ठाकुर,आशु सिंह, देवेंद्र गिरी, लोकनाथ रजवार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

# सोशल मीडिया पर करें योजनाओं का प्रचार प्रसार : राहुल

**इच्छाशक्ति से मिलती है हर मुश्किल लक्ष्यः जयंत सिन्हा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** होटल ट्रीट के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश शोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न हुई। आगामी आम चुनाव के मद्देनजर भाजपा का देशव्यापी शंखनाद अभियान के निमित इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आइटी सेल प्रभारी भानु जालान और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी उपस्थित हुए। मंच संचालन और विषय प्रवेश करवाते हुए संतोष शर्मा ने मुख्य अतिथियों को रामगढ़ जिले में शोशल मीडिया टीम का गठन मंडल स्तर पर होने की जानकारी के साथ प्रत्येक बूथ को व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से प्रदेश को जोडने की जानकारी दी गयी।

**वर्तमान में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका :** मुख्य अतिथि राहुल अवस्थी ने आज के सामाजिक परिवेश में शोशल मीडिया की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि जनसमस्याओं को उठाने के अलावा भाजपा सरकार के द्वारा उठाए गये राष्ट्रनिर्माण में उपयोगी कदमों को भी विस्तृत रूप से शेयर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के मध्याह्न में दिल्ली से लोकसभा के विशेष सत्र में हिस्सा लेकर लौटे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने भी हिस्सा लिया।

जहां उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने अपने पारिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों से भी तीस सेकेंड का वीडियो सरकार की उपलब्धियों को इंगित करते हुए रिकॉर्ड कर शोशल मीडिया पर शेयर करने की नसीहत देते हुए इसे सरकार के कामों को प्रचारित करने का सबसे आसान और उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने जॉन एफ केनेडी के उस भाषण का जिक्र करते हुए कहा जिसमे उन्होंने कहा था की हम चांद पर जाना चाहते है और हम जानते है की ये आसन नही बल्कि मुस्किल है और इसी लिए हमने ये चुना है। अर्थात बड़े संघर्ष के बाद हीं बड़ी मंजिल मिलता है ये बताते हुए जयंत सिन्हा ने बताया की देश को विश्वगुरु बनाने हेतु इसी तरह के कड़े संघर्ष हमारे प्रधानमंत्री और भाजपा का कार्यकर्ता कर रहा है। ये मुश्किल है ये बात भी हम और हमारे प्रधानमंत्री भी जानते है पर मजबूत इच्छा शक्ति हीं कुछ बड़ा मंजिल दिलवाती है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू, रंजन फौजी, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आइटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू, राकेश पांडा, रवि मिश्रा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, धीरज साहू, विजय पाठक, रुदल, अर्जुन कुमार, निरंजन कुमार, मिथलेश तिवारी, दिलीप प्रसाद, दीपक कुमार, महेंद्र महतो, रीति श्रीवास्तव, कौशल कुमार, ललन सिंह, किशोर कुमार, संजीत कुमार, संतोष केशरी, मिथलेश कुमार मंडल, सतेंद्र पांडे, बिनोद कुमार सिंह, प्रदीप कुशवाहा इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## केंद्र सरकार जातीय जनगणना जल्द करें: रविंद्र



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि महिला आरक्षण बिल पर केंद्र सरकार राजनीतिक ना करें। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा सरकार केवल महिलाओं के अधिकार की बात करता है जबकि बहुजन समाज पार्टी महिलाओं का अधिकार दिलाने के लिए हमेशा आंदोलन करते रहा है। रविंद्र पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार को जातीय जनगणना करने में पहल करनी चाहिए ताकि एससी एसटी ओबीसी को भी आरक्षण का लाभ मिलने से महिलाओं का हक और अधिकार मिलेगा।

## बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने सौंपा ज्ञापन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार को पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में पतरातू प्रखंड मुख्यालय के समीप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मूर्ति स्थापित करने, मुख्यमंत्री अबू आवास योजना में सभी गांव में सर्वे करने, पतरातू सांकूल जाने वाले सड़क की मरमती करने सहित कई मांग की गयी है। इस मौके पर सुखदेव रवि, दशरथ सिंह, कामता पासवान सहित बहुजन समाज पार्टी के नेता शामिल थे।

## सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को दुलमी प्रखंड स्तरीय पर सिदो कानहू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर दुलमी प्रखंड के सभी गांव से आये मतदाताओं ने अपना समर्थक को वोट दिया जिसमें सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष की के लिए तीन पद पर चुनाव संपन्न हुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार के निगरानी और देखरेख में वोटिंग संपन्न हुआ चुनाव के माध्यम से दुलमी प्रखंड स्तरीय सिदो कानहू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। अध्यक्ष देवेंद्र महतो बेयांग सचिव लखेंद्र महतो इचातु, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उसरा निर्वाचित हुए है। जीत के बाद पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद के ब्रह्मदेव महतो द्वारा मिठाई खिलाकर बधाइयां दी और पूरे प्रखंड क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने और बेहतर कार्य करने की सलाह दिया। जीत पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर महतो, सचिव सुरेश पटेल सहित पार्टी के दर्जनों लोगों द्वारा बधाई दी।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयूरहंड की समीक्षा बैठक




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयुरहंड की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत ब्लॉक विकास योजना तैयार करना है। बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को प्रखंड विकास योजना का प्लान तैयार कर जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मयुरहंड प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी सोमनाथ बामकिया, बीपीआरओ मयुरहंड, एमओआइसी मयुरहंड सुमित जयसवाल, बीपीओ राहुल कुमार, कृषि विभाग से चंदन कुमार राम, एचएम स्वामी विवेकानंद, एमएस पुरैना विकास कुमार सिंह, पीरामल टीम से अमृता प्रजापति और ऋषभ कुमार समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नयी दिल्ली और डीएवी पब्लिक स्कूल, चतरा के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में डीएवी चतरा के साथ साथ केडीपी एस टंडवा, साईं इंटरनेशनल स्कूल, इटखोरी, जे एन वी, चतरा, के साथ-साथ हब ऑफ लर्निंग के अंतर्गत सीबीआई संबद्ध विद्यालयों के सभी प्राचार्य और शिक्षकों ने भाग लिया। जिनमें साईं इंटरनेशनल स्कूल, इटखोरी के प्राचार्य एच जी तिवारी, डीपीएस, टंडवा के प्राचार्य एस के सिन्हा आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार सभी शिक्षक और प्राचार्य को 50 घंटे का प्रशिक्षण में भाग लेना है। इस मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल, चतरा के स्थानीय प्रबंधन समिति के चैयरमैन कुमार विवेक तथा सभी सदस्य उपस्थित थे। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में डी ए वी चतरा शिक्षक अभय प्रकाश आर्य (विषय-21 सदी के कौशल) और यू के सिंह( विषय-प्रभावी संचार कौशल) ने विविध आयामों को विस्तार से पीपीटी के माध्यम से सबके समक्ष रखा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएवी के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद के निर्देशन में एस टी एन सी संजय कुमार पुरी तथा आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला संयोजक प्रदीप कुमार साव के साथ साथ विद्यालय के अन्य सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय

**महिलाओं को आरक्षण मिलने से राजनीति में बढ़ेगा महिलाओं का कदः यदुनाथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लोकसभा कार्यालय में भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. यदुनाथ पांडेय मिलकर वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा किया। साथ ही संगठन और सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की नारी शक्ति को सम्मान और अधिकार के बिल का ऐतिहासिक करार दिया। इस अधिनियम की जितनी भी प्रशंसा की जाय वो कम होगा। क्योंकि समाज में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की व्यवस्था करने वाला 128 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में लगभग सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। इस अपार समर्थन से यह प्रतीत होता है कि अब आगे किसी अड़चन की संभावना नहीं है। पीएम मोदी की कैबिनेट ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटें आरक्षित करने की वर्षो से जारी मांग पर पहल करते हुए लोकसभा में मोहर लगा दी गयी है। डा. पांडेय ने कहा कि इस ऐतिहासिक बिल को राज्यसभा के साथ साथ राज्य के विधानसभाओं में सर्वसम्मति से पारित कर भारतीय संसदीय इतिहास के स्वर्णिम इतिहास बनाने में हर दल का योगदान अपेक्षित है। समाज में महिलाओं को आरक्षण मिलने से निश्चित तौर पर बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस प्रकार मातृशक्ति को नेतृत्व शक्ति प्रदान करने वाले और महिला आकांक्षाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रमुख कारक पीएम मोदी सरकार की दूरदर्शी नेतृत्व है। यही कारण है कि मोदी सरकार की इस ऐतिहासिक बिल का समर्थन विपक्ष भी कर रहा है। साथ ही इस बिल की विशेषता है कि हर दल के शीर्ष नेतृत्व और सांसद व विधायक इसके महत्व को दिल से स्वीकार करता है।

## इस्लामिक क्वीज की तैयारी अंतिम चरण में



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** मिल्लत ए इस्लामिया मरकज, बरकाकाना एरिया कमेटी की बैठक एदारा ए शरिया रामगढ़ अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना में संपन्न हुई। बैठक के दौरान आगामी चौबीस सितंबर को दुर्गी में आयोजित इस्लामिक क्वीज की तैयारी का जायजा लिया गया। मरकज के पदाधिकारियों ने बताया कि तैयारी अंतिम चरण में है। आगामी मौखिक सवालों जवाब मुकाबला अर्थात क्विज में रामगढ़ जिले के कई मदरसे में अध्यनरत विद्यार्थी एवम क्षेत्र के विभिन्न गांव के मकतब में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेंगे। मदरसा व मकतब के बच्चों का अलग-अलग मुकाबला आयोजित की जायेगी। इस्लामिक क्वीज मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इस्लाम अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना में सुबह 10 :00 से शुरू होगा। रिपोर्टिंग टाइम 9 :00 बजे रखा गया है। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का हौसला अफजाई के साथ उनके उस्ताद को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों को पुस्तक, शील्ड, मेडल, मोमेंटो के साथ साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किये जायेंगे। उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बच्चों के अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी नागरिकों से शिरकत करने की अपील की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से मरकज के सरपरस्त हाजी मो खलील, सदर हाजी ताहिर हुसैन, सेक्रेटरी प्रो शाहनवाज खान, नसीर अहमद, नसीम अख्तर, हाजी मो राशिद, मौलाना रियाज अहमद, हनफी, जलील अंसारी, सहमत अली, नसीर अहमद, आजाद अंसारी, कलीम अंसारी, नसीम अंसारी, इशराफील अंसारी, मनसुर अंसारी आदि मौजूद थे।

## भुरकुंडा में चल रहे एकल अभियान में पहुंचे संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में एकल अभियान के तहत चल रहे तीन दिवसीय आवसीय आचार्य चयन वर्ग के दुसरे दिन गुरूवार को पंचम सत्र में भुरकुंडा संच समिति संरक्षक योगेश दांगी उपस्थित हुए। इस दौरान योगेश दांगी ने सभी आचार्यों को हाल चाल जाना। साथ ही ठीक से प्रशिक्षण लेकर अपने गांव में एकल अभियान के कार्य को ठीक प्रकार कार्यान्वित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से समाज में बहुत ही अच्छा परिणाम प्राप्त हो रहा है। सुदूरवर्ती गांव में एकल अभियान का कार्य चल रहा जिससे गांव के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिया जा रहा। ताकि भारतीय पारंपरिक सभ्यता बचा रहे। मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पतरातू संच महिला समिति उपाध्यक्ष मालती गुप्ता, अंचल महिला समिति सचिव अनामिका श्रीवास्तव, रांची भाग आरोग्य योजना प्रभारी डॉ. नारायण सिंह, दक्षिण झारखंड संभाग प्रशिक्षण प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल अभियान प्रमुख चंद्रशेखर कुमार, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नंदकिशोर, अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख खिरेंद्र कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख उमेश कुमार, संच प्रमुख नागेश्वर महतो, शान्ती देवी, गुलाब राम दांगी, कौशैल्या देवी, संच व्यास राजेंद्र भोगता, संच व्यास सुखराम बेदिया, सुलेखा कुमारी सहित 40 गांव से आये प्रशिक्षणार्थी, आचार्या दीदी शामिल हुईं।

# देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ भाकपा का विरोध प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हंटरगंज/ चतरा।** देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित देशव्यापी अभियान के तहत हंटरगंज प्रखंड इकाइ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर एक जुलूस निकाली गयी, जो पानी टंकी से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। इस दौरान दौरान केंद्र सरकार के विरोध में कई नारे लगाये गये। भारत सरकार दिल्ली और राज्य सरकार झारखंड के नाम प्रेषित 13 सूत्री मांग से संबंधित एक मांग पत्र अंचलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें वन भूमि पर सैकड़ों वर्षों से बसे लोगों को पट्टा देने, डीजल, पेट्रोल, रसोइ गैस के दाम काम करने मनरेगा का आवंटन बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ते के लिए केंद्रीय योजना कानून बनाने, फील्ड फायरिंग रेंज, भारत माला हाइवे और रेलवे ट्रैक के निर्माण पर रोक लगाने, गैरमजरूआ जमीन को रैयती जमीन का मान्यता देते हुए सरकारी रसीद निर्गत करने। कार्डधारी को अनाज कम देने वाले जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच कर डीलर पर कार्रवाई करने, हंटरगंज प्रखंड सहित चतरा जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए राहत कार्य अविलंब प्रारंभ करने, राज्य और केंद्र सरकार के तमाम खाली पदों पर अविलंब बहाली करने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए अनाज के साथ 14 आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करने, के अलावे अन्य मांग शामिल हैं।

यह कार्यक्रम राज्य सचिव संजय पासवान के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर रामदेव सिंह, राजेश दास राजकुमार यादव दूधनाथ यादव, जुगेश्वर प्रजापति लोहड़ी यादव के अलावा अनेक लोग उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पटेलनगर में एक घर से तीन मोबाइल और 25 हजार नगद की हुई चोरी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी से शुक्रवार को एक घर में घुसकर तीन मोबाइल और 25 हजार नगद की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार पटेलनगर निवासी शिवकुमार गोस्वामी अपने घर में थे। इसी दौरान एक महिला दो बच्चों के साथ रूद्राक्ष बेचने उनके मुहल्ला में आयी थी। जब महिला उनके घर के पास पहुंची तब वे अपने दुसरे कमरे में कुछ काम से चले गये। थोडी देर बाद जब कमरे में वापस पहुंचे तो देखा कि घर मे रखे तीनो मोबाइल गायब और 25 हजार नगद गायब है। इसके बाद उन्होने आसपास के लोगो के साथ महिला और बच्चों की काफी खोजबीन की। लेकिन महिला का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद शिवकुमार गोस्वामी ने भुरकुंडा ओपी को आवेदन दिया है।

## समस्याओं को लेकर छावनी परिषद् के सीइओ से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र की समस्या को लेकर रामगढ़ चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से मिला। चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में रामगढ़ के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से शहर की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़कों, इस्ट्रीट लाइट, आवारा जानवरो, डंपिंग यार्ड में कचरो को सड़क पर गिरने, वाहनो के पार्किंग आदि से अवगत कराते हुए उनके निराकरण के लिए पहल करने का निवेदन किया। जिस पर मुख्य अधिशासी अधिकारी ने उक्त समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मंजीत सहानी, सचिव मानु चतुवेर्दी, कोषाध्यक्ष इन्द्रजाल सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह शामिल थे।

## रामगढ़ जिला संवेदक संघ ने किया नये कार्यपालक पदाधिकारी का स्वागत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के पदभार ग्रहण करने के पश्चात रामगढ़ जिला संवेदक संघ के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर उनके द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष बात रखा गया कि नगर परिषद क्षेत्र में तीन महीनों से विकास के कार्य ठप पड़े है। उन्होंने बताया कि कार्य न होने से क्षेत्र की जनता ठगा महसूस कर रही है। क्षेत्र में नियमित साफ सफाई भी नहीं हो रही है। जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार पड़ा है। पदाधिकारी नही रहने से नगर परिषद के कर्मचारी भी सही ढंग से अपना कार्य नही करते थे। इस पर संज्ञान लेते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने संवेदकों को आश्वस्त किया कि जल्द ही क्षेत्र में सिथिल पड़े विकास कार्य प्रारंभ होंगे। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, मुखिया भानुप्रकाश महतो, ललन सिंह, अनिल पटेल आदि, धीरज सिंह, चेतलाल महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बंद पड़ी परियोजनाएं जल्द होंगी चालू : नीरज सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** पांच दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को आरा कोलियरी स्थित जुबली खेल मैदान में किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू जीएम नीरज कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन, झंडोतोलन, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त के बाद फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि सीसीएल कर्मी कोयला उत्पादन सहित खेल में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सीसीएल का नाम रौशन कर रहे है। उन्होंने खिलाड़ियों से आपसी सौहार्द वातावरण में खेल प्रदर्शन करने की बात कही। खेल में हार-जीत लगा रहता है। आगे विश्वास दिलाया कि प्रतिभावान खिलाड़ी कंपनी का प्रतिनिधित्व आगे करेंगे। कहा कि कोयला उत्पादन हेतु क्षेत्र की बंद पड़ी परियोजनाओ को जल्द ही खोलने की दिशा में सीसीएल जुटा है। निश्चित ही परियोजनाओं का खुलने से आने वाले दिनों में क्षेत्र में बेहतर विकास होगा। वही, मैदान के पास सीसीएल पार्क के बारे में कहा कि जल्द ही सुधार किया जायेगा। वही, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल मुख्यालय खेल प्रबंधक आदिल हुसैन शामिल रहे। उद्घाटन मैच सीसीएल कुजू बनाम नइसराय के बीच खेला गया। जिसमें कुजू की टीम ने 5 गोल दागकर शानदार जीत हासिल किया। वही, नइसराय की टीम ने एक गोल भी नहीं दाग सकी। इधर, डीएवी आरा के स्कूली बच्चों ने स्वागत गान की। वही, आगत अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर व गुलाब फूल भेंटकर सीसीएल कुजू क्षेत्र परिवार ने किया। कार्यक्रम का संचालन एसओपी गिरीश चंद्र व क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक प्रताप रंजन ने किया। मौके पर एसओ सिविल विजय प्रकाश, ओपी सिंह, राजेश कुमार, आरके यादव, पीएस देव, भूषण यादव, संतोष कुमार, हेमंत सिंह, जेवाई कामडे, एएन मिंज, साधना चौधरी, बालक अंसारी, सुधीर महतो, सनी कुमार, जगदीश महतो, राम भजन लाल महतो, बोधन मांझी, प्रदीप राम, श्याम सिंह, राम कुमार सिंह, अशोक कुमार, पंकज सिंह, आरएन सिंह, दाहो महतो, शंकर गिरी, वाहिद अंसारी समेत कई दर्शक मौजूद रहे।

## रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग के विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग स्नातक सत्र 2020-23 परिणाम जारी हुआ है। जिसमें रामगढ महाविद्यालय, रामगढ़ उर्दू विभाग के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन परिणाम प्राप्त किया है। दो को छोड़कर बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इन छात्राओं में रेहाना परवीन पहले, गुलबनफशा दूसरे और शाइस्ता नाज तीसरे स्थान पर रहीं। इन तीनों के उत्कृष्ट परिणाम के साथ लगभग सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक मिले हैं। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने उपरोक्त तीनों छात्रों के अतिरिक्त अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अधिक कक्षाएं लेने और मेहनत से पढ़ाई करने के कारण अच्छे परिणाम आये हैं। उन्होंने कहा कि इसे अंतिम पड़ाव या लक्ष्य नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने, व्यावसायिक शिक्षा के लिए कहीं प्रवेश लेने या रोजगार के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का प्रयास होना चाहिए। सेमेस्टर तीन और सेमेस्टर पांच के विद्यार्थियों ने भी अपने बड़े भाइयों और बहनों के परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त की है और इसी तरह अधिक कक्षाएं करने और कड़ी मेहनत करने की संकल्प लिया है। उपरोक्त दोनों सेमेस्टर के छात्रों ने अपने बड़े भाई-बहनों के उत्तीर्ण होने और विदा होने के सम्मान में और उर्दू विभाग में नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत में 30 सितंबर को एक भव्य समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# श्रेय लूटने की लड़ाई

नये संसद भवन में कामकाज की इससे बेहतर शुरुआत और क्या हो सकती थी कि दोनों सदनों ने भारी बहुमत से उस ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को पारित कर दिया, जो पिछले 27 वर्षों से अटका पड़ा था। हालांकि भारतीय लोकतंत्र की खासियत कहिए कि आजादी के तीन दशक भी नहीं हुए थे, जब देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिल गयी थीं। अमेरिका को भले ही पहली महिला राष्ट्रपति अब तक न मिली हो, भारत इस मामले में भी रे रिकॉर्ड बना चुका है। चुनावी राजनीति में भागीदारी का जहां तक सवाल है तो बतौर नागरिक और वोटर देश की आम महिलाओं ने उस मोर्चे पर भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 2019 लोकसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा दर्ज की गयी। मगर जहां तक चुनाव लड़ कर लोकसभा और विधानसभाओं में पहुंचने का मामला है, तो वहां महिलाओं का प्रतिशत चिंताजनक रूप से कम रहा है। आज जब लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है, तब भी यह कुल सदस्य संख्या के 15 फीसदी से कम ही है। अच्छी बात यह रही कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व ने इस स्थिति से उपजी चुनौतियों को महसूस करते हुए इस दिशा में प्रयास काफी पहले से शुरू कर दिये थे। अस्सी के दशक में जब राजीव गांधी सरकार पंचायती चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का विधेयक लेकर आयी, तो इसके पीछे भी सोच यही थी कि स्थानीय स्तर पर तैयार महिला नेतृत्व आगे चल कर विधानसभाओं और लोकसभा चुनावों में समर्थ महिला प्रत्याशियों की कमी दूर करेगा। फिर नब्बे के दशक के मध्य में बाकायदा लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण वाला बिल पेश कर दिया गया। उसके बाद बार-बार के प्रयास भी अगर इस विधेयक को कानून में तब्दील करने के लिहाज से नाकाफी साबित हुए तो उसके पीछे तमाम दलों के अंदर पुरुष सोच के वर्चस्व की भूमिका थी। बहरहाल, नये संसद भवन में जिस तरह से पक्ष-विपक्ष के तमाम दल इस बिल के पक्ष में खड़े दिखे, वह पिछले तीन दशकों में समाज में आए बदलावों और राजनीतिक दलों के अंदर आये उन बदलावों के एहसास का परिचायक है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि पक्ष-विपक्ष इस मसले पर आगामी चुनावों में भिड़े नजर नहीं आयेंगे। संसद में बहस के दौरान ही बड़ी बारीकी से तमाम दलों ने अपने अलग-अलग तर्कों की रेखाएं खींच दी हैं। जहां बीजेपी यह ऐतिहासिक बिल पारित कराने का श्रेय लेते हुए चुनाव मैदान में उतरने की सोच रही है, वहीं विपक्षी दलों का ध्यान इस पर अमल 2029 तक टालने वाले प्रावधानों पर है। कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग तो की ही है, जाति जनगणना का सवाल भी इससे जोड़ दिया है। जाहिर है, तमाम दलों ने मिल कर भले ही यह बिल पास कर दिया हो, लेकिन इस पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश आगामी चुनावों में खूब दिखेगी।

**आज जब लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है, तब भी यह कुल सदस्य संख्या के 15 फीसदी से कम ही है। अच्छी बात यह रही कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व ने इस स्थिति से उपजी चुनौतियों को महसूस करते हुए इस दिशा में प्रयास काफी पहले से शुरू कर दिये थे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाये हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों।**

# सामाजिक परिवर्तन हेतु उद्यमिता को प्रोत्साहन



**सौरभ गर्ग**

सामाजिक परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाये हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है। वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है,

**हाशिए पर रहनेवाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलता पूर्वक साकार किया है।**



जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता।

इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटा कर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआइआइएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआइआइएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआइआइएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकर्ताओं द्वारा शुरू की गयी प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिला कर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म aye-mentor.in की स्थापना की गई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं।

इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

वर्ष 2021 में, सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाइ) के तहत सेज (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गयी थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है। ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब मेक इन इंडिया पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गयी एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे और एक प्रगतिशील एवं एकजुट भारत के सामूहिक दृष्टिकोण को साकार करेंगे।

**(लेखक : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

## डीआरएम ने टाटानगर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

# 500 करोड़ की लागत से होगा स्टेशन का जीर्णोद्धार

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम अरुण जे राठौर ने टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा बहुत जल्द टाटानगर रेलवे स्टेशन अपने नए रूप में नजर आयेगा। लगभग 500 करोड़ की लागत से टाटानगर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार किया जायेगा। टाटानगर रेलवे स्टेशन का दायरा बढ़ाने की तैयारी रेल प्रबंधन द्वारा शुरू कर दी गई है। स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर मुख्य सड़क को भी स्टेशन के दायरे में शामिल किया जाएगा। कीताडीह जाने वाला मुख्य मार्ग रनिंग रूम तक टाटानगर रेलवे स्टेशन का दायरा बढ़ाया जाएगा। टिकट काउंटर को सेकंड एंट्री गेट में ले जाने का प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा तीन चरण में लगभग 500 करोड़ की लागत से टाटानगर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार होगा। इसे लेकर कोलकाता गार्डन रिच, सीकेपी डिविजन व दिल्ली से संबंधित पदाधिकारी ने डीपीआर तैयार करने को लेकर सीकेपी डिविजन के डीआरएम अरुण जे राठोर के साथ पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीआरएम ने कहा 2 से 3 महीने में डीपीआर तैयार होने की संभावना है। डी पी आर को रेलवे बोर्ड के पास भेजा जाएगा। तत्पश्चात फेज वाइज काम शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा रेलवे के पास टाटानगर रेलवे स्टेशन के दोनों छोर पर 300 से 400 मीटर रेलवे लाइन है। जिसका इस्तेमाल यात्री सुविधाओं के साथ रेलवे कमर्शियल डिपार्टमेंट के लिए भी की जायेगी। उन्होंने कहा बहुत जल्द टाटानगर रेलवे स्टेशन अब नए रूप में नजर आएगी।डीपीआर के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। वही शुक्रवार को डीआरएम के आने की सूचना पर टाटानगर ओवर ब्रिज की समस्या को लेकर भाजपा नेता सतवीर सिंह सोमू डीआरएम से मुलाकात की। दरअसल शुक्रवार को डीआरएम ने जनता की समस्या रेलवे ओवरब्रिज सहित अन्य मामले में जांच के बाद अधिकारियों को निर्देश देते लेकिन उस बीच भाजपा नेता सतवीर सिंह सोमू ने ओवर ब्रिज की शिकायत करने लगी। एक नंबर प्लेटफॉर्म के मुख्य द्वार के सामने डीआरएम को ओवरब्रिज पर हो चुके बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या से अवगत कराने के दौरान भाजपाई डीआरएम के सामने आरपीएफ एएसआई से उलझ गए। वही सतबीर सिंह सोमू की बात का कुछ रियेक्ट किया। जिसपर सोमू ने उक्त एएसआई की फराटेदार इंग्लिश बोलते हुए क्लास ले ली।सोमू का तर्क था वह अधिकारी के समक्ष अपनी बातें रख रहे हैं। बस फिर क्या था अपने सामने कर्मचारी को झाड़ पड़ते देख डीआरएम ने भाजपा नेता सोमू की जमकर क्लास ली। जिससे वहां मौजूद सभी भाजपाई सन्न रह गए। डीआरएम ने कहा हम ओवर ब्रिज से पैदल भी चले और कार से भी, समस्या है, सुधार होगा। डीआरएम ने उन्हें आश्वासन दिया वे इस मामले को लेकर गंभीर हैं। इस घटना के बाद सोमू ने मीडिया को बताया वह जनता की बात लेकर डीआरएम से मिलने आये थे। डीआरएम का यह रवैया अफसरशाही वाला है। जनता पर उनका यह व्यवहार नहीं चलेगा। वे इस मामले को लेकर रेल मंत्री तक शिकायत करेंगे।

# बंगाल क्लब में प्रदर्शनी का शुभारंभ

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**जमशेदपुर।** साकची बंगाल क्लब प्रेक्षागृह में महिलाओं द्वारा संचालित कोलकाता के सामाजिक संस्था आदित्य ग्रुप व नारी सृष्टि के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बंगाल क्लब प्रेक्षागृह के पहले तल्ले पर 22 सितंबर से 24 सितंबर तक चलने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन समाजसेवी पूर्वी घोष ने फीता काटकर किया। मौके पर संस्था के माम्पी आदित्य ने बताया बंगाली समुदाय दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मनाते है। इस को ध्यान में रखते हुए कोलकाता के प्रसिद्ध संस्था आदित्य ग्रुप व नारी सृष्टि की पूर्व पूजा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें साड़ी, चूड़ीदार, कुर्ति, लहंगा, पलाजो, गाउन सहित आकर्षक आभूषण से सजाया गया। इस साल बिल्कुल नए न्यू डिजाइन प्रदर्शनी में रखा गया हैं। कावेरी चक्रवर्ती ने बताया तीन दिवसीय प्रदर्शनी रोजाना सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी। प्रदर्शनी में कोलकाता व जमशेदपुर के बेहतरिन कारीगरों द्वारा तैयार फैशन व लाइफस्टाइल से जुड़ी करीब 17 डिजाइनर शामिल हैं। उन्होंने बताया प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर करने का प्रयास की जा रही है।

## दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर।** टेल्को ट्रक पार्क दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। बताया जा रहा है टेल्को ट्रक पार्क दुर्गा पूजा समिति के द्वारा 1962 से प्रत्येक साल से भव्य दुगार्पूजा का आयोजन किया जाता है। अब इस पूजा में कई घरों से तीसरी पीढ़ी भी शामिल हो रहे है। महासचिव विनोद सिंह ने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुगार्पूजा हषोउल्लास से मनाई जायेगी। कमेटी में महिलाओं को भी जिम्मेवारी दी जायेगी।

## स्वर्गीय मोहन सिंह की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन, 55 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में दीन दुखियों, निर्धन, जरूरतमंदों की पीड़ा को महसूस कर सामर्थ्य के अनुसार लोगो की मदद करने वाले स्वर्गीय मोहन सिंह की याद में 38 वा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को एससीएन न्यूज के निर्देशक सह प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह उर्फ पुतुल के नेतृत में रक्तदान शिविर सैकड़ो पत्रकार व छायाकार सहित अन्य युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।जमशेदपुर ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर एससीएन न्यूज के निर्देशक सह प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने बताया स्वर्गीय मोहन सिंह के याद में रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया शहर में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ गया है। किसी भी व्यक्ति को रक्त के लिए भटकना न पड़े इसके लिए प्रत्येक वर्ष दो बार रक्तदान का आयोजन की जाती है। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने बताया स्वर्गीय मोहन सिंह के स्मृति में 38 वा रक्तदान शिविर पुतुल सिंह के नेतृत्व में आओजन किया गया। उन्होंने बताया शहर के लिए स्वर्गीय मोहन सिंह एक कर्मठ व झुझारू व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने समाज के प्रति दायित्व का निर्माण करते हुए कम समय में हम लोग के बीच नही रहे। उनके द्वारा किए गए कार्य शहर वासियों के लिए यादगार स्वरूप है। भगवान उनके परिवार को शक्ति प्रदान करें। उन्होंने बताया स्वर्गीय मोहन सिंह के याद में प्रत्येक वर्ष दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस तरह का आयोजन आगे भी होता रहे यही मेरा कामना है।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का विधायक ने किया भूमि पूजन



**आजाद सिपाही सवांददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत गदड़ा वीर शहिद निर्मल महतो चौक में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को भूमि पूजन के दौरान क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ पूजा अर्चना कर पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने मां दुर्गा के आशीर्वाद से धूमधाम से प्रत्येक वर्ष की तरह हर्ष उल्लास के साथ त्यौहार मनाने की अपील। मौके पर मुखिया जूही बेसरा, बिस्वजीत भगत, विश्राम प्रसाद,राकेश सिंह, गौर मित्रा, अशोक सिंह, दूधनाथ मौर्य, विजय यादव, विकाश स्वर्णकार, विनय खरवार, प्रभु दयाल शर्मा, कृष्णा दास, विशाल , रामा, मनोज यादव, दिनेश, विवेक, वीरेन स्वर्णकार, आनंद, रंजित, उदय, सुजीत सहित अन्य शामिल रहे।

# आदित्यपुर थाना प्रभारी की सरानीय पहल
# दो नाबालिगों को मानव तस्करी से बचाया

**45 मिनट में दोनो नाबालिग को टाटा नगर स्टेशन से बरामद कर लिया।**

**गलत तरीका से झांसा देकर 14000/- से 15000/ तक कि वेतन में नौकरी लगवाने की बात कही गयी थी।**

**आजाद सिपाही सवांददाता**






**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर वास्को नगर निवासी दो नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर हैदराबाद ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों की माने दोनों का ही परवरिश गरीब परिवार से जुड़ा है। दोनों को नौकरी लगाने की झांसा देकर हैदराबाद ले जाया जा रहा था। हालांकि सूचना मिलते ही आदित्यपुर प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए 45 मिनट में दोनो नाबालिक को टाटा नगर स्टेशन से बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी दोनों नाबालिक लड़की को गलत तरीका से झांसा देकर 14000/- से 15000/ तक कि वेतन में नौकरी लगवाने की बात कही गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिक लड़की को आरपीएफ पुलिस की मदद से टाटानगर स्टेशन प्लेट फॉर्म न.2 से रिकवर कर लिया। पुलिस ने दोनों ही लड़की को सही सलामत उनके परिवार को सौंप दिया। फिलहाल उन्होंने पुलिस को कुछ भी बताने में असमर्थ थी। फिलहाल पुरे मामले की जांच कर रही है।

## जलकुंभी को हटाकर सफाई कार्य कराने का आग्रह



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सांसद प्रतिनिधि चंदन कश्यप ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को माँग पत्र समर्पित कर रामबांध तालाब में उग आये जलकुंभी को हटाकर सफाई कार्य कराने का आग्रह किया है। अपने आवेदन में सांसद प्रतिनिधि ने कहा है कि गढ़वा नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा मुंहल में अवस्थित रामबाँध तालाब वर्तमान में जलकुंभी, जो एक विषावत जलीय खरपतवार है, जलकुंभी से आच्छादित हो गया है। जिसके कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में हो गया है। विदित हो कि रामबाँध तालाब गढ़ता शहरी क्षेत्र में स्थित एक मात्र तालाब है। इस तालाब का धार्मिक महत्व भी काफी है। सदियों से यहाँ दुगार्पूजा, सरस्वती पूजा, विश्वकर्मा पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन किया जाता रहा है। इसलिए दुगार्पूजा के त्यौहार को देखते हुए रामबाण में आच्छादित जलकुम्भी को हटाते सफाई का कार्य कराने का आग्रह किया जिस से दुर्गा पूजा में विसर्जन सही तरीके से किया जा सके।

## डॉक्टरों के हड़ताल के कारण ओपीडी सेवा बंद

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने के कारण ओपीडी सेवा बन्द रहा।केवल आपातकाल की सेवा चालू था। लेकिन आपातकाल में आने वाले मरीजों का एमपीडब्ल्यू व एएनएम ने इलाज किया। ज्यादे गंभीर मरीज को रेफर किया गया। लमारी-कांडी मुख्य मार्ग स्थित चोरांटी पहाड़ के नजदीक एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में लोहरगड़ा गांव निवासी पुष्पा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। इलाज के लिए कांडी अस्पताल में लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार कर मझिआंव रेफर कर दिया गया। उक्त घायल लड़की कस्तूरवा स्कूल बरडीहा से अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर लोहरगड़ा आ रही थी। उसी दौरान चोरांटी पहाड़ के नजदीक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उसे माथा में गंभीर चोट आयी है। साथ ही उसे उल्टी भी हो रहा था। समाचार लिखे जाने तक 10 मरीजों का इलाज किया जा चुका था।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत शिविर का आयोजन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत नगर पंचायत मझिआंव अंतर्गत सफाई मित्र सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पीएम एसबीआई और जीवन ज्योति बीमा योजना से नगर पंचायत के कार्यरत सभी सफाई कर्मी लाभान्वित हुए, सामाजिक सुरक्षा शिविर योजना के दौरान बबलू डोम, संजय डोम, विकास कुमार, विजय शाह, विजय डोम, समुद्री देवी, सकुंतला, हेवंती कुंवर तथा मौके पर नगर प्रबंधक जितेश, विकास, राकेश सिन्हा और सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की गर्मी उपस्थित थे।

## बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और उनकी हिंसा गंभीर चिंता का विषय : गिरिनाथ सिंह




रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सहयोग से सवयंसेवी संस्थान लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के द्वारा समाज में ब्याप्त बुराईयां जैसे बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार, बाल यौन उत्पीड़न और हिंसा के खिलाफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, सीडब्ल्यूसी गढ़वा मुरली श्याम तिवारी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा और एलजीएसएस के फील्ड फैसीलेटेटर अमरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि समाज में फैली विभिन्न बुराईयों के साथ साथ बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के साथ हो रही यौन उत्पीड़न और उनकी हिंसा एक गंभीर चिंता का बिषय है। इस समाजिक बुराई को हम सब को मिलकर जड़ से उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है और हम सबों की यह जिम्मेदारी भी है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य भरतलाल चौधरी सहित समस्त प्रोफेसर उपस्थित थे।

## नि:शुल्क खून जांच सह मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल नहीं करने पर जागरूकता सेमिनार

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स सेवा सप्ताह के तहत बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में गढ़वा का जायन्टस ग्रुप गढ़वा के द्वारा नि:शुल्क खून जाँच सह मोबाइल फोन का आवश्यकता से अधिक इस्तेमाल करने पर जागरूकता सेमिनार किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश गुप्ता ने की जबकि मंच संचालन ग्रुप के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा ने की। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन के उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्ट मनोज केशरी रूपा गंजी विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय बच्चों को अपना ब्लड ग्रुप पता होना चाहिये, ताकि समय पर किसी जरूरतमंद को सहायता कर सके या कोई दुर्घटना के शिकार होने पर रक्त ग्रुप पता हो तो तत्काल खून चढ़ा कर खून की कमी से होने वाले मौत से किसी को बचाया जा सकता है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा हैं। ज्यादा मोबाइल चलाने से समय बर्बाद तो होता ही है साथ ही आँखों मे जलन, आँख से पानी आने जैसी कई बीमारियों का खतरा रहता है। इस कार्यक्रम के मौके पर जायंट्स गढ़वा के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, पूर्व अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी सन रेडियो, सदस्य रविंद्र केशरी, रवि केशरी, प्रोजेक्ट चेयरमैन अवधेश कुशवाहा वित्त निदेशक अशोक केशरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव का मामला पकड़ रहा है तूल

**प्रमुख द्वारा अपने समर्थन में दिये गये आवेदन को 4 पंसस सदस्यों ने बताया फर्जी, वोटिंग कराने की मांग**

आजाद सिपही संवाददाता



**मेराल।** मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के खिलाफ ले गए अविश्वास प्रस्ताव का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। प्रखंड के चार पंसस सदस्यों ने शुक्रवार को गढ़वा सदर एसडीओ राज महेश्वरम को आवेदन देकर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी पर अपने पक्ष में दिए गए आवेदन को फर्जी बताते हुए पूर्व में अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिए गए आवेदक को सही ठहरते हुए वोटिंग करने की मांग की है। गेरुआ की पंसस सुनीता देवी, गोंदा के राम राज उरांव, तीसरटेटूका की उर्मिला देवी तथा खोरीडीह की पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी द्वारा एसडीओ को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि हम चारों सदस्यों का प्रखंड प्रमुख द्वारा फर्जी हस्ताक्षर युक्त आवेदन अपने समर्थन में दिया गया है जो गलत है। इसके पहले हम चार सदस्यों सहित कुल 18 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन दिए थे जो सही है। परंतु प्रखंड प्रमुख द्वारा हम चारों सदस्यों का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अपने समर्थन में आवेदन दिया गया है, जबकि हम लोग हस्ताक्षर किए ही नहीं हैं। सदस्यों ने तथ्यों की जांच करा कर वोटिंग करने की मांग की है। एसडीओ को आवेदन देकर मिलने वालों में उपरोक्त चार सदस्यों के अलावे अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## पुलिस ने पांच अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा

आजाद सिपही संवाददाता



**रंका।** रंका थाना पुलिस ने गुरूवार को पांच अभियुक्तों को पकड़ कर गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया जिसमें दो को अवैध बालू परिवहन करने, एक को पोक्सो एक्ट एवं दो फरार चल रहे वारंटी शामिल हैं।इसके संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रंका थाना कांड संख्या 147/2023 दिनांक 19.09.2023 धारा - 376 भादवि 06 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त मन्तोष कुमार रवि उम्र 23 वर्ष पिता जीतबोहन राम ग्राम बांदू थाना रंका जिला गढ़वा।

रंका थाना कांड संख्या-148/2023 दिनांक - 20.09.2023 धारा - 379/411/34 भा०द०वि० 21 एम एम डी आर एक्ट 1957 एवं 54 जे एम एम सी ए एक्ट 2004 के प्राथमिकी अभियुक्त ट्रैक्टर चालक रविन्द्र उरांव उम्र 32 वर्ष पिता विश्वनाथ उरांव ग्राम खूरा रबदा थाना- रंका जिला गढ़वा।रंका थाना कांड संख्या 149/2023 दिनांक 21.09.2023 धारा 379/411/34 भादवि 21 एक्ट 1957 और 54 और जेएमएमसीए एक्ट 2004 के प्राथमिकी अभियुक्त ट्रैक्टर चालक गुलाम सरवर पिता स्व० कयूम अंसारी ग्राम बोड़ी थाना चैनपुर जिला पलामू तथा माननीय नयायालय का जीआर सी 1479/19 वारंटी अभियुक्त राजेन्द्र यादव उम्र 33 वर्ष पिता स्व० सुकट यादव ग्राम चुतरू थाना रंका जिला गढ़वा और माननीय न्यायालय का सीएफ 1736 / 16 का वारंटी अभियुक्त सोमारू साह उम्र 50 वर्ष पिता मुंशी साह ग्राम विश्रामपुर थाना रंका जिला गढ़वा को रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा नयायिक हिरासत में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

## बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों से हर हाल में राशन वितरण करने को कहा

आजाद सिपही संवाददाता



**बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अशोक कुमार भारती शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक के दौरान बीडीओ सह एम ओ ने सभी डीलरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का राशन निर्धारित समय सितंबर माह में वितरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही श्री भारती ने कहा कि जिस जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा अनियमितता पाया जायेगा या उनका शिकायत मिलेगा तो उनके खिलाफ कार्यवाई किया जायेगा। श्री भारती ने कहा कि तीनों माह का राशन अगर जो डीलर वितरण नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ जांच करते हुए रिकवरी और सर्टिफिकेट केसे किया जायेगा। इस बैठक में माह जुलाई अगस्त तथा सितंबर का खाद्यान्न उठाव और वितरण से संबंधित प्रतिवेदन, आधार कार्ड प्रविष्टि से संबंधित निवेदन, मृत/अयोग्य कार्डधारियों की सूची एवं धोती साड़ी उठाव और वितरण के सूची का मांग करते हुए जांच किया गया। साथ ही सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को कहा कि हर हाल में सभी लाभुकों के बीच राशन जल्द से जल्द वितरण करें।

## एवीवीपी ने एसपी को ज्ञापन दिया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसपी को ज्ञापन देकर व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल संख्या 8210071287 द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से संबंधित भ्रामक और तथ्यहीन सूचना विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुपों में प्रसारित किया जाने की शिकायत की है। जिसमें वर्णन किया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जातिगत आरक्षण का सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

## मृतक के परिजन को बंधाया ढांढ़स, आर्थिक मदद की

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के बिकताम पंचायत के कमरमा गांव में मधु सिंह औरं सुरेश सिंह की माता के निधन की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर झामुमो नेताओं ने मृतक के घर पहुंच कर शोकसंतिप्त परिजन को ढांढस बंधाया तथा आर्थिक सहयोग के रूप में तत्काल 11 हजार रुपया का सहयोग राशि दिया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ नेता मिथलेश देव, स्थानीय मुखिया अजीज अंसारी, बिकताम मुखिया सुरेश पासवान, उप मुखिया नसीमुद्दीन, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नुरुल होदा अंसारी, असरेश सिंह, मिनहाज आलम, राजा राम सहित कई अन्य लोग थे।

# राशन कार्डधारियों ने डीसी को आवेदन देकर सात माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत की

**आवेदन देने वाली महिलाओं ने न्याय नही मिलने पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने की भी चेतावनी दिया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**राशन के लिए शिकायत करनेवाले**

**अवधेश पांडेय, रामउचित पांडेय, निर्मल पांडेय,श्यामनाथ धर दुबे, इस्लाम अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, निरंजन विश्वकर्मा, उषा देवी, कलीम अंसारी, नुरजंहा बीबी, नासिर हुसैन, जाकिर हुसैन, हमीदन बीबी सहित 125 लाभुकों का हस्ताक्षर युक्त लोगों का नाम शामिल है।**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंडरा गाँव के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने उपायुक्त को आवेदन देकर सात माह से राशन नही मिलने की शिकायत किया है। वहीं आवेदन देने वाली महिलाओं ने न्याय नही मिलने पर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने की भी चेतावनी दिया है। मिली सूचना के अनुसार मंडरा गाँव की सैकड़ों महिला-पुरुषों ने उपायुक्त गढ़वा के नाम आवेदन दिया है जिसकी प्रतिलिपि कॉपी जिला आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांडी को दी गयी है। दिये गये आवेदन में लाभुकों ने जिक्र किया है कि सभी लाभुकों को गाँव के ही माँ दुर्गा स्वयं सहायता समहू के पास राशन पूर्व में मिलता था, पर अनियमितता के आरोप में माँ दुर्गा स्वयं सहायता समहू को निलंबित कर दिया गया था। उसके पश्चात सभी कार्डधारियों को शिवपुर स्थित नारायण पांडेय के दुकान से टैग कर दिया गया। परंतु कुछ दिनों के पश्चात उनकी मृत्यु के बाद सभी को राशन चेचरिया के संदीप उपाध्याय के दुकान से दिसंबर 2022 से टैग किया गया। संदीप उपाध्याय के द्वारा दिसंबर माह से राशन, धोती-साड़ी का उठाव किया गया जो लाभुकों को आज तक नही मिला। वहीं जनवरी 2023 से में कुछ राशन का वितरण हुआ परंतु कुछ का कालाबाजारी कर दिया गया। फरवरी, मार्च, अप्रैल 2023 तीनों महीने का राशन पूर्ण रूप से गोल कर दिया गया। तत्पश्चात बीच मे हो हल्ला के बाद कुछ लाभुकों के बीच राशन का वितरण हुआ कुछ के बीच वो भी नही हुआ उसके बाद जून, जुलाई, अगस्त एंव सितंबर माह का राशन मांगने लाभुक उनके यंहा जाते हैं तो वंहा से डांट-फटकार कर भगा दिया जाता है, व लाभुकों को खरी खोटी सुनाकर वापस कर दिया जाता है। इस संबंध में राशन डीलर संदीप उपाध्याय ने बताया कि उन्हें गोदाम से राशन नही मिला है। धोती साड़ी माँ दुर्गा स्वंय सहायता के लाभुकों के लिए 305 धोती साड़ी चाहिए जबकि सरकार के द्वारा मुझे मात्र 175 प्राप्त है। जबकि कांडी सहायक गोदाम प्रबंधक शाहिद अंसारी ने बताया कि डीलर संदीप उपाध्याय को आवंटन के अनुसार उनका राशन बराबर दिया गया है। वंही इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि मंडरा गाँव के ग्रामीणों से आवेदन मिला है, आवेदन के आलोक में कांडी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित में जाँच कर अविलंब कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## शोक सभा का आयोजन

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में कार्यरत रोजगार सेवक शशिकांत सिंह की दुखद व आकस्मिक निधन पर प्रखंड कार्यलय में शोक सभा का आयोजन के भावभीनी श्रधांजलि अर्पित किया गया। विदित हो कि मृतक शशिकांत सिंह धुरकी थाने के पनघटवा गांव निवासी पूर्व जीप सदस्य समाजवादी नेता जानकी सिंह के पुत्र थे।

**मोटरयान निरीक्षक कार्यालय, खूँटी**
(समाहरणालय परिसर, विकास भवन, खूँटी- 835210)

**सड़क पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहन मालिकों/चालकों के लिए**
**विशेष सूचना**

निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी/चालक अपने वाहनों को सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग ना करें। ऐसा करने से सड़क जाम की समस्या उत्पन्न होने के कारण आमजनों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है तथा सड़क दुर्घटना की भी प्रबल सम्भावना बनी रहती है।

वाहन का अवैध पार्किंग मोटरयान अधिनियम एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत् दण्डानीय प्रावधानित किया गया है।

जाँच के क्रम में अवैध पार्किंग की पुनरावृत्ति करने वाले सम्बंधित वाहनों के मालिकों/चालकों पर मोटरयान अधिनियम एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहत् शमनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मोटरयान निरीक्षक
खूँटी

PR 307510 Transport (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या : 7/2023-24 जिसका PR No. 306819 Drinking Water and Sanitation (23-24).D है जो रामगढ़ जिला अन्तर्गत PCC रोड निर्माण कार्य से संबंधित है, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने का स्थान। | 29.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। | 29.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। अधीक्षण अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अंचल हजारीबाग। |

नोटः–शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगे।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ।

PR.NO.307545 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।**
(अतिअल्पकालिक पुनर ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 35/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चतरा | चतरा | चतरा | समाहरणालय परिसर में कोर्ट रूम का निर्माण। | 2453700 | 5000 | 50000 | 02 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29/09/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.10.2023 से 09.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 10.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –11.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 307563 District(23-24)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**
Annexure 1

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-20/2023-24 Date: - 21.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Contruction of Check Dam on Goakhane River Block-Chandwara, District- Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 97.179 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 05.10.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 11.10.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 14.10.2023 at 2:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 16.10.2023 10:00 A.M to 3:00 P.M At office of 1. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma 2. Office of the Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Office of the Executive Engineer, Minor Irrigation, Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 307531 Minor Irrigation(23-24)#D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।**
**अतिअल्पकालीन ई0 टेन्डर निविदा आमंत्रण सूचना**

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर – **NREP-II/RANCHI/04/2023-24 Re-tender (3rd Call)**
पूर्व का **P.R No. 304231 NREP (23-24).D & 306451 NREP (23-24) D**

| कमांक | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लापुंग प्रखंड अंतर्गत Daru में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | 10,000.00 | 1,11,000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 26.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.09.2023 से दिनांक 04.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेश अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।
10. ई0–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0 – 9504917888
11. निविदा शुल्क राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची

PR 307566 NREP(23-24)D

## अब घरों में जाकर स्वास्थ्य कर्मी बनायेंगे आयुष्मान कार्ड: डॉ प्रकाश बड़ाइक



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। आयुष्मान भारत के तहत जिन लोगों का कार्ड अभी तक नहीं बन सका है, अब उन लोगों के घरों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहिया के दीदी घर में जा कर यह कार्ड को बनायेंगे। आयुष्मान स्कीम के तहत प्राइवेट या सरकारी हॉस्पिटल एपीएल परिवार के सदस्यों को 50 हजार रुपये और बीपीएल परिवार के लोगों को 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। इसके लिए व्यापक रुप से अभियान शुरू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग राज्य स्तर वो जिला पत्र जारी किया था। जानकारी के अनुसार बालूमाथ प्रखेड मुख्यालय स्थित सीएचसी मे सभागार मे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकार डॉ प्रकाश बड़ाईक ने बीपीओ, एएनएम, सहिया दीदी के साथ बैठक के क्रम आयुष्मान भवः कार्यक्रम, एएनसी, संस्थागत प्रसव और टीकारण पर चर्चा किया गया। आयुष्मान भवः के अंतर्गत जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना है, उनका कार्ड बनाना है।

# जेजेएमपी के सदस्य ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

10 वर्षों से कई उग्रवादी संगठन में कार्य किया कमलेश सिंह और आज पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया: अंजनी अंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार**। लातेहार जिला एक समय में नक्सलियों का क्षेत्र माना जाता था। मुख्य रूप से माओवादी, टीपीसी, जेजेएमपी और अन्य कई छोटे-छोटे उग्रवादी संगठन का लातेहार जिला के क्षेत्र में दबदबा होती थी। देखते देखते लातेहार पुलिस और झारखंड जगुआर की टीम ने उग्रवादी संगठन को बहुत ही कमजोर करने का काम किया। सभी संगठन से पुलिस का कई बार मुठभेड़ हुई। इस तरह से माओवादी संगठन और उग्रवादी संगठन दिन प्रतिदिन कमजोर होती गयी। उसके साथ ही पुलिस अपनी नीति को कुछ बदली और ग्रामीणों के बीच जाकर अधीक्षक के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गांव में जाकर छोटे-छोटे बच्चों को खाने पीने पढ़ाई करने खेल कूद करने को मुहैया करायाऔर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सही रास्ते पर चलने को बताया। झारखंड पुलिसिंग के तहत पुनर्वास नीति को लेकर सरेंडर करने की भी बात कही गयी। धीरे-धीरे इस बात से गांव के कुछ लोग उग्रवादी संगठन से दूर होने लगे। वही गांव में जा कर सरकार की बात को समझा गया और समर्पण करने का कार्य किया। इसी को देखते हुए आज लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर कमलेश सिंह उर्फ मुकेश जी उर्फ नाना जी करीब उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्गीय बलदेव सिंह ग्राम लात थाना छिपादोर लातेहार ने लातेहार पुलिस के समक्ष अपना आत्मसमर्पण किया। इसी बीच कमलेश सिंह ने कहा कि भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन से लेकर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन तक हमने 10 वर्ष कार्य किया, और इस बीच पुलिस से कई स्थानों पर मुठभेड़ हुआ जिसमें 2011 में मनिका थाना के डोकी में मुठभेड़ हुआ जिसमें हम शामिल थे। 2012 में सतबरवा थाना में मानसूति जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ हुआ, उसमें भी हम शामिल थे। 2014 में लातेहार थाना अंतर्गत बेंदी जंगल में पुलिस और हमारे दस्ते के बीच मुठभेड़ हुआ जिसमें दो जेजे एमपी के सदस्य मारे गए थे। उसमें भी मैं शामिल था। अब मैं आम जिंदगी जीना चाहता हूं और सभी के साथ मिलजुल कर रहना चाहता हूं और कानून के शरण में जाना चाहता हूं इसी के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष आज हम आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसके साथ ही अब मैं परिवार के साथ भी रहना चाहता हूं। इधर पुलिस भी आत्म समर्पण करने वाले सब जोनल कमांडर को गुलदस्ता देकर कर कानून में विश्वास रखने को कहा है।



# संस्कृति और सभ्यता को बरकरार रखना हमारा मूल कर्तव्य: मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

किस्को में मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने आदिवासी समुदाय के 35 खोड़हा के बीच बांटी मांदर

आजाद सिपाही संवाददाता




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में माननीय विधायक सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के द्वारा मांदर वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव व अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत और दीप प्रज्वलित कर किया गया। क्षेत्र के आदिवासी खोड़हा दल के बीच में मांदर वितरण किया गया। जिसमें किस्को प्रखंड के विभिन्न गांवो के 35 आदिवासी खोड़हा के बीच मांदर का वितरण किया गया। मौके पर वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि ढोल मांदर, आदिवासी रीति-रिवाज भाषा संस्कृति, वेशभूषा हमारी पहचान है। मंत्री ने कहा कि पूरे झारखंड में अखड़ा बनवायेंगे, मांदर नगाड़ा देंगे और अखड़ा में सोलर लाइट की व्यवस्था मुहैया कराने का कार्य कर रहे हैं। हमारे झारखंड में छोटानागपुर के आदिवासियों का जितने भी गीत और नृत्य के प्रकार हैं सभी रिझवार है, हमें आदिवासियों की जीवन शैली समाज संरचना सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखने की आवश्यकता है, मांदर झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है और हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में लयात्मक संगीत के लिए नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है। इसके बिना त्योहार, अखाड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक, का सौंदर्य अधूरा महसूस होता है। कहा कि जिले में पारंपरिक स्थल अखड़ा की कमी थी जिसे देखते हुए मेरे द्वारा विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण कार्य किया जा रहा है और जिले के लगभग सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण कार्य कराया जा चुका है। उन्होंने कहा वर्तमान में जिले के 62 अखड़ा में सोलर लाइट लगाने का काम किया जा रहा है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सीओ सह प्रभारी बीडीओ बुड़ाय सारू, थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, सीडीपीओ सविता कुमारी, पीए संजय कुमार दूबे, प्रखंड अध्यक्ष यूनुस अंसारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुनीत, अमृता, सहित अन्य कार्यकर्ता व प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## पेड़ से टकरायी स्कॉर्पियो, लोहरदगा उपायुक्त की पत्नी और बच्चा घायल

### चालक और अंगरक्षक को आयी हल्की चोट, बड़ा हादसा टला

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी और बच्चे को लेकर लोहरदगा जा रही स्कॉर्पियो कुडू के दोबा मोड़ में एक पेड़ से टकरा गयी। घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 2: 30 बजे की है। गनीमत रही कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे और एक बड़ा हादसा होने से बच गया। स्कॉर्पियो में उपायुक्त की पत्नी, उनका पुत्र, अंगरक्षक सवार थे। हादसे में उपायुक्त की पत्नी और अंगरक्षक को हल्की चोट आयी है। जबकि उनके पुत्र और चालक पूरी तरह सुरक्षित रहे। दुर्घटना के तुरंत बाद सभी को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। सूचना के बाद आनन फानन में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण रांची में आयोजित किसी बैठक में सम्मिलित होने गये हुए थे, वो कुडू पहुंचे और सभी का कुशल छेम जानने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची लेकर गये। इधर घटना की सूचना पर लोहरदगा के पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां, एसडीओ अरबिंद कुमार लाल, इंस्पेक्टर मंटु कुमार, सदर थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव, कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू पहुंचे और सभी का हाल जाना।

## मनिका थाना में बंद पीड़ित परिवार के लोगों ने जिप सदस्य को सौंपा आवेदन



लातेहार (आजाद सिपाही)। मनिका थाना क्षेत्र के परसही गांव निवासी चंदन सिंह हत्या कांड मामले में पकड़े गए मुकेश सिंह, अनद सिंह और सनद सिंह के परिवार वालों ने उन्हें निर्दोष बताते हुए उनकी रिहाई के लिए मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह को दिन शुक्रवार को आवेदन सौंप कर गुहार लगाया है। वहीं आवेदन के माध्यम से मुकेश सिंह की पत्नी जसिंता देवी ने बताया है कि चंदन सिंह हत्याकांड में पुलिस ने मेरे पति समेत अनद सिंह व सनद सिंह को लगभग एक सप्ताह से अनावश्यक रूप से पड़कर थाना में बंद किया है और उनके साथ मारपीट किया जा रहा है। जबकि प्रशासन चाहे तो कॉल ट्रेस कर दोषियों को पकड़ने का काम कर सकते हैं लेकिन पुलिस निर्दोषों को पकड़ कर सताने का काम कर रही है। वहीं महिलाओं ने कहा कि जब हम लोग दिन गुरुवार को थाना का घेराव करने गये थे तब थाना प्रभारी हमें आदिवासी महिला समझकर राटा भूंसा बोलकर भागने को बोलने लगे, नहीं तो खिड़की दरवाजा तोड़ने के आरोप में झूठा केस करके जेल में बंद कर देंगे ऐसा धमकी भी देने लगे। वहीं जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि थाना प्रभारी से बात हुई थी कि आप मृतक व अन्यों का कॉल ट्रेस कीजिए और सबूत के आधार पर दोषियों को पकड़िये। वहीं लातेहार जिला के कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि जिस तरह से स्थानीय थाना के थानेदार के द्वारा आदिवासी महिलाओं को राटा भूंसा बोला जा रहा है साफ तौर पर थाना प्रभारी एससी एसटी विरोधी होने का अपना परिचय दे रहे हैं उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय से हम लोग मांग करते हैं कि इस विषय पर जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाये।

# जिले में जब्त एक लाख ढाई हजार घनफिट बालू की नीलामी, लगभग अठारह लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा, कुडू और लोहरदगा अंचल के विभिन्न स्थलों से जप्त बालू लगभग 102500 घन फिट का नीलामी प्रक्रिया खनन विभाग के द्वारा शुक्रवार को कराया गया। अपर समाहर्ता सह एसडीओ अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में नीलामी प्रक्रिया शुरू किया गया। जिसमें कुल 102500 घनफिट जब्त बालू की नीलामी हुई। नीलामी की कुल राशि 1140702 थी, जिसमें अधिक डाक बोलकर राशि 1818112 रुपये खनन विभाग को राजस्व प्राप्ति हुई। सफल डाक वक्ताओं में सेन्हा डाडू महतो टोली को किशोर भगत, कोरांबे प्लॉट 1056 को राहुल कुमार, कोरांबे प्लॉट 1061 को किशोर भगत, कोरांबे प्लॉट 1050 को राहुल कुमार, कोरांबे गोराटोली को अनील कुमार जयसवाल, उगरा सड़क टोली कयूम अंसारी के घर के पास दीपक महतो, उगरा शामूल अंसारी के घर के पास मेहंदी हसन, झालझमीरा मुरपा मोड़, राहुल कुमार, झालझमीरा दीपाटोली को किशोर भगत, मेढ़ो बड़काटोली किशोर भगत, उड़ूगुडू किशोर भगत व भक्सो डूमरटोली निधीकांत प्रसाद शामिल हैं। गौरतलब है कि जिले के सेन्हा के डांडू महतो टोली में 5000 घनफिट, मौजा- कोराम्बे खाता नं- 109, प्लॉट नं 1056 के पास 7000, मौजा- कोरांबे खाता नं0- 109 प्लॉट नं 1061 के पास 6000, मौजा- कोरांबे खाता नं0- 350, प्लॉट नं 1050 के पास 5000, मौजा- कोरांबे के गोरा टोली टांड में 30000, मौजा- उगरा सडक टोली क्यूम अंसारी के घर के पास 2500, मौजा- उगरा सडक टोली शामुल अंसारी के घर के पास 1500, मौजा- झालजमीरा स्थित मुरपा मोड के पास 1500, मौजा-झालजमीरा डीपा टोली बहुरा उरांव के घर के पास 1500, मौजा-मेढो बडका टोली महेश उरॉव के घर के पास, 2500 घनफिट, कुडू थाना अन्तर्गत ग्राम उडुमूडू के विभिन्न स्थलों पर अवैध भंडारित बालू 38000 घनफिट, लोहरदगा के भक्सो डुमरटोली शिवमंदिर के पास 2000घनफिट समेत कुल 102500 घनफिट जब्त बालू की नीलामी हुई। नीलामी की कुल राशि 1140702 थी जिसमे अधिक डाक बोलकर राशि 1818112 रुपये खनन विभाग को राजस्व प्राप्ति हुई। उक्त जानकारी डीएमओ राजाराम प्रसाद ने दी।

## नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का शुक्रवार को तृतीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के 3 पंचायत सेन्हा, अरू और मुर्की तोड़ार के कुल 42 वार्ड सदस्यों में से 35 सदस्यों ने भाग लिया मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मिलने से पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्य में तेजी आयेगा। मौके पर बीड़ी अशोक कुमार चोपड़ा, प्रशिक्षक रामस्वारथ महतो,कुंदन गोप के अलावे सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## देवस्थल में पांच दिवसीय भव्य गणेश उत्सव, आज होगा मूर्ति विसर्जन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। देवस्थल शांति नगर लोहरदगा के प्रांगण में पांच दिवसीय भव्य गणेश उत्सव से आसपास क्षेत्र भक्ति भाव से सराबोर है। रिमझिम बारिश तनिक भी श्रद्धालुओं को डिगा नहीं पा रहा है। प्रतिदिन भगवान श्री गणेश के विशेष पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन समिति द्वारा समाजसेवियों के सहयोग से की जा रही है। पूजन कार्य, भंडारा, आरती व महाप्रसाद के वितरण हेतु बढ़-चढ़कर लोग अपनी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। 19 सितंबर से यह आयोजन प्रारंभ हुआ है। चौथे दिन महाप्रसाद भंडारे की व्यवस्था समाजसेवी गुप्तेश्वर गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी के सहयोग से किया गया है। पिछले 9 वर्षों से यह पूजन कार्य पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ की जा रही है। नन्हे मुन्हे कलाकारों द्वारा भी गीत संगीत भक्ति गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर भगवान गणेश की आराधना की जा रही है। पूजन में समिति के अध्यक्ष श्रेयांश सिद्धार्थ (चीकू), सचिव शुभम गुप्ता, गुड्डुस गुप्ता, धीरज कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनित कुमार, अनुराग शिखर, और अभिभावकगण का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

# अभिजीत पावर प्लांट के सुरक्षा अधिकारी पर जानलेवा हमला

लगभग 40 से 50 की संख्या में लोहा चोरी करने पहुंचे। और चोरों ने पत्थर से हमला बोल दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा अभिजीत पावर प्लांट के सुरक्षा अधिकारी सुरेश लाल श्रीवास्तव पर चोरों के दो ग्रुप ने जम कर पिटाई की है, काफी मिन्नतो के बाद चोरों ने छोड़ा जिससे इनकी जान बच गयी। इस घटना से निबटने के लिए प्लांट में सुरक्षाकर्मी के द्वारा पीएसओ सिक्योरिटी जवान को बुलाया गया, इधर चोर भारी संख्या में लगभग 40 से 50 की संख्या में लोहा चोरी करने पहुंचे। और चोरों ने पत्थर से हमला बोल दिया, जिससे पीएसओ जवान ने अपना गाड़ी छोड़ कर वहां से भाग गये। चोरों ने पीएसओ और प्लांट सुरक्षा अधिकारी के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना को लेकर सुरक्षा अधिकारी श्रीवास्तव ने बताया की लगभग 10:30 बजे सूचना मिली की चोरों ने कूलिंग टावर से मोटर खोल रहे हैं। उसके बाद लगभग 11 बजे हम वाहन लेकर टावर के पास गये, हमे देखकर काफी संख्या में चोर भागे और बाउंड्री के पास भाग गये। टावर के नीचे दो मोटर पड़े हुए थे। हम कुछ समझ पाते कि भारी संख्या में चोर आये और हमे पीटने लगे। चोरों को हाथ पैर जोड़ने के बाद हमे छोड़ा। तो देखा कि मेरे साथ पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड जो पिस्टल धारी है वह गायब है बाद में प्लांट के लोग हमे रेस्ट हाउस लाये, फिर थाना को घटना की सूचना दिया। चंदवा अस्पताल में घायल अधिकारी का इलाज करवाया गया

बताते चले की प्लांट के अंदर सैफ के जवान 90 एसआईएस के 30 और लक्ष्य के 30 सिक्योरिटी गार्ड वही पिस्टल धारी पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड 15 और चंदवा थाना के चार एक के सुरक्षा जवानों को तैनात किया गया है उसके बाद भी हर दिन सैकड़ो की संख्या में कर प्लांट में आते हैं और प्लांट से हजारों टंकी लोहा चोरी कर ले जाते हैं।

### लातेहार एसपी ने क्या कहा

इधर इस बाबत लातेहार एसपी अंजनी अनजान से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इस घटना की कोई जानकारी नहीं हुई है परंतु मैं लिखित रूप से अभिजीत ग्रुप के सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा के कई निर्देश दिये गये हैं फिर भी इस तरह की घटना की जानकारी मिली है तो आगे हम देखते हैं क्या कर सकते हैं।

## खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें, कामयाबी एक दिन जरूर मिलेगी: दिलीप कुमार टोप्पो

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के निरहु फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय इनामी व खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नव युवक संघ फुटबॉल क्लब निरहु के तत्वावधान में आयोजित की गयी। इस टूर्नामेंट में लोहरदगा जिला के अलावा दूसरे जिले के कुल 32 टीम भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। इधर फाइनल सह समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी फिरोज अंसारी, बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के झारखंड प्रदेश सचिव फिदाउल अंसारी, समाजसेवी असीम टोप्पो के द्वारा फाइनल में जगह बनाने वाली आदिवासी टाइटन और कालो के काल महाकाल टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछालकर फाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया गया। मौके पर पूर्व डीसी दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा कि खिलाड़ी अनुशासन के साथ प्रदर्शन करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

# जेंडर आधारित हिंसा और डायन कुप्रथा से मुक्त करने के लिए शुरू हुई गरिमा केंद्र

पीड़ित महिलाओं और बच्चों के न्याय और पुनर्वास के लिए पांच गरिमा केंद्र, तीन आजीविका न्याय सलाह केंद्र संचालित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जेएसएलपीएस के माध्यम से गरिमा परियोजना के तहत झारखंड राज्य को जेंडर आधारित हिंसा और डायन कुप्रथा से मुक्त करने के लिए संकुल स्तर पर आजीविका न्याय सलाह केंद्र और प्रखंड स्तर पर गरिमा केंद्र शुरू किया है। पीड़ित महिलाओं और बच्चों के न्याय और पुनर्वास के लिए लोहरदगा जिला में 5 गरिमा केंद्र प्रखंड स्तर पर और 3 आजीविका न्याय सलाह केंद्र संकुल स्तर पर संचालित किया जा रहा है। आजीविका न्याय सलाह केंद्र और गरिमा केंद्र ग्राम स्तर पर तथाकथित डायन के नाम पर होने वाली अत्याचार जैसे कुरीतियों और अंधविश्वास तथा अन्य जेंडर मुद्दों जैसे लिंग के आधार पर भेदभाव मानव तस्करी बलात्कार-विवाह घरेलु हिंसा इत्यादि से पीड़ित लोगों के लिए काम करता है। कार्यक्रम में झारखंड राज्य की तरफ से लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड की मीना कुमारी (जेंडर सीआरपी) ने ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय जेंडर संवाद कार्यक्रम में जेंडर आधारित हिंसा पर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में सभी को विस्तृत रूप से संबोधित किया उन्होंने यह बताया की लोगों को जेंडर आधारित हिंसा के बारे में लोगों को जागरूक करना जेंडर अधिनियम 2001 के बारे में जागरूक करना, पीड़ित महिलाओं को चिन्हित करना उनकी काउंसिलिंग करना बदलाव मंच जेंडर जस्टिस सेंटर के माध्यम से उनकी बातों को ग्राम सभा में पंचायत के प्रतिनिधि स्थानीय प्रशासन डालसा सीएलएफ और वीओ एसएसी समिति, स्थानीय थाना महिला थाना महिला और बाल विकास विभाग और आरोपी को दोबारा जेंडर आधारित हिंसा करने से रोकना आरोपी को जेंडर आधारित हिंसा से संबंधित कानूनी कार्यवाही के बारे में अवगत कराना इत्यादि। अनीता केरकेट्टा (जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस) की अगुवाई में लोहरदगा जिला की महिलाओं के लिए इस विषय में निरंतर कार्य किये जा रहे है।

## दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

भंडरा / लोहरदगा । दो दिनों से हो रही बरसात और वज्रपात से जन जीवन प्रभावित हुआ है। 21 सितंबर की रात में हुए अत्यधिक वज्रपात से कई घरों का बिजली उपकरण जल गया। वज्रपात के कारण बैंको का इंटरनेट सेवा बाधित हुआ। भंडरा कुंबाटोली निवासी श्रिया लहेरी के घर में वज्रपात हुई। किसी की जान माल का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी अधिक वज्रपात पहले कभी नही हुआ। वज्रपात के कारण लोग अपने घर में भी रह कर एक घंटा तक भय की स्थिति में रहे। बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। बिजली की आपूर्ति 20 घंटा बाद सुरु हुई। दूसरे दिन सुबह से ही वर्षा हो रही है। वर्षा के कारण बाजार, स्कूल, कार्यालय, बैंक में उपस्थिति प्रभावित हुई। समाचार लिखे जाने तक वर्षा हो रही थी। दो दिनों बाद कर्मा का त्यौहार है। लोग कर्मा पर्व की तैयारी में लग जाते परंतु वर्षा के कारण कर्मा की तैयारी प्रभावित हो रहा है।

# हेरहंज बालूमाथ पथ जर्जर तीन वर्ष पूर्व 130 करोड़ रुपये की लागत से हुआ था निर्माण

गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले अधिकारी और संवेदक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

संतोष सिन्हा/विनय कुमार



**बालूमाथ/हेरहंज।** हेमंत सोरेन सरकार से लेकर लातेहार जिला के बड़े अधिकारी तक का आये दिन बड़ा व्यान आता है कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जायेगा। गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले जेल जायेंगे। लेकिन लातेहार जिले के बालूमाथ, हेरहंज, पांकी एसएच-10 मुख्य पथ पर 3 साल पूर्व 130 करोड़ रुपये की लागत से किये गये सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। हेरहंज बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन और हीरो शोरूम के पास सड़क के किनारे करीब 10 फीट लंबी और 3 फीट चौड़ी सड़क टूट कर बड़े हादसे को दावत दे रही है। लेकिन गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले अधिकारी और संवेदक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के समय सड़क बनकर तैयार भी नहीं हुई थी और दूसरी ओर सड़क टूटती जा रही थी, जिसकी शिकायत भी की गयी थी। लेकिन सब कुछ अनदेखा कर दिया गया था। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अधिकारी सड़क निर्माण कार्य में जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते थे। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क का निर्माण स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड की देखरेख में संवेदक सिंह कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया है। 50 किलोमीटर तक सड़क बनी है। निर्माण के दौरान पुल-पुलिया व नाली निर्माण समेत कई कार्य किये गये, जिसमें गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। कई स्थानों पर नालियां बनने के साथ ही टूट गयी। पूछने पर कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि अब कुछ नहीं होगा। समय समाप्ति की ओर है। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी सड़क के निर्माण में न तो गुणवत्ता का ख्याल रखा गया और न ही मानकों का। नतीजतन, बालूमाथ से पांकी तक इस महत्वपूर्ण सड़क पर कई जगहों पर पिच उखड़ गयी है और गड्ढों में तब्दील हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में बने गड्ढों के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# सड़क दुघर्टना में दो की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** मोटरसाइकिल दुर्घटना में शुक्रवार को एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का इलाज सिसई के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टर ने उसे खतरे से बाहर बताया है। मृतक की पहचान लकेया गांव निवासी नन्दराम उरांव (50) व मुन्नी देवी (45) के रूप में की गयी है। दोनों पति-पत्नी थे। वही गंभीर रूप से घायल जय श्री उरांव (20) दोनों का पुत्र है। घटना के बाद से गांव में मातम पसर गया है, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तीनों जेएच 1डी क्यू 1966 हीरो साइन बाइक से महिला के मायके समल जोरगो टोली जा रहे थे। जयश्री बाइक चला रहा था, वह नशे में था। इसी क्रम में महुदा बरटोली के समीप बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। घटना में तीनों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें लगी थी, और तीनों घायल अवस्था मे वही पड़े हुए थे। तीनो में से कोई हेलमेट नहीं पहना था। पानी आने के कारण रास्ता सुनसान था जिससे उन लोगो को समय से कोई मदद नहीं मिल सकी। हैमलेट पहने होते और समय से चिकित्सा मिल पाता तो शायद दोनो को जान बच सकती थी। सहिया रंथी देवी बैठक में शामिल होने के लिए सिसई आ रही थी, इस दौरान उनकी नजर घायलों पर पड़ा उसने पुलिस को सूचना देते हुए घायलों का बीडियो बनाकर सहिया और ग्राम संगठन वाट्सएप ग्रुप में डाली, जिससे तीनो की पहचान हो सकी। सूचना पर गश्ती कर रहे एएसआई रघुनन्दन प्रसाद राव मौके पर पहुंचकर तीनो को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने नन्दराम और मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया। रेफरल अस्पताल सिसई में डॉक्टरों का हड़ताल होने के कारण जयश्री उरांव काफी देर तक अस्पताल परिसर में तड़पता रहा। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मुखिया सुगिया, सहिया मुन्नी देवी और सहिया रंजू ने जयश्री को उठाकर सिसई के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गये।

## पिंजराडीपा से गुडमा वाया नकटीटोली सड़क मरम्मत की जांच के लिए उपायुक्त को ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार के नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने गुमला उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर जिले के पालकोट प्रखंड स्थित पिंजराडीपा से गुड़मा भाया नकटीटोली तक सड़क मरमती कार्य के जांच की मांग की है। इस सड़क मरम्मती योजना में प्राक्कलन को ताक पर रखकर भारी अनियमितता बरतने की शिकायतें मिल रही हैं। उपायुक्त से इसे जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गई है। उरांव के द्वारा दिए गये ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल गुमला द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए के लागत से किया गया है उक्त सड़क मरमती कार्य में भारी गड़बड़ घोटाला की गई है। सड़क का स्थिति देखने से लगता है कि लगभग 1 करोड़ से भी ज्यादा राशि का घपला किया गया है जो बगैर विभागीय इंजीनियरों की मिलीभगत के संभव नहीं है। उरांव ने यह भी बताया कि संवेदक व मुंशी को ग्रामीणों के द्वारा सड़क मरमती के दौरान गुणवत्ता सुधारने की बात कही गयी थी, लेकिन संवेदक द्वारा ग्रामीणों की बातों को अनसुना करते हुए विकास योजना की राशि का घपला किया गया है, जिसके विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में मामले को हाईकोर्ट भी ले जाने पर विचार करने की बात कही है ।

## बाइक ने मारी टक्कर, चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के थाना चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप एक ट्रिपल बाइक सवार युवक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में पैदल चल रहे व्यक्ति कुम्हार टोली निवासी कलाम खान पिता स्वर्गीय मजीद खान गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में तेलगांव कोनाटोली निवासी 20 वर्षीय रवि लोहरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया वही बाइक में पीछे बैठे दो लोग रितेश उरांव और रोहित सिंह को भी हल्की चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायल को ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज किया गया वही कलाम खान और बाइक चालक रवि लोहरा को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में कलाम खान का एक पैर टूट गया और उसके चेहरे में चोट लगी है।

वही विजय के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट लगी है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार कलाम गुरुवार की शाम 6:00 बजे प्रतिदिन की तरह घर से घूमने निकले थे। वही वापसी में हनुमान मंदिर के समीप बाइक पीछे से टक्कर मार दी। तीनों युवक एक ही बाइक से चंदाली चाय पीने जा रहे थे।

## थाना प्रभारी से लगायी भाई को ढूंढ़ने की गुहार

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति की गुमशुदगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लोटवा टोंगरी टोली निवासी कोरेनेलिथुस इंदवार ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है कि उसका भाई वीरेंद्र इंदवार उम्र 35 वर्ष पिता रंजित पॉल इंदवार 15 सितंबर दिन शुक्रवार को रात लगभग 8 बजे घर से निकला जिसके बाद घर नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया परतु उसका कोई पता नही लग पाया। लापता वीरेंद्र इंदवार का रंग सांवला, ऊंचाई साढे पांच फीट है, वो गुलाबी टीशर्ट और लाल रंग का हाफ पैंट पहना हुआ है। कोरनेलिथुस ने 21 सितंबर को आवेदन देकर बसिया पुलिस से लापता वीरेंद्र को खोजने की आग्रह किया है।

# तीन पीढ़ियों से जंगल में हैं नहीं मिला मालिकाना हक

**जंगल अधिकार कानून के बावजदू जंगल में निवास कर रहे इन परिवारों का जीवन है चुनौतीपूर्ण : भूषण भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के भूषण भगत, बिनय गोप, जनिक अहीर और पार्स उराव के नेतृत्व में रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गावं का दौरा किया गया। और जंगलों में आश्रित मूलवासियों से मुलाकात की गयी। मूलवासी परिवारों ने बताया कि हम तीन पीढ़ियों से इस सुदूरवर्ती गावं में रह रहे है और जंगलों में जीवन व्यतीत कर रहे है। हमारा पूरा परिवार जंगलों और खेती बाड़ी पर आश्रित है उसके बावजूद भी आज तक हमारे जमीनों का मालिकाना हक नहीं मिला है। गांव की ग्राम सभाओं में कई बार पट्टा के लिये आवेदन दिया गया लेकिन हमारी समस्याओं का समाधन नहीं हुआ है। और हम सभी परिवारों को डर लगा रहता है कि हमारी खेती योग्य भूमि और जंगलों से कोई हमे बेदखल न कर दे। सभी ग्रामवासियों से मिलने के बाद भूषण भगत ने कहा कि वर्ष 2006 में अधिनियमित एफ आर ए वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य मूलनिवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है। जिन पर ये समुदाय आजीविका, निवास तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक जरूरतों सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिये निर्भर है और वन में निवास करने वाली आदिवासी मूलवासियों जो पीढ़ियों से ऐसे जंगलों में निवास कर रहे हैं, उन्हे वन भूमि पर उनके वन अधिकारों को मान्यता देता है और आजीविका तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वनों के संरक्षण की व्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार या सामुदायिक वन अधिकार आदिवासियों मूलवासियों को अधिकार प्रदान करता है। भूषण भगत ने कहा कि वे अपनी टीम के साथ डीसी को समस्या से अवगत कराकर ऐसे लोगों को इंसाफ दिलाएंगे।

## नन बैंकिंग कंपनियों में जमा गरीबों के पैसे दिलाने के लिए होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा है कि सहारा इंडिया, बासिल कंपनी, एपीलाइन, साईं प्रकाश, बेड़ो बैंक, विश्वामित्र जैसी दर्जनों नन बैंकिंग कंपनी में अपनी खून पसीने की कमाई जमा करने वालों को सूद सहित पैसा दिलाने के लिए बड़ी कोशिश होगी। सिंह ने इस आशय की जानकारी शुक्रवार को दिन कर 3 बजे देते हुए कहा कि नन बैंकिंग कंपनी से ठगे गये लोगों को 28 सितंबर 2023 को दिन के 10 बजे गुमला कचहरी परिसर में आकर फॉर्म भरने की भी अपील की है जिससे सरकार के पास भुगतान की मांग हेतु भेजने की योजना है।

सिंह ने यह भी कहा कि इसके लिए झारखंड राज्य स्तर पर नन बैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का गठन किया गया है जो राज्यभर के कई चिटफंड कंपनियों में जमा करने वालों को एकजुट कर केंद्र व राज्य सरकार पर दबाव बनाने की तैयारी करेगी। जिसका समर्थन रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा जैसे जिलों में झारखंड नवनिर्माण दल लोगों के हित में काम कर रही है। सिंह ने यह भी कहा कि कोई भी सरकार इन पीड़ितों को पैसा दिलाने के लिए प्रयास नहीं कर रही है जो की बहुत ही दुखद बात है। आम जनता आखिर कहां जायेगी। कोई अपने बेटी व बेटा का शादी के लिए तो कोई अपने बुढ़ापा का सहारा के लिए अपनी जिंदगी का सारी कमाई को जमा किया था लेकिन जब मैच्योरिटी के बाद पैसा मिलने की बारी आई तो उन्हें पैसा नहीं मिला, इससे दुखद बात और क्या हो सकती है, सरकार को इसे समझना चाहिए । सिंह ने पैसा दिलाने तक इस मामले को लेकर अपना कोशिश जारी रखने की भी बात कही है।

## कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आजसू की तैयारियां जोरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित लुथरन मैदान में 26 सितंबर को आजसू कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चैनपुर अनुमंडल के आजसू कार्यकर्ता की बैठक हुई1 बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीपनाथ साहू के साथ कार्यक्रम पदाधिकारी बोनीफास कुजूर ने संयुक्त रूप से की क बैठक में 26 सितंबर को लूथरन मैदान चैनपुर में आगामी विधानसभा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गयी क्चर्चा में 26 सितंबर को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सह झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के आगमन को लेकर विशेष बैठक की गई कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह उनके स्वागत को लेकर तोरण द्वारा एंव कार्यक्रम को सफल संचालन करने और भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का मिलन कैसे हो इस पर जिला अध्यक्ष दिलीपनाथ साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सुझाव वह मार्गदर्शन दिया साथ ही साथी उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त है आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ हमारे सरकार आएगी मौके पर मुख्य रूप से सोनू, विक्की अग्रवाल, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मुकेश, पवन, दिलीप एक्का, के साथ कई आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे

## राहत कमिटी टोटो के सदस्यों ने किया रक्तदान




**गुमला (आजाद सिपाही)।** टोटो के राहत कमिटी के द्वारा शुक्रवार को रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमे 50 सदस्यो ने रक्त दान किया । राहत कमिटी के अध्यक्ष मो. फैयाज ने कहा की राहत कमिटी उद्धेश रक्त दान के साथ साथ जनहित मे अनेक कार्य करते रहेंगे। राहत कमिटी का प्रयास पूरे वर्ष जब भी मरीजो को जरूरत पड़ेगी, उन्हे रक्त उपलब्ध करवाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। राहत कमिटी के उपाध्यक्ष हाजी तौकीर ने बताया कि हर 6 माह मे ऐसे रक्त दान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कमिटी के सचिव मो. एजाज ने बताया कि प्रस्तावित प्रखण्ड टोटो में पहली बार इतने उत्साह के साथ रक्त दान शिविर मे लोगों ने भाग लिया है। कमिटी के कोषाध्यक्ष सरवर आलम ने लोगों को जागरूक किया।शिविर मे भाग लेने वाले सदस्यों में सरवर आलम, मो महबूब आलम, फिरदोस अंसारी, गुलाम सरफराज, हाजी तौकीर, मौलाना जाबीर, मो इरशाद, मो आताउल, पंकज कुमार, बिट्टू कुमार, मो आतीकुर, मो रब्बानी, मो अफताब, मो शोएब, मो शामशाद, मो सरफराज जिमी, मो नदिम, अब्दुल वहाब, मो ताज, मो मोहसीन, मो रुमान अफरीदी, मो बाबर, मो इरफान खान, मो जबी, मो सैफुल, मो नाहिद, चांद खान, वकी अहमद, वसीम अकरम, शाहनवाज, इत्यादि के नाम शामिल हैं। गुमला ब्लड बैंक के कर्मी राकेश कुमार एव अन्य कर्मी मौजुद थे।

## यासीन अंसारी बने मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला उपाध्यक्ष



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिल अली के निर्देश पर यासीन अंसारी को गुमला जिला का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनय गुमला जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने जिला कमेटी का विस्तार के क्रम में किया। इस मौके अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने कहा कि यासीन अंसारी को लोगो ने समाज सेवा के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी है। इनसे उम्मीद है कि ये अपनी जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम देंगे और अपने समाज की तरक़्क ी के लिए सामाजिक आर्थिक राजनितिक माध्यम से मदद कर पाएंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष यासीन अंसारी ने कहा कि वे मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला कमेटी का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। वे पूरे लगन से अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे। उन्होंने ने ये भी कहा कि आने वाले दिनों में अभी और कमेटी का विस्तार में वे भरपूर मदद करेंगे। पूछे जाने पर अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने बताया कि बहूत जल्द सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष का भी मनोमय किया जायेगा। कमेटी के जल्द विस्तार के लिए वे कटिब्ध हैं।

## भरनो में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**भरनो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के तत्वाधान मे शुक्रवार को भरनो ब्लॉक परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया मौके पर बीडीओ तेज कुमार हस्सा ने भी रक्तदान किया। बीडीओ ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि नि:संकोच रक्तदान करना चाहिए ' बताया जा रहा है कि सदर अस्पताल गुमला के बल्ड बैंक में खून स्टॉक की कमी के कारण एस डी ओ रवि जैन के निदेर्शानुसार इस रक्तदान शिविर अयोजित किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जाहिद अख्तर अंसारी बीपीएम रविंद्र कुमार, जेएसएलपीएस, ब्लॉक कर्मी और स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### देवाकी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश और राजेंद्र बने सचिन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में दुर्गा पूजा समिति देवाकी की बैठक गुरुवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक इंद्रदेव साहू ने की। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही शांतिपूर्ण व्यवस्था में पूजा संपन्न होगी, इसकी विशेष ध्यान रखी जाएगी। कमेटी चयन पर सर्व समिति से निर्णय लिया गया की पुरानी कमेटी को ही यथावत रखते हुए अध्यक्ष दिनेश सिंह, सचिव राजेन्द्र साहु (राजू), कोषाध्यक्ष रामधनी साहू, उपाध्यक्ष सूदन साहू, प्रेम कुमार साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, सहसचिव रामजीवन साहू, विकास साहू, अनूप मिश्रा के अतिरिक्त पद पर पदाधिकारियों के नाम शामिल है। इस मौके पर उपस्थित लोगों में समिति के संरक्षक सत्यनारायण साहू, दिलीप, व्यासदेव, हरिनंदन यादव, गौतम, अवधेश, वीरेंद्र साहू, रामसेवक साहू, आरजू साहु, अरुण साहू (अंजू), संजीत साहु, संजय, जगेश्वर, विजय साहु, राजू साहु, अजीत, विवेक, बैजू, कृष्णा भगत, भूषण, अमित, विनय, सीताराम, देवलाल, हुलास, नंदलाल साहु, अनन्त साहु सहित कई लोग शामिल थे।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र में ओपीडी रही बंद, मरीज हलकान



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा स्वास्थ्य उपकेंद्र में ओपीडी बंद रहने के कारण मरीज आज हल्कान, परेशान रहे। कामडारा में स्वास्थ कर्मियों ने आज ओपीडी बंद रखी। बीते दिन जमशेदपुर में डॉक्टर से हुई बदसलूकी व मारपीट के विरुद्ध आज अस्पताल में ओपीडी बंद कर विरोध जताया। डॉक्टरों का कहना है स्वास्थ कर्मी के लिए सरकार प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे। इधर हॉस्पिटल परिसर में दिन भर मरीज घूमते नजर आए। मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विशेष कर दूर दराज से आए मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी हुई।

### वज्रपात से दो भैंस की मौत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पलमा गांव में गुरुवार की रात्रि वज्रपात से दो भैंस की मौत हो गयी। जबकि दो भैंस घायल हो गया। घटना की जानकारी शुक्रवार को देते हुए पीड़ित पूजन गोप ने बताया कि गुरुवार की देर रात सभी खाना पीना खाकर अपने चार भैसों को गोहार घर मे रखा था। जहां रात्रि 11 बजे बारिश के क्रम में बज्रपात हुआ, जिससे दो भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही दो घायल हो गया। इधर पीड़ित ने बताया कि वह अत्यंत गरीब है। आंचल प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। घटना के बाद मुखिया लोदो एक्का ने कहा कि पीड़ित गरीब किसान है उचित मुआवजा आंचल प्रशासन से दिलाने को लेकर प्रयास करूंगा।

### वाहन चालकों ने उपायुक्त से की दैनिक मजदूरी भुगतान हेतु आवंटन देने की मांग

**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के बसिया कामडारा सिसई व भरनो प्रखंड के वाहन चालको ने उपायुक्त गुमला को एक आवेदन देकर वर्ष 2023-24 का दैनिक मजदूरी भुगतान हेतु आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में चालको का कहना है कि सभी वाहन चालक कई वर्षों से अपनी सेवा निष्ठा पूर्वक करते आ रहे है। विगत वितीय वर्ष 2022-23 में पूर्व उपायुक्त और वित्त मंत्री से आवंटन प्राप्त हुआ था। हम सभी वाहन चालक न्यूनतम दैनिक मजदूरी पर काम करते है जिससे पूरे परिवार का भरण पोषण होता है। विगत 6 माह से दैनिक मजदूरी नही मिलने से हमारी स्थिति दयनीय हो गयी है जिससे परिवार चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। चालको ने गुमला उपायुक्त से आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन देने वालो में अनुमंडल बसिया के चालक दिलीप महली अंचल कार्यालय बसिया के श्याम मांझी अंचल कार्यालय कामडारा के सीताराम अंचल कार्यालय सिसई के नंदकिशोर अंचल कार्यालय भरनो के गंदुर शामिल थे।

### सिसई बाजार के सरनास्थल पर किया गया शौचालय और चबूतरा निर्माण का शिलान्यास

**सिसई (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय सरना स्थल बाजार टांड के समीप 15 वें वित्त आयोग मद के 2 लाख 50 हजार रुपया से निर्मित शौचालय और चबूतरा का प्रमुख मीणा देवी, उप प्रमुख नीलेश उरांव व पंसस जाकिर अंसारी ने शुक्रवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रमुख ने कहा सरना स्थल के आसपास भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र होने के बाद भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय नही होने के कारण लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर युवतियों और महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। शौचालय और चबूतरा बनने से सभी को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर महादेव उरांव, रोपना भगत, जगदेव उरांव, कैप्टन लोहरा बुधेन उरांव, सरोज उरांव, पुष्पा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### खाने के दौरान गला में चावल फंसने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** खाना खाने के दौरान गला में चावल फंसने से कुलाबिरा ढाउठा टोली निवासी 55 वर्षीय बुधवा खड़िया पिता स्वर्गीय तेंबू खड़िया की मौत हो गई। परिजनों द्वारा बुधवार की रात उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां जांच करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया मृतक सुबह ही अपने भाई के गांव गया था। वही अपराह्न 3:00 बजे घर लौटा जिसके बाद खाना मांगने लगा। खाना खाते समय उसके गले में चावल अटकने से वह खांसने लगा। जिसके बाद वह शांत हो गया और एक ओर लुढ़क गया। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने बताया मनुष्य के गले में दो नालियां होती है एक श्वास नली और एक आहार नली श्वास नली में चावल चला गया जिससे उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उसकी मृत्यु हो गयी।

### करम पर्व को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच उपायुक्त ने बांटे मांदर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगमी करमा पूजा के उपलक्ष्य में कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के विद्यार्थियों ने पूर्व में उपायुक्त से मांदर की मांग की थी । ताकि वे अपने छात्रावास में करमा पूजा में मांदर बजा कर अपने संस्कृति को बढ़ावा दे सके। जिसके तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सीएसआर मद से जिले भर के 15 कल्याण विभाग के छात्रावासों के लिए मांदर की खरीद की और सभी छात्रावासों के लिए एक एक मांदर का वितरण किया गया। गुरुवार की देर शाम समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग द्वारा संचालित 15 छात्रावासों से आए 25 से अधिक छात्रों से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुलाकात की और प्रत्येक छात्रावासों के लिए एक एक मांदर भेंट करते हुए उन्होंने आगामी करमा पूजा की शुभकामनाएं दी।

## कार्यक्रम : जारी में पहली बार आयोजित किया गया करम पूर्व संध्या समारोह

# भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक है करम पर्व: दिलीप बड़ाइक

**गांवों से आये लोगो के द्वारा करम गीत गाकर नाचगान किया।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत आदिवासी सांस्कृति कला केंद्र भवन के समीप शुक्रवार को करमा पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले बैगा पहानों के द्वारा करम की डाली को लाकर पूजा अर्चना की गयी। ततपश्चात मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि और आगंतुक अतिथियों को समिति के लोगों के द्वारा अंग वस्त्र और बैच बनाकर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा आज पहली बार जारी प्रखंड मे करमा का पूर्व संध्या मनाया जा रहा है अब इससे प्रत्येक साल मनाने का निर्णय लेने की बात कही। साथ ही संबोधित करते हुए कहा कि करमा पर्व भाई बहनों का प्रेम का प्रतीक का त्यौहार है इसे समाज के लोग विधिवत तरीके से मनाएं उन्होंने कहा की आदिवासी समाज एकजुट होकर इस त्यौहार को मनाएं। आदिवासी प्रकृति का पूजा है। मौके पर उपस्थित प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति विश्व की संस्कृति में सर्वोपरि है आदिवासी प्राकृतिक पूजक होते हैं इसलिए विश्व में आदिवासी संस्कृति की पहचान है। तत्पश्चात प्रखंड क्षेत्र के गांवों से आये लोगो के द्वारा करमा गीत गाकर नाचगान किया गया। मौके पर थानेदार मनीष कुमार, बिनोद उरांव, मुखिया फुलमाईत देवी, मुखिया चाजरेण मिंज, मुखिया रजनी मिंज, मुखिया बिनय एक्का, भालेन, परशुराम, बेरनार्ड पौल किण्डो, नागेन्द्र, अलबिनुस केरकेट्टा, उतम नगेसिया, लव सिंह, सतेन्द्र, जितेन्द्र, अरबिन्द आदित गिरि आदि उपस्थिति थे।

## बसपा नेता कृष्ण दुबे को बनाया गया पलामू लोकसभा का प्रभारी, सहयोगियों ने दी बधाई



**विश्रामपुर पलामू (आजाद सिपाही)।** बसपा के प्रदेश सचिव कृष्णा दूबे को पलामू लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी को उक्त निर्देश दिया था। जिसके बाद मनोनय की घोषणा पार्टी के झारखंड प्रभारी गयाचरण दिनकर ने रांची में आयोजित पार्टी के प्रदेश स्तरीय बैठक में किया। नव मनोनित लोकसभा प्रभारी कृष्णा दूबे ने पार्टी सुप्रीमो मायावती व प्रभारी गयाचरण दिनकर के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी व सक्रियता से काम करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगी। झारखंड में बसपा का खाता भी पलामू लोकसभा क्षेत्र से ही खुलेगा। इधर, कृष्ण दूबे को लोकसभा प्रभारी बनाए जाने कई पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## डाकघर की योजनाओं का लाभ उठाये : विनोद सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डाकघर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जपला मुख्य डाकघर ने बक्शी हाई स्कूल के मैदान में शुक्रवार को डाक मेले का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह व पलामू प्रमंडल के सहायक डाक अधीक्षक सरोज कुमार सिंह आदि उपस्थित हुए। अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्राओं ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं में निवेश कर लाभ उठाने की अपील की। वहीं, सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक जीवन बीमा में संशोधन कर नियम को लचीला बनाया गया है। इसमें अब स्नातक पास लोग भी बीमा ले सकेंगे, क्योकि पहले यह योजना केवल सरकारी नौकरी वालों के लिये था। इस दौरान लगभग 53 शाखा डाकघर के कर्मचारियों ने विभिन्न योजनाओ में 550 आवेदन जमा किया। जिसका निष्पादन किया जा रहा है। मौके पर डाक निरीक्षक उत्तम कुमार, प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार, अरविंद कुमार ओझा, रंजीत कुमार, डाक अधिदर्शक रवि कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता, रंजीव कुमार सिंह आदि थे।

## डीएमओ की कार्रवाई जारी, अवैध कोयला कारोबार का किया भंडाफोड़

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिले में अवैध कोयला खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में डीएमओ ने एक और कार्रवाई करते हुए अपने निर्धारित स्थल से हट कर कोयला कारोबार का भांडाफोड़ किया है। डीएमओ एवं नौडिहा थाने की पुलिस ने अपने गंतव्य स्थान पर कोयला नहीं पहुंचा कर अवैध कारोबार करने के उद्देश्य से नौडिहा में कोयला अनलोड करने वाले वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वाहन मालिक एवं नामजद संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ नौडिहा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। अविलंब सभी अवैध कोयला के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया। डीसी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में थाना क्षेत्र के नौडिहा बाजार में निरीक्षण के क्रम में 7.30 बजे थाना प्रभारी अमन कुमार एवं पुअनि शंकर टोप्पो एक वाहन को ग्राम धोबनी पर कोयला अनलोड करते पाया। जिसके बाद वाहन चालक यूपी के बलिया निवासी श्रवण कुमार से कागजात मांगा तो पाया कि कोयला मध्य प्रदेश से लोड होकर झारखंड के चांडिल में खाली होना था। पर बीच में ही उतारा जा रहा था। जब चालक से कारण पूछा तो उसने बताया कि जयदीप सिंह (जबलपुर मध्य प्रदेश) ने फोन पर कहा कि कोयला चांडिल ना ले जाकर जाकर नौडिहा में गिरना है। उसने रोहित नामक व्यक्ति का मोबाइल नंबर 9343508552 दिया। जिससे बात करने के बाद उसने (रोहित) नौडिहा में कोयला उतारने को कहा। इसी कारण वह कोयला अनलोड कर रसीद के लिए खड़ा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए अविलंब कोयला को पुनः अनलोड कर वाहन को जब्त करते हुए थाना ले जाया गया। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार की ओर से चालक, वाहन मालिक एवं संलिप्त को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी।

### बाल सुधार गृह में रह रहे विधि विवादित किशोरों से मिले आयुक्त

# अच्छे नागरिक बनकर समाज में दें योगदान

- आयुक्त ने बाल सुधार गृह एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण
- समस्याओं को जाना और निदान का दिया निदेश
- आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकन से कम मिले बच्चे, उपस्थिति बढ़ाने का दिया सख्त निर्देश

### बेहतर भविष्य के लिए गलतियों से बचें : मनोज जायसवाल



बाल सुधार गृह का निरीक्षण करते आयुक्त मनोज जायसवाल।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आयुक्त मनोज जायसवाल शुक्रवार को पलामू के जेलहाता स्थित बाल सुधार गृह के अलावा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किये। बाल सुधार गृह में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने यहां रह रहे विधि विवादित किशोरों से मिले और उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया। उन्होंने किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाते हुए चरित्र निर्माण का ज्ञान दिया। कहा कि जाने-अनजाने में अपराध के बाद यहां आए किशोर खुद में सुधार लाकर मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास करें। बेहतर भविष्य के लिए गलतियों से बचें। यहां से सही सीख लेकर जाएं और बेहतर जीवन यापन करें। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बाल सुधार गृह में रह रहे विधि विवादित किशोर के खान-पान, रहन-सहन, साफ-सफाई, खेल सामग्री एवं खेल मैदान की व्यवस्था, पौष्टिक आहार, पठन-पाठन एवं सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किशोरों के बीच कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर आयुक्त ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को पत्र लिखकर सहयोग लेने का निर्देश दिया। प्रोबेशन ऑफिसर द्वारा बताया गया कि बाल सुधार गृह में विधि विवादित 46 किशोर रह रहे हैं। इसमें अधिसंख्य दुष्कर्म एवं सामुहिक दुष्कर्म के वाद से जुड़े हैं। चार-पांच किशोर हत्या एवं दो-तीन चोरी के जुर्म में हैं। वहीं, आयुक्त ने बाल सुधार गृह में रह रहे किशोरों द्वारा मिट्टी से बनाए गये सजावटी दीप, प्लेट आदि सामग्री का अवलोकन कर इसकी सराहना की। साथ ही इन्हें स्कील डेवलपमेंट से संबंधित प्रशिक्षण दिलाने और बाल सुधार गृह में फूलों की बागवानी-किचन गार्डन विकसित कराने का निदेश दिया। दूसरी ओर, आयुक्त मनोज जायसवाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र नर्सरी स्कूल हमीरगंज-1, आंगनबाड़ी केंद्र कुंड कांजी हाउस एवं सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ पंचायत के लहसुनिया स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर पाया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 एवं उससे अधिक बच्चे नामांकित हैं, जबकि उपस्थिति 7- 8 तक ही सीमित है। इस पर चिंता जताई। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका सहित पर्यवेक्षिका एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में 35 बच्चे नामांकित हैं, जबकि कक्षा में 22 बच्चे ही उपस्थित पाये गये। आयुक्त ने पोषण ट्रेकर से डेटा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने की बातें कही। वहीं गर्भवती महिलाओं, शिशुओं की देखरेख करने वाली माताओं को आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ देने का निदेश दिया। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थीं।

## हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है : कर्नल संजय



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते कर्नल संजय।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सबानो देवी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कामेश्वर सिंह ने की। बैठक में पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। वहीं, कामेश्वर सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के विकास के लिए किसान ब्रिगेड का साथ दें। दूसरी ओर, किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में संगठन के विस्तार के लिए जन संवाद के जरिए लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण का प्रयास कर रहा हूं। इसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। इसलिए सभी अपने-अपने पंचायतों में नए लोगों को किसान ब्रिगेड से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। बैठक में राम प्रवेश सिंह, रवि रंजन सिंह, केदारनाथ सिंह, लालधन ठाकुर, बद्रीनारायण सिंह, बुटन यादव, अवधेश मेहता, दीपक पांडेय, राजीव कुमार सिंह, रंजू देवी, ममता देवी, सीमा देवी, राहुल, मिट्ठू, जमालुद्दीन, छोटू आदि उपस्थित थे।

## छापामारी में 8 वाहन जब्त

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू मोटर वाहन निरीक्षक लालबिहारी यादव ने अपने सहकर्मियों के साथ शुक्रवार की सुबह छापामारी अभियान चलाकर आठ वाहन जब्त किया। आवश्यक कागजातों के आभाव में जब्त सभी वाहनों को हरिहरगंज थाने को सौंप दिया गया। इस संबंध में मोटर वाहन निरीक्षक लाल बिहारी यादव से बताया कि छापामारी अभियान में वाहनों की जांच में पर्याप्त कागजात नहीं थे।

## पांकी क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं : थाना प्रभारी



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना प्रभारी के पद पर उपेन्द्र नारायण सिंह ने शुक्रवार को योगदान दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की कोई जगह नहीं होगी। मेरा पहली प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनता निर्भिक होकर थाना आए और अपनी समस्या को रखे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित सफाई कर्मियों का हुई स्वास्थ्य जांच




**विश्रामपुर पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से संचालित शहरी स्वास्थ केंद्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नगर परिषद के सफाईकर्मियों के स्वास्थ की जांच की गई। चिकित्सकों ने सफाई कर्मियों का बीपी, शुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, हीमोग्लोविन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया और डेंगू आदि की जांच की। इसके बाद जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवा भी दी गई। शिविर का उद्घाटन नप के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, सीओ विक्रम आनंद, डॉ अमर नारायण सिंह व विधायक प्रतिनिधि सह नप के स्वछता ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सफाई कर्मियों के स्वास्थ सुरक्षा के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, जेई विभूति भूषण, अजीत टुड्डू, अभय कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

### चार महीने से नहीं मिला खाद्यान्न, नाराज कार्डधारियों ने बीडीओ से की डीलर की शिकायत, कार्रवाई की मांग



**विश्रामपुर पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिसद के 10 नंबर वार्ड स्थित पांडेपुर के कार्डधारियों ने चार महीने से खाद्यान नहीं मिलने पर डीलर उर्मिला देवी के जनवितरण प्रणाली दुकान पर जमकर हंगामा किया। साथ ही डीलर के खिलाफ बीडीओ को लिखित आवदेन देकर कार्रवाई की मांग की है। कार्डधारियों का आरोप है कि डीलर उर्मिला देवी नियमित राशन नहीं देती है। पिछले चार माह का राशन अभी तक वितरण नहीं की है। जबकि लाभुको से ठेपा भी लगवा लिया गया है। राशन मांगने पर कहती है कि नही देंगे। जहां जाना है जाओ। आवेदन देने वालो में विंदेश्वर राम, चंपा देवी, शिला देवी, उर्मिला देवी और गीता देवी आदि शामिल है।

### श्री देवकीनंदन ठाकुर जी की भागवत कथा की तैयारी प्रारंभ, 28 को होगी हनुमंत पूजा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के 21 से 28 नवंबर तक होने वाले कथा व श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत महायज्ञ समिति के सदस्य लगातार बैठक कर यज्ञ की भव्यता व ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इस संबंध में महायज्ञ के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पांडेय लगातार सदस्यों को मार्गदर्शित कर रहे हैं। यज्ञ समिति से जुड़े सदस्यों का कहना है कि पलामू ही नहीं पूरे झारखंड में महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने की योजना को क्रियान्वित करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसी के तहत 24 सितंबर से संपर्क अभियान शुरु होगा। 28 सितंबर को हनुमत पूजा के साथ हनुमान जी का झंडा यज्ञ स्थल पर स्थापित किया जाएगा। अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि यज्ञशाला बनाने का कार्य भी उसी दिन से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## श्मशान घाट से अविलंब कचरा नहीं हटा तो होगा आंदोलन : अशोक



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** मलय नदी तट पर स्थित फागु सिंह घाट और वहां मौजूद शमशान घाट इन दिनों कचरे का ढेर बना हुआ है। कुछ लोग कचरा डंपिंग कर गंदगी फैला रहे हैं। गुरुवार को धावड़ीह निवासी बिंदाराम (65) के निधन पर साइकोलॉजी शमशान घाट पर लोगों को जुटान हुआ था। इस दौरान उपस्थित यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पहले यहां के श्मशान घाट पर कोई अज्ञात व्यक्ति कई गाड़ी कचरा डंपिंग कर गंदगी फैलाने की कोशिश कर रहा है। यहां शव जलाने के लिए जगह भी नहीं बचा है। दूसरी ओर देखा जाए तो सतबरवा की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली मलय नदी का अस्तित्व भी खतरे में है। अगर इसी तरह कचरा डंपिंग होता रहा तो मलय नदी का नामोनिशान मिट जाएगा। इसलिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील है कि श्मशान घाट पर जो कचरा फेंका गया है उसे अभिलंब हटाया जाए नहीं तो बाध्य होकर हम लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगें। इधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि करमा का एक व्यक्ति शमशान घाट की जमीन को अपना बताकर लगभग डेढ़ वर्ष पहले बाउंड्री दे रहा था। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। उसके बाद काम बंद हो गया था। इस मौके पर राजेश मिश्रा, अर्जुन पासवान, गोलू पासी, टुनटुन भूईयां, मुकेश मिश्रा, श्याम पासवान, सेमू मांझी, राजकुमार मांझी आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय पुरुष वॉलीबाल टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत के साथ क्वार्टन फाइल में पहुंच गया।

## वनडे के वर्ल्ड चैंपियन को मिलेंगे 33 करोड़ का इनाम

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने भारत में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्राइज मनी का शुक्रवार को ऐलान कर दिया है। इस बार के वर्ल्ड चैंपियन को करीब 33 करोड़ रुपए (4 मिलियन वर डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 17 करोड़ रुपए (2 मिलियन वर डॉलर) से मिलेंगे। आइसीसी इस बार करीब 83 करोड़ रुपए (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की प्राइज मनी बांटने जा रहा है। काउंसिल ने अलग-अलग राउंड के लिए अलग-अलग प्राइज मनी तय की है। वहीं, विनर और रनर अप के अलावा, वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल हारने वाली टीम को करीब 6 करोड़ रुपए और ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली टीम को करीब 82 लाख रुपए मिलेंगे।

### भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम का विजयी सफर जारी, जापान या कजाकिस्तान से मुकाबला आज

# चीनी ताइपे पर 3-0 की जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा भारत

एजेंसी



**हांगझोऊ।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण कोरिया पर शानदार जीत के बाद भारत ने चीनी ताइपे पर एक घंटे 25 मिनट में 25-22, 25-22, 25-21 से जीत दर्ज की और 1-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया। रविवार को भारत का मुकाबला जापान या कजाकिस्तान से होगा। भारत के कप्तान विनीत ने मैच के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चीनी ताइपे एक अनुभवी टीम हैं। वहां के खिलाड़ी तेजी से खेलते हैं। उन्होंने पहले दो सेटों में बढ़त ले ली, लेकिन हमारी टीम ने अच्छा कवर किया और बढ़त छीन ली। हमें चार-सेटर की उम्मीद थी, लेकिन हमारी टीम ने मैन-टू-मैन मार्किंग के साथ अच्छा खेला और काफी सुधार किया। भारत शुरूआत में 6-10 से पिछड़ गया था, लेकिन एरिन वर्गीस ने अंतर को 11-13 तक कम करने में टीम की मदद की। अधिकांश समय तक पिछड़ने के बाद भारत ने अंततः 21-21 से बराबरी कर ली, लेकिन वर्गीस और अश्वल राय ने अंतिम दो अंक जीतकर भारत को बढ़त दिला दी। दूसरे सेट में भारत शुरूआत में 3-0 से आगे था, लेकिन चीनी ताइपे स्कोर 17-17 से बराबर करने में सफल रहा। हालांकि, भारत अंतिम क्षणों में लगातार अंकों के साथ आगे बढ़ता गया और मामले को 25-22 से खत्म कर दिया। निर्णायक गेम में भारत ने सकारात्मक शुरूआत की और एक समय 10-4 से आगे हो गया। चीनी ताइपे 14-14 पर बराबरी करने से पहले इसे 10-12 तक सीमित करने में कामयाब रहा। हालांकि, भारत 21-18 से आगे हो गया और फिर आसानी से 25-21 से मैच अपने नाम कर लिया। सहायक कोच जयदीप सरकार ने कहा कि पाकिस्तान ने भी उन्हें (चीनी ताइपे को) 3-0 से हराया था, इसलिए हम पर उन्हें हराने का दबाव था। कोरिया और चीनी ताइपे पर लगातार जीत के साथ, यह जापान के खिलाफ हमारे मैच से पहले एक अच्छा मनोबल बढ़ाने वाला है।

## खेल से युवाओं को प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसरः संजय यादव

- चनकार खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक, प्रखंड प्रमुख, नगर अध्यक्ष व अन्य।

**हुसैनाबाद।** संघर्षशील युवा फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में प्रखंड के पथरा पंचायत अंतर्गत चनकार कस्तूरी खेल मैदान में शुक्रवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला पतरिया व गजना की टीम के बीच हुआ, जिसमें पतरिया की टीम 3-1 से जीत गई। संचालन राजद प्रदेश प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। मैच का उद्घाटन राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी, मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी, हुसैनाबाद के निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किक मारकर किया। अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों की सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में संजय सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अनुशासन की सीख व प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। स्थानीय प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि खेल में भी जीवन सुरक्षित करने व रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है मेहनत करने की। वहीं, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने अनुशासित खेल का प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों व आयोजन समिति को बधाई दी। इस मौके पर पंसस राजवंश यादव, क्लब के अध्यक्ष तूफान ठाकुर, सचिव कुंदन ठाकुर, नितिन प्रजापति, हरिशंकर दास, अमन कुमार, बिहारी पासवान, रेफरी कवींद्र पासवान, सुमेर राम, मंटू, मिथिलेश व पवन आदि मौजूद थे।

## जयंती पर श्रद्धांजलि



सैंड आर्ट अजय शंकर महतो ने झारखंड के मसीहा विनोद बिहारी महतो की जयंती पर दामोदर तट पर बालू की आकृति बनाकर उनके विचारों को याद किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महिला आरक्षण बिल पास होने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा सदस्यों ने बांटे लड्डू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा और राज्यसभा में सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल के पास हो जाने के बाद शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से रणधीर वर्मा चौक पर मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि इतने वर्षो से लटका यह विधेयक पास करने का हौसला सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा ही संभव था। इस विधेयक का दोनो सदनों में सर्व सम्मति से पास होना यह भी दर्शाता है कि हम चाहे किसी भी दल से हों पहले हम महिला हैं। भारत की सभी महिलाओं को हमारी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। भारत के सांसद भवन के पहले सत्र में महिला शक्ति के विषय में बात होना बहुत ही गर्व की बात है। मौके पर भाजपा महानगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ज्ञानरंजन सिन्हा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीता यादव, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, संजय झा, शकुंतला मिश्रा, बॉबी पांडे, संतोषी आंनद, मधु सिन्हा, किरण और रेखा आदि उपस्थित थीं।

### कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेंद्रा बांसजोडा कोलियरी के 6 नंबर पिट के पास शुक्रवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। केंद्रीय यूनियनों ने 5, 6 और 7 अक्टूबर को हड़ताल की घोषणा की है। मोर्चा नेताओं ने कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रदर्शन किया गया है। कहा कि तीनों दिन मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। मजदूर नेताओं ने चेताते हुए कहा कि जो एरियर का भुगतान किया गया है यदि उसकी कटौती की गई तो मजदूर अंतिम सांस तक लडाई लड़ेंगे। इस मौके पर विजय कुमार यादव, रवि चौबे, प्रवीण कुमार, संजय पांडे, मनोज कुशवाहा, सत्यनारायण यादव, अजय यादव, बबलू पासी, दीपक कुमार, नारायण साव, रामराज भर, धर्मेंद्र दास, मदन रवानी, तिलक सिंह, कल्याणी देवी, विश्वनाथ यादव, ताजुद्दीन, शोभा रजक आदि मौजूद थे।

### माहुरी समाज की बैठक में रक्तदान शिविर को सफल बनाने का निर्णय



**कतरास (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य मंडल की बैठक शुक्रवार को माहुरी समाज भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष शालिनी सेठ ने की। बैठक में 28 नवंबर को आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। माहुरी समाज के सचिव नीरज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष माहुरी समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 76 यूनिट संग्रह किया गया था। इस वर्ष 100 से अधिक यूनिट संग्रह का लक्ष्य है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। इस मौके पर शत्रुघन राम गुप्ता, मनोज राम गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार गुप्ता, रजनी गुप्ता, बीनू गुप्ता, शिखा गुप्ता, कविता गुप्ता, चंचला गुप्ता, संगीता गुप्ता बबलू गुप्ता, विजयानंद गुप्ता, संजय गुप्ता, विजय गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, अंकित भदानी, रितेश कुमार गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, अभिजीत गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

### भजन संध्या में भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री गणेश पूजा समिति रेलवे कॉलोनी के तत्वाधान में गणेश पूजा के अवसर पर गुरुवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। कतरास के आराधना म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश किया। संध्या की शुरूआत गणेश वंदना से की गयी। गणपति बप्पा मोरिया... राम नाम जपते हैं मस्ती में रहते हैं... बेटा बुलाए मां दौड़ी चली आए... आदि भक्ति गीत ने श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरीं। वहीं, भजन संध्या का उद्घाटन जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो, रेल अधिकारी व रेलवे दुर्गा पूजा समिति के सचिव विजय महाजन ने संयुक्त रूप से किया।

**नाराजगी : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने महाप्रबंधक के खिलाफ खोला मोर्चा, धरने पर बैठीं**

# बीसीसीएल प्रबंधन धूल की समस्या से निजात के लिए उठाये सकारात्मक कदम: रागिनी सिंह

**राजापुर परियोजना से निकलने वाली हाइवा से सड़क पर जम रही धूल की मोटी-मोटी परतें**

**उड़ रहे धूल से वाहन चालकों के सामने छा जाता अंधेरा, लोग हो रहे घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता





महाप्रबंधक जयेश चंद्र राय से धरनास्थल पर वार्ता करती रागिनी सिंह। धूल की समस्याओं को लेकर प्रबंधन के खिलाफ सड़क जाम कर प्रदर्शन करती रागिनी सिंह।

**धनसार।** आरएसपी कॉलेज मुख्य मार्ग पर उड़ने वाली धूल से दुकानदार व राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। हाइवा-ट्रक सहित भारी वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। विदित हो कि राजापुर परियोजना से निकलने वाली हाईवा से सड़क पर धूल की मोटी-मोटी परत जम गई है। बरसात के दिनों में उक्त सड़क पर फिसलन होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। गुरुवार की देर रात आरएसपी कॉलेज के समीप सड़क फिसलन होने की वजह से कई लोग घायल हो गए थे। इसकी सूचना भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह को दी गई। इसके बाद शुक्रवार को रागिनी सिंह ने अपने समर्थकों के साथ राजापुर परियोजना पहुंच गई और मुख्य मार्ग पर धरना पर बैठ गई। सभी बीसीसीएल महाप्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। भाजपाइयों के धरना के चलते यातायात ठप हो गई। इसकी सूचना मिलते ही बस्ताकोला के महाप्रबंधक जयेश चंद्र राय, कार्मिक प्रबंधक नागेंद्र यादव और एमएम पाठक धरना स्थल पर पहुंच गये। वहां रागिनी सिंह से वार्ता की। इस विषय में कार्यालय में वार्ता करने का आग्रह किया। इसके बाद रागिनी सिंह महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची और उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। इस पर महाप्रबंधक ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन इस मामले को लेकर गंभीर है। सड़क पर उड़ रहे धूल की सफाई को लेकर प्रयासरत है। हमने अपने कर्मियों को भी लगा रखा है। रागिनी सिंह ने महाप्रबंधक को बताया कि उन्होंने इस विषय को धनबाद के डीसी को भी संज्ञान में दिया है। उनकी तरफ से भी भरपूर सहयोग का आश्वासन मिला है। यदि बीसीसीएल प्रबंधन डीसी से इस विषय को लेकर बात करती है तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस गंभीर मामले का हल निकाल लिया जाएगा।

## छात्रों में सकारात्मक व्यवहार और सोच को बढ़ावा देने की है जरूरत : प्राचार्य

**डीएवी-6 में हैप्पी टीचर्स क्रिएट हैप्पी क्लासरूम विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सीबीएससी के दिशा निर्देशन में नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षकों के लिए इन हाउस कार्यशाला के अधीन हैप्पी टीचर्स क्रिएट हैप्पी क्लासरूम विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता रिसोर्स पर्सन नागेंद्र प्रसाद एवं मनोज मिश्रा शआमिल हुए। प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी रिसोर्स पर्सन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के मन में अध्यापक के प्रति जो भय की भावना है उसे दूर किया जा सकता है। शिक्षक खेल-खेल में बच्चों को पढ़ा सकते हैं और कक्षा में एक खुशनुमा माहौल तैयार कर कक्षा को रोचक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक कक्षा का माहौल खुशनुमा होना चाहिए। अगर बच्चे खुश हैं तो कक्षा में बेहतर तरीके से पाठ को सीख सकते हैं। छात्रों में साकारात्मक व्यवहार एवं साकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कक्षा छात्र केंद्रित होना चाहिए। वहीं, रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित नगेंद्र प्रसाद एवं मनोज मिश्रा ने शिक्षण के नये तरीके बताए। धन्यवाद ज्ञापन मनीषा सहाय ने किया।

## रैयतों के नियोजन-मुआवजा पर सात दिनों में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो करेंग चक्का जाम : दीपनारायण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया-3 के क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से स्थानीय ग्रामीणों के चार एकड़ पैतृक जमीन पर कब्जा कर उत्खनन करने, नियोजन पुनर्वास व मुवावजा दिए जाने के लिए टाल मटोल किये जाने से नाराज जदयू के प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी है। कहा कि सात दिनों के भीतर इन रैयतों का मुवावजा और नियोजन पर ठोस पहल नहीं किया गया तो कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया जाएगा। शुक्रवार को दीपनारायण द्वारा श्यामडीह स्थित स्थानीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आजकल स्थानीय रैयत बीसीसीएल प्रबंधन के तानाशाही रवैये के शिकार होते रहे हैं। आये दिन ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे रहे हैं जिसमें बीसीसीएल प्रबंधन जबरन रैयतों की जमीन कब्जा कर उसपर उत्खनन कर रहा है, जबकि रैयतों को न तो मुआवजा मिलता है और न ही जमीन के बदले नियोजन। ऐसा ही एक रैयत है गंगाराम शर्मा जिनकी जमीन बीसीसीएल एरिया 03 गोविंदपुर प्रबंधन ने सोनारडीह मौजा में अधिग्रहण तो कर लिया पर अबतक मुआबजा और नियोजन देने को लेकर टालमटोल कर रही है। पुनर्वास के लिए बरोरा थाना क्षेत्र के सिंदवारटांड स्थित मांझी की जमीन देकर भी अभी तक मालिकाना हक नहीं दिला पाया है जो सबसे बड़ा धोखाधड़ी कहा जा सकता है। यह सिलसिला कई दशकों से चल रहा है। जिसे अब हमलोग बर्दास्त नहीं करेंगे।

**स्वच्छता सेवा कार्यक्रम के तहत मैथन में निकाली गयी जागरूकता रैली**

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सबका सहयोग जरूरी : विनोद कर्मकार

आजाद सिपाही संवाददाता




स्वत्छता को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली में शामिल लोग।

**चिरकुंडा।** स्वच्छता जीवन का मूल मंत्र है। जिससे मानव जीवन के प्रति पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। हम जहां भी है वहां अपने आस पास के स्थानों को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेवारी है। प्रकृति ने हमें बहुत ही अनमोल खजाने दिए है जिसे सहेजना अत्यंत जरूरी है। उक्त बातें एग्यारकुंड के बीडीओ विनोद कर्मकार ने कही। वे शुक्रवार को स्वच्छता जागरूकता रैली में लोगों के बीच संदेश अपील करते हुए कह रहे थे। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जो 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाया जाएगा। आम जनता को जागरूक एवं प्रेरित करने के उद्देश्य से यह जागरूकता रैली निकाली गई है। जिसके तहत लोगों को यह संदेश देना चाहेंगे कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। अपने आसपास स्वच्छ व सफाई की विशेष ख्याल रखें। नदी नालों में पूजा सामग्री और केमिकल से बनी हुई मूर्तियां, पॉलिथीन आदि ना फेंकें। स्वच्छता जागरूकता रैली मैथन मेनगेट से मैथन डैम तक एगयारकुड वीडियो विनोद कुमार कर्मकार के नेतृत्व में निकाली गई। लोगों ने स्वच्छता सेवा का संकल्प लिया। पद यात्रा में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया, समस्त बीपीओ, सहायक अभियंता बहादुर मुर्म आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत वाहन पार्किंग शुल्क वसुली हेतु निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती एक वर्ष के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 29.09.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी। वह डाक दिनांक 30.09.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्रमांक | सैरातों का नाम | सरकारी डाक राशि | जमानत राशि (सरकारी डाक राशि का 35% ) |
|---|---|---|---|
| 1 | कोयल रिभर फ्रंट (गिरिवर स्कूल से शिवाला मंदिर तक) | 15,00,000.00 | 5,25,000.00 |
| 2 | कचहरी कैम्पस (कचहरी मुख्य गेट से बन्दोबस्त कार्यालय, जिला परिषद के सामने वन विभाग के गेट तक) | 8,00,000.00 | 2,80,000.00 |
| 3 | सरकारी बस स्टैण्ड | 15,00,000.00 | 5,25,000.00 |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

उप नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 307551 District(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

**अति अल्पकालीन "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण सूचना**

विभागीय राज्योदश सं0 12, दिनांक 06.07.2023 के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2023–2024 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत रामगढ़ जिला के जलाशयों में तथा पुराने आर0 एफ0 एफ0 में मेजर कार्प तथा ग्रास कार्प के बीजों के संचयन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प के बीजों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता – बीज उत्पादकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आंमत्रित की जाती है –

1. मेजर कार्प 0.75 प्रति पीस एवं ग्रास कार्प 1.50 प्रति पीस के दर निर्धारित है, स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को जो इस वर्श विभागीय स्पॉन प्राप्त कर मत्स्य अंगुलिका तैयार किये है उन्हे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. मेजर कार्प अंगुलिका एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकत्तम 02 लाख मत्स्य अंगुलिका ही क्रय किये जाएँगे।
3. मत्स्य अंगुलिका का जलाशय में संचयन उपायुक्त महोदय द्वारा गठित समिति एवं जलाशय के निबंधित सहयोग समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा।
4. स्थल निरीक्षण के उपरान्त भंडारित बीज की गुणवत्ता के आलोक में आपूर्तिकर्त्ता बीज उत्पादक के चयन पर अन्तिम निर्णय लिया जाएगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा स्वतः परिवहन कर रामगढ़ जिला के भैरवा एवं नलकरी जलाशय तक गुणवक्तायुक्त स्वास्थ्यकर अवस्था में बीज की गणना कर समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को संचयन करना होगा।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता –सह– बीज उत्पादक (जिनके पास बीज भंडारित है) जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ से निःशुल्क प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 09.10.2023 तक "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आवेदन जमा कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 307532 (Fish) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 05 (Untied)/RCD/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 04.10.2023 से 05.10.2023 तक कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 06.10.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निधि : राज्य योजना अनाबद्द निधि
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 06.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची, इंजिनीयरिंग हॉस्टल, नं0–2, धूर्वा, रॉंची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 6 पर वर्णित स्थान
8. कार्य विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्णता की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दा किला एवं महादेव मठ में हयुम पाईप पुलिया निर्माण कार्य। | 24,92,062=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 31.12.2023 |
| 2 | महादेव मठ में जानकी दास समाधी के पास बरसाती नाला पर पुलिया–सह–क्रॉस ड्रेनेज निर्माण कार्य। | 14,93,975=00 | 5,000=00 | 30,000=00 | 31.12.2023 |
| 3 | सुकेश यादव के घर के पास पुलिया निर्माण (पहूँच पथ सहित) का कार्य। | 24,94,603=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 31.12.2023 |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in, एवं कार्यालय से सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट : (1) परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 307492 Road (23-24)_D

## कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या – 05/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक – 03.10.2023 एवं 04.10.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 06.10.2023 को 3:00 बजे अपराहन तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 06.10.2023 को 3:30 बजे अपराहन में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत लचड़ागढ़ पंचायत के रा0उ0म0वि0 लचड़ागढ़, रा0म0वि0 कोम्बाकेरा एवं रा0म0वि0 हरिजन कॉलोनी, लचड़ागढ़ में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 2 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0म0वि0 पोगलोया, रा0उ0म0वि0 कुदाबेड़ा एवं रा0उ0म0वि0 रामजड़ी में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 3 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0उ0म0वि0 ऐडेगा, रा0प्रा0वि0 ऐडेगा पहानटोली एवं रा0प्रा0वि0 रामजड़ी मुण्डाटोली में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |
| 4 | कोलेबिरा प्रखण्ड अर्न्तगत ऐडेगा पंचायत के रा0प्रा0वि0 रामजड़ी पहानटोली, रा0प्रा0वि0 बेड़टोली एवं रा0प्रा0वि0 मुण्डूटोली काल्हाटोली में Model School निर्माण कार्य। | कोलेबिरा | 7.12800 | 14300 | 1250 | |

8. निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 307511 NREP (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को संसद में गालियां दीं

नयी दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार 21 सितंबर को चंद्रयान पर चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बसपा सांसद कुंवर दानिश अली को गालियां दीं और अभद्र व्यवहार किया। हालांकि, सदन की कार्यवाही से बिधूड़ी के अपशब्दों को हटा दिया गया है। बिधूड़ी के इस दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भाजपा ने भी रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सदन में खेद जताया था। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल बिधूड़ी के सदन से निलंबन की मांग कर रहे हैं।

### जम्मू में पहली बार हुआ भारतीय वायुसेना का एयर शो

श्रीनगर। जम्मू एयरफोर्स स्टेशन में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो हुआ। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के 76 साल पूरे होने और जम्मू वायु सेना स्टेशन की डायमंड जुबली पर पहली बार इस तरह के शो का आयोजन किया गया। इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबैटिक टीम हॉक एमके 132 विमान से देश की ताकत दिखायी। इसके अलावा कई और करतब दिखाये गये।

# भारत की अध्यक्षता ने जी-20 को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मंच बनने में मदद की : अमिताभ कांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी-20 शेरपा अमिताभ कांत का कहना है कि हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के नयी दिल्ली डिक्लेरेशन में जियो-पॉलिटिक्स से जुड़े प्रस्ताव पर आम सहमति बनाकर भारत ने स्वयं को एक मजबूत बहुपक्षीय वार्ताकार के रूप में साबित किया है।

नयी दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए जी-20 शेरपा ने कहा कि किसी शर्त या अध्यक्षीय सारांश के बिना 100 प्रतिशत सर्वसम्मत दस्तावेज तैयार करना बहुपक्षीय मंचों के इतिहास में अभूतपूर्व घटना है।

इस अहम दस्तावेज को तैयार करने की प्रक्रिया बताते हुए कांत ने कहा कि जी-20 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में स्वीकार किये गये जी-20 डिक्लेरेशन पर पर आम सहमति बनाने के लिए भारतीय राजनयिकों की एक टीम ने 200 घंटे से भी ज्यादा समय तक लगातार चर्चा की। उन्होंने कहा कि चूंकि किसी भी मंत्रिस्तरीय बैठक में आम सहमति नहीं बन पायी थी और सभी के पास सिर्फ फुटनोट थे, इसलिए नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन के नतीजों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया शुरू में काफी आशंकित था।




शेरपा ने कहा कि नयी दिल्ली से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानेसर में बहुत गहरी बातचीत हुई। शुरू से ही हमारा रुख यह था कि जी-20 में किसी तरह का विभाजित मत हम स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि डिक्लेरेशन को स्वीकार करने से पहले कई उतार-चढ़ाव आये, क्योंकि रूस के साथ-साथ जी-7 भी कई चीजों को शामिल करना चाहता था, लेकिन ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और बाद में इंडोनेशिया जैसे विकासशील देशों के शेरपाओं ने आम सहमति बनाने में भारत को सहयोग दिया। बाद में सऊदी अरब, मैक्सिको, अर्जेंटीना और तुर्की के शेरपा भी आम सहमति के लिए हमसे जुड़ गये।

अमिताभ कांत ने कहा कि इस दौरान हमने जी-20 में शामिल तथा आमंत्रित देशों के विचारों को ध्यान में रखते हुए कई मसौदे तैयार किये। हम नयी दिल्ली डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और काम करने वाला बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

शेरपा ने कहा कि भारत की अध्यक्षता ने यह बताया कि विश्व में जी-20 संयुक्त राष्ट्र से भी अधिक शक्तिशाली बहुपक्षीय मंच हो सकता है। जी-20 में शामिल देश दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और दुनिया की सकल घरेलू उत्पाद में इनका 85 प्रतिशत योगदान है।

**शिखर सम्मेलन की खास बातें :** अमिताभ कांत ने कहा कि जी-20 डिक्लेरेशन में पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विश्वदृष्टिकोण, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, मानव-केंद्रित प्रगति, जीवन, समावेशिता और परिणामदायक काम की स्थायी छाप है। इस डिक्लेरेशन के साथ ही जी-20 में अफ्रीकी संघ के प्रवेश ने भारत को ग्लोबल साउथ के चैंपियन के रूप में स्थापित किया है।

शेरपा ने बताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान कुल 112 फैसले हुए। ये इंडोनेशिया की अध्यक्षता के दौरान हुए फैसलों से दोगुने से भी ज्यादा हैं। इंडोनेशिया की 2022 अध्यक्षता में 50 और इटली की 2021 की अध्यक्षता में 65 फैसले ही हुए थे, जबकि इनसे पहले जिन देशों के पास अध्यक्षता रही, उस दौरान 20 -30 के बीच ही फैसले हो पाते थे।

**विशेष रही भारत की अध्यक्षता :** शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को इस दौरान दर्शायी गयी विविधता के लिए याद किया जायेगा। कांत ने कहा कि हमारी जी-20 अध्यक्षता बंद कमरों तक सीमित नहीं थी। देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को कवर करने वाले 60 शहरों में जी-20 की 220 से अधिक बैठकें आयोजित की गयीं। इसके जरिए दुनिया के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित की गयी।

# ओड़िशा विधानसभा में मैडम स्पीकर युग शुरू

- प्रमिला मलिक स्पीकर की कुर्सी पर बैठनेवाली पहली महिला स्पीकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा विधानसभा में प्रमिला मलिक पहली महिला स्पीकर बनीं। प्रमिला मलिक ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद प्रमिला मलिक को बधाई दी। नवीन पटनायक ने यह भी कहा कि ओड़िशा को अपनी पहली महिला अध्यक्ष मिली है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। विपक्ष के नेता ने भी अध्यक्ष को बधाई दी और उनसे सदन में निरपेक्षता की नीति अपनाने को कहा। स्पीकर पद की शपथ लेने के बाद प्रमिला मलिक ने सभी को धन्यवाद दिया। प्रमिला ने सभी से सदन की गरिमा की रक्षा करने का आग्रह किया। अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने सभी से सदन चलाने में सहयोग करने को कहा।

# पुरी-राउरकेला-पुरी के बीच कल दूसरी वंदे भारत ट्रेन को पीएम मोदी दिखायेंगे हरी झंडी


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को देश भर में आठ और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ-साथ पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस का वस्तुतः उद्घाटन करेंगे। प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक वंदे भारत एक्सप्रेस, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता का प्रमाण है। यह वंदे भारत भारत की पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन की गयी सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है। ओड़िशा के कुछ प्रमुख शहरों जैसे भुवनेश्वर, कटक और संबलपुर को जोड़ने वाली यह ट्रेन पुरी और राउरकेला के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी और तीर्थयात्रियों, व्यापारियों, छात्रों और पर्यटकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी। यह दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ के पवित्र शहर पुरी को स्टील सिटी राउरकेला से जोड़ेगी और रास्ते में राजधानी शहर भुवनेश्वर, अंगुल के औद्योगिक क्षेत्र और झारसुगुड़ा को भी जोड़ेगी। यह प्रीमियम सेवा पुरी-राउरकेला के बीच सबसे तेज रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी से राउरकेला तक 505 किलोमीटर की दूरी 7 घंटे 45 मिनट में तय करेगी। ट्रेन नंबर 20836 पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी से 05.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 12:45 बजे राउरकेला पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 20835 राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस राउरकेला से 14:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 21.40 बजे पुरी पहुंचेगी। ट्रेन रास्ते में खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, ढेंकानाल, तालचेर रोड, अंगुल, रेढ़ाखोल, संबलपुर सिटी और झारसुगुड़ा स्टेशन में रुकेगी। यह वंदे भारत सेवा पुरी-राउरकेला के बीच चलने वाली अन्य ट्रेनों की तुलना में औसत यात्रा समय को काफी कम कर देगी। पुरी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 11.50 घंटे लेती है और पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 10.25 घंटे लेती है।












# 28,200 करोड़ का अतिरिक्त बजट पेश



- सदन में वित्त मंत्री बिक्रम केशरी अरुख ने पेश किया बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य विधानसभा में शुक्रवार को अतिरिक्त बजट पेश किया गया। 28, 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट उपस्थापना किया गया है। वित्त मंत्री विक्रम केशरी अरुख द्वारा 2023-24 अनुपूरक बजट पेश किया गया है। इस अतिरिक्त बजट में पंचायतीराज एवं पेयजल विभाग के लिए 4083 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है।

आपदा राहत के लिए 4,698 करोड़ रुपये, स्कूलों और गण शिक्षा के लिए 2,882 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 4,067 करोड़ रुपये। स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1,327 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है। अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए 1,355 करोड़ रुपये, मिशन शक्ति पर 783 करोड़ रुपये रुपये खर्च होंगे। इसी तरह ग्रामीण विकास के लिए अतिरिक्त बजट से 897 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय लिया गया है। ओड़िशा में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए 210 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी गयी है। इसी तरह मधुबाबू पेंशन योजना के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री ग्रामसड़क योजना के लिए 550 करोड़, ओड़िशा आदर्श विद्यालय के लिए 106 करोड़, स्मार्ट सिटी योजना के लिए 100 करोड़, आम ओड़िशा नवीन ओड़िशा के लिए एक हजार तीन शो दो करोड़ आवंटित किये गये हैं।

# खोरधारोड रोड मंडल का स्वच्छता पखवाड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** खोरधारोड रोड मंडल 16 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। इसमें रेलवे स्टेशनों, स्टेशन परिसरों, ट्रेनों, कार्यालयों, कैंटीन, खाद्य स्टालों और रेलवे आवासीय कॉलोनियों आदि में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ की गयी। एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने सभी शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध होने और आम जनता को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए स्वच्छता शपथ दिलायी। मंडल के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलायी गयी।

हाउस कीपिंग असिस्टेंट और यात्री सेवाओं से जुड़े अन्य विभागीय कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए स्वच्छ संवाद के तहत विशेष कार्यशालाएं, वेबिनार, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जहां स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक के एकल उपयोग से बचने के बारे में जागरूक कराया जाता है। स्वच्छ रेलगाड़ी के तहत ट्रेनों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और यात्रियों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शौचालयों की साफ-सफाई सहित ट्रेन की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों का निरीक्षण किया गया। ऑनबोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ (ओबीएचएस) स्टाफ की वर्दी और सभी सुरक्षात्मक गियर के साथ उपलब्धता की भी जांच की गयी। ट्रेनों में ऑनबोर्ड हाउस कीपिंग सेवा के संबंध में यात्रियों से फीडबैक लिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, खोरधा रोड मंडल ने रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालय भवनों और रेलवे कॉलोनियों में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों की योजना बनायी है।












# बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित मुख्य अतिथि बाल मुकुंद सहाय पूर्व आइजी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडिह जिला अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा ने 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया। इसके अंतर्गत प्रत्येक बूथ का सत्यापन, शक्ति केंद्रों के सत्यापन एवं मंडल का सत्यापन करना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि बाल मुकुंद सहाय रहे तथा पूर्व आइजी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, भाजपा ज़िला अध्यक्ष और सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**